नई दिल्ली
गुरुवार, 13 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 305
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 27
न्यून. 14

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## पूर्व से जारी पुराना 50 का नोट चलन में रहेगा
### बाजार में जल्द आएगा 50 रुपए का नया नोट


नोट में नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 रुपए मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी करेगा। केंद्रीय बैंक ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। मल्होत्रा ने दिसंबर 2024 में शक्तिकांत दास की जगह ली। आरबीआई ने बयान में कहा कि इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 50 रुपए के नोटों के समान है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से पूर्व में जारी किए गए 50 रुपए मूल्यवर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

### चुनाव से पहले दिए जाने वाले फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# फ्री मिल रहे राशन-पैसे, इसलिए नहीं कर रहे लोग काम, ऐसे क्या हम परजीवी वर्ग तैयार नहीं कर रहे ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव से पहले फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त में राशन मिल रहा है। बिना काम किए पैसे मिल रहे हैं..इस वजह से लोग काम करना से बचना चाह रहे हैं। ऐसे क्या हम परजीवी वर्ग तैयार नहीं कर रहे?

सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी बेघरों के लिए आश्रय की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान आई। कोर्ट ने बुधवार को शहरी गरीबी उन्मूलन जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि मुफ्त में सामान देने से लोगों में काम करने से बचना चाह रह हैं। लोगों को बिना काम किए पैसे मिल रहे हैं। ऐसे में उन्हें मुख्यधारा में लाने के प्रयास किया जाना चाहिए। ताकि, वे देश के विकास में अपना योगदान दे सकें और काम कर सकें। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर ▶▶ शेष पेज 5 पर



*ऐसे लोगों को मुख्यधारा में लाने के प्रयास किया जाना चाहिए। ताकि वे देश के विकास में अपना योगदान दे सकें और काम कर सकें*

### बेघर आबादी के राज्यव्यापी आंकड़ों को मंत्रालय सत्यापित करें

इस दौरान कोर्ट ने केंद्र-गृह मंत्रालय और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों को सत्यापित करने का निर्देश दिए। जो शहरी बेघर आबादी की राज्यव्यापी स्थिति को दर्शाता है। इसके अलावा, इसने केंद्र को शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन योजना के कार्यान्वयन पर विवरण बताते हुए अपना जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही, केंद्र सरकार से यह पूछने का निर्देश दिया कि शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन कितने समय में लागू किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई छह सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी।

### याचिकाकर्ता ने कहा- सिर्फ अमीरों की चिंता की जा रही

याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने पीठ को बताया कि सरकार ने शहरी इलाकों में आश्रय स्थल की योजना को बीते कुछ वर्षों से फंड देना बंद कर दिया है। इसके चलते इन सर्दियों में 750 से ज्यादा बेघर लोग ठंड से मर गए। याचिकाकर्ता ने कहा कि गरीब लोग सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं हैं और सिर्फ अमीरों की चिंता की जा रही है। इस टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि अदालत में राजनीतिक बयानबाजी की इजाजत नहीं दी जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आज पेश हो सकता है इनकम टैक्स विधेयक



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2025 को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश का बजट पेश किया था। अपने बजट भाषण में नए इनकम टैक्स बिल की घोषणा की थी, जिसे कैबिनेट ने पिछले हफ्ते मंजूरी दे दी थी। देश का नया इनकम टैक्स बिल गुरुवार को संसद में पेश किया जा सकता है।

### खुदरा महंगाई दर घटकर 4.31 % पर



**नई दिल्ली।** बीते माह जनवरी के महीने में खुदरा महंगाई पर थोड़ी राहत मिली है। इस दौरान खुदरा महंगाई घटकर 4.31 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में 5.22 और पिछले साल जनवरी में 5.1 % थी। खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी में 6.02 प्रतिशत रही।

### एलसीए 50 हजार फीट तक उड़ने में सक्षम



**बेंगलुरु।** एयरो इंडिया के तीसरे दिन बुधवार को येलाहेंका एयरबेस पर आधुनिक लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों का प्रदर्शन किया। इस मौके पर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की तरफ से बनाया गया लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) केंद्र में रखा गया, जो 50,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम है। वहीं, एचएएल का लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर आकर्षण का केंद्र बना।

### बैठक के बाद दोनों देशों के बीच किए गए 9 समझौतों पर हस्ताक्षर

# मोदी-मैक्रों की बैठक में रणनीतिक साझेदारी आतंकवाद और वैश्विक चिंताओं पर किया मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच बुधवार को फ्रांस में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच मौजूद द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में एक ओर द्विपक्षीय सहयोग को भविष्य में और अधिक मजबूती प्रदान करने पर सहमति जताई।

वहीं, रणनीतिक साझेदारी, आतंकवाद, व्यापार-निवेश को बढ़ाने, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सहयोग बढ़ाने, हिंद-प्रशांत की चुनौती सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को प्रगाढ़ बनाने और वैश्विक चुनौतियों के समाधान जैसे विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बैठक के अंत में दोनों देशों के बीच कुल 9 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। यह जानकारी बैठक के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संयुक्त ▶▶ शेष पेज 5 पर

*दोनों नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी संयुक्त बयान से मिली यह जानकारी*



### लांच हुआ भारत-फ्रांस एआई रोडमैप

संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत और फ्रांस के राष्ट्राध्यक्षों ने अपनी बातचीत के बाद यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्रवाई करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया कि अंतरराष्ट्रीय कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र सार्वजनिक हित में लाभकारी सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरण संबंधी परिणाम प्रदान करे। दोनों ने द्विपक्षीय सहयोग में हासिल हुई प्रगति की सराहना की और इसे और अधिक बढ़ावा देने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस एआई रोडमैप लांच किया। इसका मुख्य आधार एक सुरक्षित, भरोसेमंद एआई के विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। वार्ता में 2024 में फ्रांस के राष्ट्रपति की भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के शामिल होने और उसके पूर्व में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूएनएससी में सुधार की वकालत की

दोनों नेताओं ने एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण वैश्विक व्यवस्था को बनाने, अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान, तकनीकी, आर्थिक क्षेत्रों और उभरते विकास के लिए दुनिया को तैयार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की

दोनों ने सीमा पार आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की। इसमें इसे बढ़ावा देने के लिए वित्तीय मदद प्रदान करने वाले नेटवर्क और आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मजबूत होगी रणनीतिक साझेदारी

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत-फ्रांस के बीच मौजूद व्यापक रणनीतिक साझेदारी के मुद्दे पर चर्चा की। 2024 में रक्षा औद्योगिक रोडमैप पर बनी सहमति का दोनों ने स्वागत किया। साथ ही स्कॉर्पीन पनडुब्बियों और उनके लिए डीआरडीओ के साथ मिलकर बनाए जा रहे एआईपी को लेकर जारी प्रगति की सराहना की तथा भावी पी-75 एएस पनडुब्बियों से जुड़े इंटीग्रेटेड कॉम्बेट सिस्टम के विश्लेषण का आकलन किया। मिसाइल, हेलिकॉप्टर और जेट इंजन को लेकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूक्रेन युद्ध पर हुई चर्चा

वैश्विक मुद्दों पर दोनों नेताओं ने विस्तार से चर्चा की। इसमें पश्चिम एशिया और यूक्रेन युद्ध का मुद्दा शामिल है। इनमें समन्वय के लिए लगातार अपने प्रयासों को जारी रखने और निकटता से जुड़े रहने पर सहमति प्रदान की। इसके अलावा भारत के प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति ने एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और सुरक्षित हिंद-प्रशांत के गठन को लेकर अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

### स्पेस, व्यापार क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा

दोनों नेताओं ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को लगातार गहरा करने पर रजामंदी प्रकट की। 2025 में दोनों देशों के बीच सामरिक अंतरिक्ष संवाद का तीसरा सत्र आयोजित किया जाएगा। सीएनईएस और इसरो के बीच भागीदारी की दोनों ने सराहना की। नागरिक उड्डयन ▶▶ शेष पेज 5 पर

*पेरिस में भारत-फ्रांस 14वें सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री मोदी*

# भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनें फ्रांस की कंपनियां: पीएम मोदी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में 14 वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से भारत की विकास यात्रा में प्रदान की जा रही अपार संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए फ्रांस की कंपनियों को आमंत्रित किया।

रक्षा, ऊर्जा, हाईवे, सिविल एविएशन, स्पेस, हेल्थकेयर, फिनटेक और सतत विकास जैसे क्षेत्रों की ओर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत की प्रतिभा, कौशल को दुनिया ने सराहा

पीएम ने अपने संबोधन में भारत की प्रतिभा, कौशल, नवाचार सहित हाल ही में जारी किए गए एआई, सेमीकंडक्टर, क्वांटम, क्रिटिकल मिनरल्स और हाइड्रोजन मिशन और कौशल को मिल रही दुनियाभर की प्रशंसा और उनके द्वारा जाहिर की जा रही रुचि की सराहना की। उन्होंने फ्रांस की कंपनियों से साझा विकास और समृद्धि के लिए भारत से भागीदारी करने का आह्वान किया। उक्त क्षेत्रों में बढ़ती हुई गतिविधियों को लेकर प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच नवाचार, निवेश और तकनीक आधारित भागीदारी को बढ़ावा मिलने को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की। फोरम की शुरुआत में हालांकि दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम को संबोधित भी किया। रक्षा, एयरोस्पेस, क्रिटिकल एंड एमर्जिंग टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग, एआई, लाइफ साइंसेज, वैलनेस एंड लाइफस्टाइल और फूड एंड ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत-फ्रांस के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंध

प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक और आर्थिक सहयोग बढ़ रहा है। इसे भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी से और अधिक बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने भारत के एक उभरते हुए आकर्षक वैश्विक निवेश स्थल बनने का जिक्र करते हुए कहा कि यह उसकी स्थायी राजनीति और संभावित नीति तंत्र पर आधारित है। बजट में घोषित सुधारों के बारे में बताते हुए पीएम ने खासतौर पर इंश्योरेंस क्षेत्र में खोली गई शत प्रतिशत ▶▶ शेष पेज 5 पर

*हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने आठ पन्नों में दिया पार्टी के नोटिस का जवाब*

## कहा- पहले ठंडे पानी से नहाया, फिर रोटी खायी और उसके बाद जवाब लिखा



■ बोले विज पार्टी को और किसी बात का जवाब चाहिए तो बतायें, जवाब दूंगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार के मंत्री अनिल विज ने अपनी पार्टी भाजपा की तरफ से दिए कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया है। उन्होंने आठ पन्नों में अपना जवाब दिया है। ज्ञात हो कि हरियाणा भाजपा ने अपने मंत्री अनिल विज को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यह नोटिस मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर उनकी हालिया टिप्पणियों के बाद जारी हुआ था। विज ने आठ पन्नों में अपना जवाब दिया है।

पार्टी के कद्दावर नेता व सात बार के विधायक अनिल विज अपनी बेबाकी के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती इलाके में निजी क्षेत्र को भूमि आवंटित करने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान सीमा के एक किमी के अंदर बेहद संवेदनशील इलाके में सोलर एनर्जी के लिए भूमि निजी कंपनी को भूमि आवंटित किए जाने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, जयराम रमेश ने सोशल मीडिया 'एक्स' के सहारे संयुक्त हमला किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने 3 सवाल दागे। उन्होंने पूछा, क्या ये सही है कि प्रधानमंत्री ने अपने 'डियर फ्रेंड' को पाकिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय सीमा से महज एक किमी पहले एक बेहद स्ट्रेटजिक लैंड बॉर्डर सिक्योरिटी रूल्स को रिलैक्स करते हुए गिफ्ट किया है? दूसरे सवाल में उन्होंने पूछा कि क्या ये सही नहीं है कि केवल पाकिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

## हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्रों का प्रतिनिधिमंडल लोकसभा अध्यक्ष से मिला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि भारत न केवल दुनिया को व्यापार और निवेश के अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों और वैश्विक मामलों में नेतृत्व और समाधान भी प्रदान कर रहा है। संसद भवन परिसर में 16 देशों के 100 से अधिक सीईओ, व्यवसायी और संस्थापकों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए बिरला ने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दृष्टिकोण के साथ भारत राजनीतिक स्थिरता और अच्छे शासन के साथ वैश्विक नेतृत्व में मुख्य भूमिका निभा रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक नेतृत्व में गहरी रुचि दिखाई



हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बातचीत में बिरला ने कहा कि भारत का संविधान और संसदीय लोकतंत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शांति, विकास और प्रगति की नींव हैं। उन्होंने देश की दिशा और समृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मददगार, भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के महत्व पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

*ब्रेन हेमरेज के बाद उन्हें लखनऊ पीजीआई में भर्ती किया था*

## राम मंदिर के पुजारी सत्येंद्र दास का निधन, 33 साल तक की रामलला की सेवा, आज सरयू में 'जलसमाधि'

पीएम नरेंद्र मोदी ने भी शोक जताया, कहा- वे हमेशा भगवत सेवाओं के लिए याद रखे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 85 साल की उम्र में लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।



सत्येंद्र दास काफी समय से मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से जूझ रहे थे। 3 फरवरी को स्ट्रोक के कारण उनकी हालत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें पीजीआई के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रामलला की मूर्ति को बचाया था

आचार्य सत्येंद्र दास ने बाबरी मस्जिद विध्वंस के दौरान रामलला की मूर्ति को बचाया था। उन्होंने कहा था कि वह उस समय वहीं मौजूद थे और रामलला को बचाने में लगे हुए थे। दास ने बताया था कि कैसे 6 दिसंबर को उन्होंने रामलला की मूर्ती को विध्वंस से बचाया था। जब उत्साहित कार सेवक विवादित ढांचे को तोड़ने लगे थे उस समय मैंने भोग लगाकर रामलला का पर्दा बंद कर दिया था। आचार्य सत्येंद्र दास ने 1975 में संस्कृत विद्यालय से आचार्य की उपाधि प्राप्त की थी।

मप्र की उद्योग एवं निवेश नीतियां निवेश के लिए फ्रेंडली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र की उद्योग एवं निवेश नीति निवेशकों के लिए फ्रेंडली है। हम स्टार्ट अप्स को विशेष महत्व दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मप्र में जमीन दिल्ली की तुलना में एक बटे 40 गुना और मुंबई की तुलना में एक बटे 100 गुना सस्ती है। मप्र में सभी सेक्टर में विशेष रूप से टैक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश की बड़ी संभावना है। हम ▶▶ शेष पेज 5 पर

*मप्र के सीएम डॉ. यादव ने जीआईएस-2025 के कर्टन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों से कहा-*

## 'टैक्सटाइल' के क्षेत्र में निवेश की बड़ी संभावना, इसमें 200 प्रतिशत इंसेंटिव

नई दिल्ली में उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन और राउंड टेबल मीटिंग






### मप्र को नवाचार और औद्योगिक क्रांति का केंद्र बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय लोग उद्योगपतियों से मिलने में झिझक महसूस करते थे। हमने उस धारणा को बदला है। हम ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 40 देशों के राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि भी आए

कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की, जिसमें नई दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों के निवेशक शामिल हुए। साथ ही 40 देशों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मप्र रणनीतिक निवेश गंतव्य के रूप में उद्योग जगत की पहली पसंद

सीआईआई नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन और जेके सीमेंट के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि मप्र की रणनीतिक स्थिति, निवेश अनुकूल नीतियां और सुगम प्रक्रियाएं इसे निवेशकों के लिए आकर्षक स्थल बनाती हैं। उन्होंने बताया कि जेके सीमेंट ने वर्ष 2016 में कटनी में वॉल पुट्टी प्लांट की स्थापना के साथ प्रदेश में अपनी औद्योगिक यात्रा शुरू की थी। इसके बाद उज्जैन और पन्ना में भी संयंत्र स्थापित किए गए। हाल ही में कंपनी ने पन्ना में 3 हजार करोड़ रुपए निवेश ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एक ऋषिकेश और दो दिल्ली से पकड़े

# कल्याण ज्वेलर्स में एक करोड़ की चोरी का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लाजपत नगर में कल्याण ज्वैलर्स में चोरी का मास्टरमाइंड ऋषिकेश से गिरफ्तार किया गया है। दो अन्य आरोपी दिल्ली से पकड़े गये। पुलिस ने दावा किया कि 500 सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद आरोपियों का सुराग मिला था। इनसे चोरी हुई ज्वैलरी भी बरामद हो गई है।

साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड की पुलिस टीम ने कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने मास्टर माइंड सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक करोड़ की डायमंड ज्वैलरी भी बरामद कर लिया है।

डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपियों के नाम शोएब उर्फ लाला, सुमित सोनी और मानिक कदम है। आरोपी भलस्वा डेयरी, मदनगीर और तिगड़ी इलाके के रहने वाले हैं। शोएब पहले से पांच मामलों में और सुमित दो मामलों में शामिल रहा है। इनके पास से 100 ग्राम डायमंड, 10 ग्राम का गोल्ड चैन और 57 ग्राम फाइन क्वालिटी का गोल्ड बरामद किया गया है। इसकी कीमत एक करोड रुपए बताई जा रही है। पुलिस को 29 जनवरी की सुबह इस मामले की जानकारी मिली थी। कल्याण ज्वैलर्स के स्टाफ ने शोरूम का गेट खोला तो डिस्प्ले में लगा हुआ शीशा टूटा हुआ था। उसमें से डायमंड और गोल्ड की ज्वेलरी गायब थी। लाजपत नगर थाना में मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने पता लगाना शुरू किया। पाया कि वारदात को अंजाम देने वालों ने अपने चेहरे छुपाने के लिए मफलर लपेटा हुआ था। हाथ में ग्लव्स भी पहने थे जिससे फिंगर प्रिंट ना आ सके। वह शोरूम के बैक साइड से वॉशरूम के जरिए अंदर घुसे थे। फिर आसानी से वारदात को अंजाम देकर वहां से फरार हो गये। इस मामले में लाजपत नगर थाने के साथ-साथ जिले की दूसरी टीमें भी छानबीन में लगाई गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ टेक्निकल सर्विलांस की मदद से छानबीन शुरू की। पता चला की वारदात को अंजाम देने वाला रिंग रोड होकर लाजपत नगर एक मोटरसाइकिल से पहुंचा था। मोटरसाइकिल का पता लगाने के लिए कैमरे को चेक किया और एम्स के पास मोटरसाइकिल के नंबर की जानकारी मिल गई। पुलिस टीम मोटरसाइकिल सवार के पास जब पहुंची तो पता चला कि वह बाइक टैक्सी चलाता है। उसने बताया कि जिस शख्स के बारे में पुलिस उससे पूछताछ कर रही है, उसको उसने लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन के पास ड्रॉप किया था। उसने कैश पेमेंट किया था और चला गया। फिर पुलिस टीम आगे पूछताछ करती हुई आरोपी शोएब उर्फ लाला को ऋषिकेश से दबोचने में कामयाब हो गई। उससे पूछताछ हुई तो पता चला कि चुराई गई ज्वेलरी को सुमित सोनी नाम के एक ज्वेलर्स को बेचा था। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल स्क्रू ड्राइवर भी बरामद किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस मदनगीर पहुंची और वहां से सुमित को गिरफ्तार किया और 100 ग्राम डायमंड की ज्वैलरी जब्त की गई। पता चला कि सुमित मुंबई में कल्याण ज्वैलर में काम कर चुका है। उसके बाद पुलिस ने तिगड़ी इलाके में छापा मारकर मानिक को गिरफ्तार किया। उसके पास से 57 ग्राम फाइन क्वालिटी का गोल्ड बरामद किया गया। पूछताछ में सुमित ने बताया था कि उसने लगभग 8 लाख का गोल्ड मानिक को बेचा था। पुलिस को पूछताछ में यह भी पता चला कि इससे पहले 14-15 जनवरी की रात छत से शोरूम के अंदर घुसने की कोशिश की गई थी। लेकिन उसमें आरोपी नाकामयाब नहीं हो पाया था। इस बड़ी वारदात से पहले 15 जनवरी को बेबी हग शोरूम में तड़के तीन बजे के आसपास भी सेंधमारी की वारदात हुई थी। जिसमें 26,200 कैश चोरी कर लिया गया था। मामला लाजपत नगर थाने में ही दर्ज हुआ था। इस मामले को भी पुलिस ने सुलझा लिया है।



■ सीसीटीवी जांच के बाद 15 दिन में खुलासा

## लड़की को सांप से डराकर लूटने वाले दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वसंत कुंज साउथ पुलिस ने लड़की से डायमंड रिंग लूटने के मामले का खुलासा करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम अनिल और आशीष बताये गये हैं। दोनों रंगपुरी पहाड़ी की सपेरा बस्ती के रहने वाले हैं। इनके पास से लूटा गया डायमंड रिंग भी बरामद किया गया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि विष्णु गार्डन की रहने वाली लड़की ने शिकायत दर्ज करवाई थी। दोनों भगवा रंग का कपड़े पहने हुए थे। उन्होंने सांप से डरा कर उसकी डायमंड की अंगूठी लूट ली थी। मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू की और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों को पता लगा लिया। दोनों को सपेरा बस्ती से ही गिरफ्तार किया गया।

## 55 लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा की एएनटीएफ टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल शख्स को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 258 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। इसकी बाजार कीमत लगभग 55 लाख बताई गई है। पकड़े गये आरोपी पर पहले भी स्नैचिंग व चोरी के सात मामलों में शामिल रहा है। वह सुल्तानपुरी थाने का बीसी भी हैं। पुलिस के अनुसार एएनटीएफ टीम के हत्थे चढ़े आरोपी तस्कर का नाम दीपक उर्फ लांगी निवासी मंगोलपुरी है। आरोपी शुरुआत में स्नैचर और चोर था, लेकिन अधिक पैसे पाने के लिए उसने मादक पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी थी।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साहिल, पुत्र अशोक निवासी मकान नंबर ए–1/308, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **e-FIR No. 518/2021, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साहिल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साहिल,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **e-FIR No. 518/2021, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **साहिल,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री रीतिका जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नंबर 105**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1680/OD/2025 (Court Matter)**


# सिख विरोधी दंगे : कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार हत्या मामले में दोषी करार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की हत्या के मामले में बुधवार को दोषी करार दिया। हत्या का दोषी करार दिए जाने के बाद कुमार को अब अधिकतम मृत्युदंड या कम से कम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने दोषसिद्धि का आदेश पारित किया और सजा पर बहस की तारीख 18 फरवरी तय की। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी को दोषी ठहराया जाता है, अगली सुनवाई के दौरान सजा पर फैसला दिया जाएगा। अदालत के विस्तृत आदेश का इंतजार है।

सजा सुनाए जाने के लिए कुमार को तिहाड़ जेल से अदालत में पेश किया गया।

मामला 1 नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित है। पंजाबी बाग थाने ने शुरू में मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जांच का जिम्मा संभाला था। इस मामले में 16 दिसंबर, 2021 को अदालत ने कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे और उनके खिलाफ 'प्रथम दृष्टया' मामला सही पाया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद, घातक हथियारों से लैस भीड़ ने बड़े पैमाने पर लूटपाट एवं आगजनी की थी और सिख समुदाय के लोगों की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। इस मामले में जसवंत सिंह की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार भीड़ ने घर में घुसकर सिंह एवं उनके बेटे की हत्या कर दी थी और सामान लूटकर घर को आग के हवाले कर दिया था। कुमार पर मुकदमा चलाते हुए अदालत ने कहा था कि ''प्रथम दृष्टया यह मानने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि वह न केवल एक भागीदार थे, बल्कि उन्होंने भीड़ का नेतृत्व भी किया था। हिंसा और उसके बाद की घटनाओं की जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। दंगों में 2733 लोगों की हत्या हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, सुराग नहीं लगने पर लगभग 240 प्राथमिकी को पुलिस ने बंद कर दिया और 250 मामलों में लोगों को बरी कर दिया गया। 587 प्राथमिकी में से केवल 28 मामलों में ही दोषसिद्धि हुई, जिसमें लगभग 400 लोगों को दोषी ठहराया गया। कुमार सहित लगभग 50 लोगों को हत्या के लिए दोषी ठहराया गया। दंगों के समय कांग्रेस के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे कुमार पर एक और दो नवंबर 1984 को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में आरोप लगाया गया था। इस मामले में उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील उच्चतम न्यायालय में लंबित है।

### एस.आई.टी. का परिणाम है कि सज्जन कुमार दंगा दोषी हत्यारे करार : सचदेवा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा 1984 नरसंहार पीड़ित सिखों को न्याय दिलाने के लिए गठित एस.आई.टी. का परिणाम है कि आज सज्जन कुमार दंगा हत्यारे दोषी करार हुए हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता सज्जन कुमार एवं अन्य को 1984 के सिख विरोधी नरसंहार का दोषी करार दिए जाने के बाद यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि इससे दिल्ली ही नहीं, बल्कि देशभर में सिखों के साथ ही सभी न्याय प्रिय नागरिकों के चेहरे पर संतोष एवं हर्ष का भाव साफ देखा जा सकता है। सचदेवा ने कहा कि अन्ततः बुधवार को सरस्वती विहार के जिन दो सिख बंधुओं के परिवारों को न्याय मिला है वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं। सचदेवा ने कहा है कि जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने गत दस साल में सिखों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया तो वहीं 1984 से 2014 तक 3 दशक तक कांग्रेस एवं उसका नेतृत्व कर रहे नेहरू गांधी परिवार ने सज्जन कुमार, जगदीश टाइटलर, धर्मदास शास्त्री जैसे अपने नेताओं को ना सिर्फ सांसद एवं विधायक बना कर राजनीतिक संरक्षण दिया बल्कि उन्हे मंत्री पद देकर महिमामंडित किया। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस ने अपने सज्जन कुमार जैसे दंगाई नेताओं को संरक्षण दिया वहीं खेदपूर्ण है कि 2013 में दिल्ली में सत्ता में आई आम आदमी पार्टी ने अपने गठबंधन मित्र राहुल गांधी के दबाव में लम्बे समय तक सिख विरोधी दंगों के लिए विशेष वकीलों की नियुक्ति को टाले रखा।

### सज्जन कुमार को फांसी की सजा दी जाएः दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी

कांग्रेसी नेता पूर्व सांसद सज्जन कुमार को 1984 मामले में कोर्ट द्वारा दोषी ठहराए जाने से सिख समुदाय ने खुशी व्यक्त की है। वहीं इस मामले पर सिख समुदाय के सर्वोच्च संगठन की इकाई दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने न्यायालय से अपील करते हुए मांग की है कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए सज्जन कुमार को फांसी की सजा दी जाए। इस मुद्दे पर गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलो ने कहा कि भले ही अदालत का फैसला 1984 के सिख कत्लेआम के 41 साल बाद आया है, लेकिन यह सिख समुदाय के लिए बहुत बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि सज्जन कुमार को 41 साल बाद दोषी ठहराए जाने के फैसले का स्वागत करते है। कमेटी ने इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और पीड़ितों, गवाहों के बयान अदालत में दर्ज करवाए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने बंद पड़े मामलों की नए सिरे से जांच के लिए एसआईटी का गठन किया। कमेटी के अनुसार यह मामला जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह के हत्या से संबंधित है और इस संदर्भ में थाना सरस्वती विहार में एफआईआर नंबर 458/91 के तहत धारा 147, 148, 149, 302, 308, 323, 395, 427, 436 और 440 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि यह बहुत शर्मनाक बात है कि समय-समय की सरकारों ने सिख समुदाय को न्याय देने के बजाय, इस कत्लेआम में शामिल दोषियों को सम्मानित किया।


**WOODSVILLA LIMITED**

**(CIN:L55101DL1994PLC030472)**

**REGD OFF: E-4,IIND FLOOR, DEFENCE COLONY,NEW DELHI - 110024 (Tel:011-41552060)**
**Website: www.woodsvilla.in, Email: woodsvillaresort@gmail.com**

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31.12.2024**

(Rs.Lacs)

| Particulars | Quarter Ended | | | 9 Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.24 | 30.09.24 | 31.12.23 | 31.12.24 | 31.12.23 | 31.03.2024 |
| | Un-(Audited) | Un-(Audited) | Un-(Audited) | (Un-Audited) | (Un-Audited) | (Audited) |
| Total Income | 24.69 | 6.56 | 13.25 | 71.92 | 48.33 | 70.69 |
| Net Profit before exceptional items and Tax | 9.69 | -4.37 | -0.45 | 15.03 | 0.41 | 1.16 |
| Net Profit after exceptional items and Tax | 9.69 | -4.37 | -0.45 | 15.03 | 0.41 | 1.16 |
| Net Profit after Tax* | 9.69 | -4.37 | -0.45 | 15.03 | 0.41 | 3.46 |
| Total Comprehensive Income for the period (Net of Tax) | -9.91 | 10.51 | 4.42 | 12.72 | 19.32 | 30.87 |
| Equity Share Capital (Face Value Rs. 5/- per Share | 300.70 | 300.70 | 300.70 | 300.70 | 300.70 | 300.70 |
| Reserve including Revaluation Reserve | 191.03 | 191.25 | 128.25 | 191.03 | 149.77 | 163.27 |
| Earnings per Share (Face Value Rs. 5/- per Share) | (Not Annualised) | (Not Annualised) | (Not Annualised) | (Not Annualised) | (Not Annualised) | |
| (Basic and Diluted) | 0.00 | 0.10 | 0.07 | 0.46 | 0.33 | 0.57 |

We declare that the Audit Report issues by the Statutory Auditors of the Company on the Quarterly unaudited Financial Results for the period ended on December 31, 2024, was unmodified.

**Note:**

1) The results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Company's Board of Directors at their respective meetings held on 12.02.2025.
2) The above is an extract of the detailed format of Quarterly unaudited Financial Results filed with stock exchange under regulation 33 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations,2015 read with SEBI Circular No. CIR/CFD/FAC/62/2016 dated July 5,2016.The full format of Quarterly unaudited Financial Results is available on the website of BSE at www.bseindia.com and also on Company's Website at http://www.woodsvilla.in.
3) This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS), prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
4) The Company operates in single business segment namely Hospitality. Hence, no separate disclosure as per Ind AS-108 is required for the Operating segment.
5) Previous period's figures have been regrouped / reclassified, wherever necessary to make them comparable with the current period / year.

For and on behalf of the Board
Sd/-
Meena Aggarwal
Whole Time Director
DIN 00084504

Place : New Delhi
Date: 12.02.2025


### मेट्रो किराए में बढ़ोत्तरी की अफवाहों से यात्रियों में फैला भ्रम डीएमआरसी ने कहा नहीं बढ़ाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल के किराए बढ़ाने को लेकर दो दिन से दिल्ली में अफवाह फैली हुई है। किराया बढ़ाने की भ्रामक खबर के बाद यात्रियों ने विभिन्न सोशल मंचों पर डीएमआरसी पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। इस मुद्दे पर डीएमआरसी ने स्पष्ट करते हुए बताया कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है, अभी तक कोई किराया नहीं बढ़ाया है। दिल्ली में फैल रही इन खबरों के बाद डीएमआरसी ने कहा है कि ऐसा कुछ नहीं है, मेट्रो का किराया बढ़ाने का सिस्टम है। दिल्ली मेट्रो के किराए में संशोधन केवल एक स्वतंत्र किराया निर्धारण समिति द्वारा ही किया जा सकता है जिसे सरकार द्वारा नामित किया जाता है। वर्तमान में किसी भी किराया निर्धारण समिति के गठन का कोई प्रस्ताव नहीं है,किराया बढ़ाना तो दूर की बात। क्योंकि किराया बढ़ाने का फैसला किराया फिक्शन कमेटी करती है जो विभिन्न चीजों पर गंभीरता से विचार व चर्चा के बाद अपनी सिफारिश भेजती है। उसके बाद कहीं जाकर किराया बढ़ाने के बारे में कोई निर्णय लिया जाता है। डीएमआरसी ने यात्रियों से आग्रह का है कि ऐसे किसी बहकावे में न आए, फिलहाल किराया बढ़ाने को कोई प्रस्ताव नहीं है। बता दें कि बेंगलुरु में मेट्रो रेल के किराए बढ़ाए गए है, जिसकी खबरें सोशल मीडिया में तैरती रही। लोगों ने बेंगलुरू मेट्रो के किराए बढ़ने से अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि दिल्ली मेट्रो के भी किराए बढ़ा दिए है। वहीं कुछ लोगों ने इसे दिल्ली में भाजपा की जीत से जोड़ते हुए लिखना शुरू कर दिया कि अब भाजपा ने आते ही मेट्रो का किराया बढ़ा दिया है।

## जिम में गारमेंट्स कारोबारी से मारपीट

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में गारमेंट एक्सपोर्टर के साथ जिम के अंदर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की आंख पर गंभीर चोट लगी है। उसे इलाज के लिए एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया। पीड़ित का नाम इमरान अहमद बताया गया है। वह ओखला फेस 2 में गारमेंट्स एक्सपोर्ट का बिजनेस करते है।कारोबारी के पिता इम्तियाज अहमद ने बताया कि उनके बेटे के साथ जिम में मारपीट की वारदात मंगलवार रात लगभग आठ बजे के आसपास हुई। इस मामले में चितरंजन पार्क थाने में शिकायत दी गई है। जिन लोगों ने मारपीट की है, वह दूसरे लोगों के साथ भी कई बार दुर्व्यवहार कर चुके हैं। मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज और जिम के ओनर से घटना के बारे में पूछताछ कर आगे की जांच कर रही है।

### पुलिस ने दिल्ली दंगों के मामले में अदालत से कहा

## त्वरित सुनवाई का अधिकार 'मुफ्त पास' नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने बुधवार को उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे पता चले कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ यूएपीए मामले में निचली अदालत की कार्यवाही में देरी कराने का प्रयास किया और कहा कि त्वरित सुनवाई का अधिकार कोई 'मुफ्त पास' नहीं है। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की पीठ के समक्ष पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा और विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने कहा कि देरी के लिए आरोपियों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। शर्मा ने कहा कि निचली अदालत के रिकॉर्ड से यह पता नहीं चलता कि अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में देरी करने का कोई प्रयास किया गया। प्रसाद ने कहा कि निचली अदालत के न्यायिक आदेश हैं जो दिखाते हैं कि कैसे आरोपियों के इशारे पर मामले में देरी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपों पर बहस चल रही है। दूसरे आरोपी ने दलीलें पूरी कर ली हैं.. वे दो सप्ताह की देरी चाहते थे। दिन-प्रतिदिन की सुनवाई के बावजूद आरोपी बहस के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। शर्मा ने कहा कि देरी के मुद्दे को प्रत्येक मामले की 'जटिलता' के साथ संतुलित किया जाना चाहिए था और आतंकवाद तथा राज्य की अखंडता से जुड़े मामलों में, निर्णय अलग-अलग मानदंड का था। उन्होंने कहा कि त्वरित सुनवाई एक आवश्यकता थी, लेकिन राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के मामलों में, विचाराधीन कैदियों की लंबी कैद अपने आप में उन्हें जमानत पर रिहा करने का आधार नहीं है, जब तथ्य उनकी संलिप्तता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि त्वरित सुनवाई का अधिकार कोई मुफ्त पास नहीं है.. समाज के अधिकार को व्यक्ति के अधिकार के ऊपर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान मामले में अभियुक्त आजीवन कारावास की अधिकतम सजा वाले अपराधों के लिए हिरासत में थे।


**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**

**Regd. off : 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036 Fax : 011-28315044**
**Corp. Off : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-8, Gurgaon (Haryana)-122001, Ph.0124-2719000, Fax : 0124-2719100**
**CIN: L26912DL1991PLC045449 , Website: www.sainikfinance.com , Email : info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com**

**Extract of Statement of Standalone Financial Results of the Company for the quarter/nine months ended on 31 December 2024**

(Rs. In Lakhs)

| Sl. | Particulars | 3 months ended (Unaudited) | 3 months ended (Unaudited) | Corresponding 3 months ended in the previous year (Unaudited) | 9 months ended (Unaudited) | Corresponding 9 months ended in the previous year (Unaudited) | Year to date figures for previous year ended (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 | 30.09.2024 | 31.12.2023 | 31.12.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2024 |
| 1 | Total Income from operations | 398.13 | 385.76 | 377.38 | 1,147.10 | 1,163.30 | 1,532.59 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items) | 140.51 | 130.45 | (53.04) | 353.09 | 202.39 | 267.86 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 140.51 | 130.45 | (53.04) | 353.09 | 202.39 | 267.86 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 140.29 | 127.51 | (39.70) | 350.57 | 151.44 | 200.46 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 140.29 | 127.51 | (39.70) | 350.57 | 151.44 | 201.86 |
| 6 | Equity Share Capital (face value of the share : Rs.10 each) | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) as per previous financial year | - | - | - | | | 2,654.44 |
| 8 | Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : 2. Diluted : | 1.29<br>1.29 | 1.17<br>1.17 | (0.36)<br>(0.36) | 3.22<br>3.22 | 1.39<br>1.39 | 1.84<br>1.84 |

**Notes:-**

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Result for the quarter/nine months ended 31 December 2024 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements ) Regulation, 2015. The full format of the quarterly/half yearly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2. The detailed financial results and this extract were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on 12, February 2025. The auditors have carried out Limited Review of the financial results, as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements ) Regulation, 2015.

By order of the Board
For Sainik Finance & Industries Limited
sd/-
Rudra Sen Sindhu
Director
(DIN-00006999)

Place: Gurugram (Haryana
Date: 12 February, 2025

## खबर संक्षेप

### दिल्ली की सड़कों पर फिर से दौड़ती नजर आएंगी 'विंटेज' कारें

नई दिल्ली। अगले हफ्ते राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली 11वीं विंटेज कार रैली में राजा-महाराजा के दौर की आलीशान कारें एक बार फिर सड़कों पर रफ्तार भरती हुई नजर आएंगी। विंटेज कार रैली '21 गन सैल्यूट कॉन्कोर्स डी एलिगेंस' के 11वें संस्करण के दौरान दुर्लभ 1932 की लैंसिया एस्ट्रुरा पिनिनफेरिना सीरीज 2 कैब्रियोलेट कार समेत 100 से अधिक विंटेज कारें सड़कों की शोभा बढ़ाएंगी। राजधानी के इंडिया गेट से शुरू होकर गुरुग्राम के एम्बियंस ग्रीन्स पर यह विंटेज कार रैली खत्म होगी। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत इसे हरी झंडी दिखाएंगे। इसका आयोजन 21 से 23 फरवरी तक होगा। इस दौरान कार प्रेमी बड़ौदा की महारानी शांता देवी के लिए खास तौर पर बनाई गई 1948 की कैसीनो मखमली लाल कार को भी देख सकेंगे। इस रैली में 125 दुर्लभ कारें और 50 हेरिटेज मोटरसाइकिलें शामिल होंगी।

### माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने यमुना में लगाई आस्था की डुबकी

नई दिल्ली। माघी पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने यमुना नदी सहित अन्य जगहों पर स्नान, दान आदि किया। इस अवसर पर दिल्ली सहित सोनीपत, बहादुरगढ़, गुरुग्राम, लोनी व गाजियाबाद आदि से सैकड़ों की संख्या में लोग दिल्ली में यमुना नदी पर पहुंचे और स्नान आदि किया। दिल्ली में वैसे तो यमुना नदी नहाने लायक नहीं है। लेकिन वजीराबाद स्थित पुल के नीचे यमुना में नहाने के लिए घाट बने है, क्योंकि वजीराबाद से निकलने के बाद ही यमुना गंदी होनी शुरू होती है। इसके अलावा पल्ला से लेकर बुराड़ी जगतपुर तक यमुना साफ नजर आती है। ऐसे में यहां भारी संख्या में लोग नहाने के लिए आते है।

### सामाजिक संस्थाएं आज होंगी सम्मानित

नई दिल्ली। अग्रवंश संस्था दिल्ली विधानसभा में आज अपना पांचवां स्थापना दिवस मनायेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल होंगे। इस अवसर पर कई सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। अग्रवंश के मुख्य मार्गदर्शक और विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने अग्रवंश के बारे में बताया कि अग्रवंश ने अपने स्थापना के 5 वर्षों में सामाजिक क्षेत्र में कई कार्य किए हैं। कोरोना के दिनों में लोगों को राशन, पक्का भोजन, दवाई, वाहन व्यवस्था जैसे कार्यों में संस्था ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाई है। इसके अतिरिक्त अग्रवंश समय समय पर दिल्ली में गरीब कन्याओं का विवाह, सर्दी में बेघर लोगों को गर्म कपड़े बाटना, अनाथालय में भोजन और आर्थिक मदद करना जैसे कार्य भी निःस्वार्थ भाव से कर रही है। गोयल ने कहा कि आज होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थाओं के सम्मान के साथ साथ ये संदेश भी देना है की अग्रवंश की तरह निजी संस्थाएं भी समाज में अपने छोटे-छोटे प्रयासों से लोगों के जीवन स्तर में सुधार ला सकती है।

### प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

# यह जीत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत से हो सकी संभव : पांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव अभियान में अपना सर्वस्व न्यौछावर किया और यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश इकाई नेतृत्व के सफल नेतृत्व के साथ ही बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत से संभव हो सकी। दिल्ली विधानसभा को लेकर प्रदेश कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के अंत में अपने धन्यवाद सम्बोधन में चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा ने यह संबोधन दिया। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को दिल्ली भाजपा की चुनाव संचालन समिति एवं 43 प्रबंधन समितियों की समीक्षा बैठक प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव प्रभारी सांसद बैजयंत जय पांडा, सहप्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर एवं सांसद अतुल गर्ग, चुनाव संयोजक हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, सांसद योगेन्द्र चंदोलिया, प्रवीन खंडेलवाल एवं बांसुरी स्वराज और प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल शामिल हुए। इस दौरान इन्होंने चुनाव संचालन एवं प्रबंधन समितियों के प्रमुखों एवं सदस्यों से उनके कार्य अनुभवों पर चर्चा की और भविष्य के लिए सुझाव लिए।

प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा का यह चुनाव झूठ एवं प्रपंच रूपी आम आदमी पार्टी और सत्य एवं विकास रूपी भाजपा के बीच चुनने का रेफरेंडम बन गया जिसमें लोगों ने खुद अरविंद केजरीवाल को हरा कर झूठ एवं प्रपंच के मुंह पर तमाचा मारा है।

# सूरज के तेवर पड़े मामूली नर्म, तीन दिन बाद पारे में तीन डिग्री की गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में तीन दिन बाद सूरज के तेवरों में नरमी देखने को मिली है। बुधवार को सुबह से ही ठंडी हवाएं चलने से पारे में गिरावट देखने को मिली है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गत तीन दिनों की तुलना में अधिकतम पारा करीब 3 डिग्री गिरावट के साथ 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हालांकि अब भी यह इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

वहीं न्यूनतम तापमान डबल डिजिट में 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी के अनुसार 9 फरवरी को 27.4 डिग्री, 10 फरवरी को 28 डिग्री सेल्सियस और 11 फरवरी को तीसरे दिन अधिकतम तापमान बढ़कर 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 6.3 डिग्री ज्यादा था। आईएमडी का अनुमान है कि अगले दिन दिल्ली में 20-30 किमी की गति से हवाएं चलती रह सकती है। लगातार हवाओं के चलने से दिन के अधिकतम पारे में एक से दो डिग्री की और कमी हो सकती है। जिसके चलते अधिकतम तापमान गिरेगा। लेकिन इसके बाद एक बार फिर 14 फरवरी से मौसम करवट लेगा और हवाएं बंद होने व आसमान साफ रहने की वजह से सूरज के तेवर बिगड़ सकते है। जिसकी वजह से तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए सप्ताहांत में अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच सकता है।

वहीं निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि पैंटाड (पांच-दिवसीय औसत) के अनुसार फरवरी की शुरुआत में दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान करीब 23 डिग्री होता है, जो महीने के अंत तक 26-27 डिग्री तक पहुंचता है। जबकि आमतौर पर 30 डिग्री तापमान फरवरी के अंतिम दिनों में देखने को मिलता है। आमतौर पर मार्च के मध्य से 30 डिग्री का तापमान दर्ज होने लगता है और महीने के अंत तक यह 35 डिग्री तक बढ़ जाता है।

# पूर्व बस मार्शलों ने भाजपा विधायकों से लगाई नौकरी की गुहार

**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के विभागों में कार्य कर चुके पूर्व बस मार्शलों ने नौकरी के लिए नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों से गुहार लगाई है। पूर्व बस मार्शलों ने बुधवार को बताया कि पूर्व बस मार्शल 10,792 की संख्या है और 2015 से बसों में मार्शल के रूप में कार्यरत थे और 31 अक्टूबर 2023 को बिना किसी कारण के हटा दिया गया। अब तक हमें सरकार द्वारा कोई भी नौकरी नहीं मिली और हम लोगों को अंधकार में रखा गया। हमारे घरों की आर्थिक स्थिति बद से बदत्तर हो गई है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई, भोजन की परेशानी इस हद तक पहुंच गई है कि किसी को कहते हुए भी नहीं बन रहा है। बहुत से मार्शल आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अपनी जान भी गवा चुके हैं। पूर्व बस मार्शलों ने बताया कि सभी बस मार्शलों व उनके परिवारों ने चुनाव में आपको पूर्ण समर्थन दिया है और जैसा की आपने वादा किया था कि हमारी सरकार आते ही हम आपको मार्शलों को 60 दिन के अंदर पक्का रोजगार देंगे। हमें आपसे बड़ी आशा है कि इन पूर्व मार्शलों का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा।

### निष्पक्ष चुनाव के लिए सक्सेना को दिया धन्यवाद

# एलजी के साथ सहयोग और तालमेल से चलेगी भाजपा सरकार : बिधूड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भाजपा की शानदार विजय के बाद अब उपराज्यपाल के सहयोग और तालमेल से दिल्ली की समस्याएं हल होंगी और दिल्ली अब सुविधा सम्पन्न राजधानी बनेगी। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से भेंट के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि अब राजधानी में यमुना की सफाई, इलाकों में सीवर व्यवस्था में सुधार तथा सड़कों की हालत में सुधार प्राथमिकता के आधार पर होगा। भेंट के दौरान बिधूड़ी ने दिल्ली में विधानसभा चुनावों को सुचारू, निष्पक्ष और सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जाने पर उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना का धन्यवाद दिया।

### कांग्रेस क्या दस पार्टियां मिलकर लड़ती तब भी केजरीवाल हारते : संदीप

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित पूरी आम आदमी पार्टी की हुई करारी हार पर पूर्व सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने बड़ा बयान दिया है। एक खबरिया चैनल पर बोलते हुए कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस के साथ मिलकर भी आम आदमी पार्टी विधानसभा का चुनाव लड़ती तो केजरीवाल बुरी तरह हारते। उन्होंने इतना ही नहीं, बल्कि कहा कि अगर दिल्ली में दस पार्टियां भी मिलकर लड़ती तब भी केजरीवाल को हारना ही था। क्योंकि दिल्ली की जनता केजरीवाल से बहुत ज्यादा नाराज है। केजरीवाल को हटाने के लिए दिल्ली की जनता ने पक्का मन बना लिया था। ऐसे में कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप पार्टी किसके साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। इसलिए यह कहना गलत है कि कांग्रेस के साथ मिलकर आप लड़ती तो केजरीवाल जीत जाते। बता दें कि संदीप दीक्षित ने आप पार्टी के संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। जबकि भाजपा ने यहां से पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा को मैदान में उतारा था। दिल्ली की सबसे हॉट सीट बनी नई दिल्ली पर मतदाताओं ने केजरीवाल को हरा दिया और प्रवेश के खाते में जीत दर्ज हुई। जबकि संदीप दीक्षित तीसरे नंबर पर रहे, लेकिन जितने वोट उन्हें मिले लगभग उतने ही वोट से केजरीवाल चुनाव हार गए।

# हमारे कार्यकर्ताओं ने दिल्ली चुनाव एक आंदोलन की तरह लड़ा : सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को पार्टी के देश भर के कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन संवाद कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से पार्टी की भविष्य की रणनीतियों की जानकारी साझा की और उनके सुझाव भी लिए। सिसोदिया ने कहा कि एक तरफ हमारा लक्ष्य है सरकार बनाकर व्यवस्था ठीक करना लेकिन हम सिर्फ सत्ता के लिए नहीं आए हैं, बल्कि बदलाव के लिए आए हैं और हमें खुशी है कि देश की सबसे बड़ी पार्टी को भी आज शिक्षा -स्वास्थ्य पर बात करनी पड़ रही है। यह बदलाव की शुरुआत है। हमारी लड़ाई सत्ता पाने के लिए नहीं है, बल्कि दूसरी पार्टियों की सोच और उनकी प्राथमिकताओं को बदलना भी हमारे आंदोलन का हिस्सा है। सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत जनहित के अन्य क्षेत्रों में बदलाव करके दिखाया है। अगर भाजपा की सरकार इसे आगे बढ़ाती है तो यह भी हमारी जीत होगी, क्योंकि हम खुद को सत्ता में बनाए रखने के लिए नहीं आए हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत जरूरी मुद्दों पर परिवर्तन करने के लिए आए हैं। अगर दूसरी पार्टियां अपनी परंपरागत राजनीति, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, जाति व धर्म की लड़ाइयां छोड़ कर इस दिशा में बात भी करने लगती हैं, तो इसे भी हमें अपनी सफलता के रूप में देखना चाहिए। हालांकि अभी इनके लिए इस पर काम करना बहुत दूर की बात है।

# 'भाजपा अभी तक दिल्ली को नहीं दे पाई सीएम, लगने लगे लंबे-लंबे पावर कट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



विधानसभा चुनाव में हारी आम आदमी पार्टी ने नई सरकार के गठन से पहले ही विपक्ष की भूमिका निभाते हुए भाजपा पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। बुधवार को आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजे आए कई दिन हो गए हैं लेकिन भाजपा अभी तक दिल्ली की जनता को मुख्यमंत्री नहीं दे पाई है और लंबे-लंबे पावर कट लगने शुरू हो गए हैं। भाजपा की आपसी लड़ाई में दिल्ली की जनता क्यों पिसे। इसलिए, भाजपा को अपनी लड़ाई बंद करके दिल्लीवालों को उनका मुख्यमंत्री देना चाहिए और दिल्ली के गवर्नेंस पर ध्यान देना चाहिए। कक्कड़ ने कहा कि अभी तक मुख्यमंत्री का नाम फाइनल नहीं होना भाजपा में गुटबाजी के सीधे संकेत हैं। 10-10 की टुकड़ी में इनके गुट मिल रहे हैं, क्योंकि ये लोग आपस में तय नहीं कर पा रहे कि आखिर दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन बनेगा। मंगलवार को दिल्ली के कई इलाकों में लंबे-लंबे पावर कट लगने की खबरें आई हैं। कक्कड़ ने कहा कि हमारे यहां लगातार बैठकें हो रही हैं। चुनाव के नतीजे आने के बाद से अरविंद केजरीवाल संगठन, पंजाब के नेता, जीते हुए विधायकों और जो नहीं जीत पाए उन उम्मीदवारों से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। सबसे फीडबैक लिया जा रहा है। जो भी चीज ठीक करने की जरूरत होगी, उस पर हम काम करेंगे।

# छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन जल्द ही करेगी दिल्ली की भाजपा सरकार : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- भाजपा विधायक दल द्वारा इस मामले को विधानसभा, हाई कोर्ट और राष्ट्रपति के समक्ष उठाये जाने के बावजूद आप सरकार ने नहीं किया इसका गठन

रोहिणी विधानसभा से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक एवं पूर्व नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन जल्द ही कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में नगर निगम द्वारा करवाये जाने वाले विकास कार्यों के लिए वित्तीय प्रबंधन की दृष्टि से छठे वित्त आयोग का गठन अत्यंत आवश्यक है और चूंकि भाजपा सरकार दिल्ली के विकास के लिए सतत प्रयासबद्ध है, इसलिए इस काम में देरी किये बिना जल्द ही इसके गठन की घोषणा कर दी जाएगी। गुप्ता ने बताया कि इस मामले में पिछले साल 30 अगस्त को भाजपा विधायक दल ने राष्ट्रपति से भेंट की थी और उनसे दिल्ली सरकार द्वारा किये जा रहे संवैधानिक नियमों के उल्लंघन की शिकायत की थी। इसके अलावा विधायकों ने हाई कोर्ट में भी इस मामले को लेकर याचिका दायर की थी। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस वित्त आयोग की गंभीरता को नहीं समझा। अप्रैल 2021 से लंबित इसका गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-आई और 243-वाई का गंभीर उल्लंघन है। जिसके चलते दिल्ली के लिए वित्तीय योजनाओं और संसाधनों का आवंटन बुरी तरह से प्रभावित हुआ, विशेष रूप से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) पर इसका व्यापक असर पड़ा है। दिल्ली की सड़कों से लेकर साफ सफाई तक, पार्कों के रख रखाव से लेकर सीवरों तक के सभी जनता से जुड़े कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। गुप्ता ने दिल्ली की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा है कि पिछले दस साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली की जो दुर्दशा की है, उसको एक-एक करके ठीक किया जाएगा और इसी कारण जनता से जुड़े सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता सूची में रखा गया है। सड़क, बिजली, पानी, साफ सफाई हमारी प्राथमिकता है और भाजपा सरकार की सरकार बनने के बाद होने वाली कैबिनेट की पहली बैठक में ही इन सभी विकास कार्यों पर महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे।

### जगह-जगह निकाली गई झांकियां

# दिल्ली में धूमधाम से मनाई महान संत रविदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लालकिला से देवनगर तक निकली भव्य शोभायात्रा



दिल्ली में बुधवार को भारत के महान संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाते हुए कई जगह झांकियां निकाली गईं। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना सहित अन्य नेताओं ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उपराज्यपाल सक्सेना ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सभी को संत रविदास जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। उनके विचार और शिक्षा हमें सत्य, समानता और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने लिखा कि उनके आदर्शों को आत्मसात कर एक समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान दें, यही प्रत्येक भारतवासी का ध्येय होना चाहिए। उपराज्यपाल ने लिखा कि महान संत रविदास के आदर्श और शिक्षाएं हमें सदैव सच्चाई और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रहेंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर सभी का बधाई और शुभकामनाएं। सामाजिक समरसता के अग्रदूत संत रविदास जी का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का महान स्रोत है। जयंती के मौके पर करोल बाग स्थित संत रविदास विश्राम स्थल मंदिर में श्रद्धालुओं ने बड़ी धूमधाम से जयंती मनाई और उनके दिखाए आदर्शों पर चलने की बात कही। करोल बाग मंदिर में दिल्ली के अलावा आस पास के राज्यों से भारी संख्या में लोग पहुंचे। वहीं दिल्ली के कई क्षेत्रों में संत रविदास के जीवन पर आधारित झांकियां आदि निकाली और प्रसाद वितरण किया।

### भाजपा अध्यक्ष ने अर्पित की पुष्पांजलि

नई दिल्ली। संत शिरोमणि रविदास जी के जन्मोत्सव के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को नई दिल्ली के करोलबाग स्थित श्री रविदास मंदिर जाकर प्रार्थना की और पुष्पांजलि अर्पित करके सभी एकत्र समाज जनों को शुभकामनाएं दीं। उनके साथ दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, सांसद योगेन्द्र चंदोलिया एवं बांसुरी स्वराज, पूर्व विधायक राजकुमार आनंद सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता प्रार्थना में सम्मिलित हुए। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मंदिर की श्रद्धालु पुस्तिका में संत रविदास जी के अनुयायियों के नाम शुभकामना संदेश लिखा और सभी उपस्थित समाज जनों को शुभकामनाएं दीं।

### सिसोदिया ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने बुधवार को संत रविदास की जयंती के शुभ अवसर पर जंगपुरा विधानसभा के भोगल स्थित संत रविदास मंदिर में जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सिसोदिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक तस्वीर शेयर करते हुए कहा कि संत रविदास के विचार सदैव हमें समता, करुणा और समाज सेवा की प्रेरणा देते हैं। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए, एक समान और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना का संकल्प दोहराया। उन्होंने लिखा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा।



खबर संक्षेप

## नए कानूनों को लेकर नेशनल कान्फ्रेंस 15 को



**फरीदाबाद।** नए अपराध कानूनों को लेकर आल इंडिया लायर्स फोरम की ओर से नेशनल कान्फ्रेंस का आयोजन सेक्टर-15 स्थित सामुदायिक केंद्र में 15 फरवरी को किया जाएगा। फोरम के उप चेयरमैन एवं हरियाणा के पूर्व सहायक महाधिवक्ता विकास वर्मा ने बताया कि कान्फ्रेंस में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश बिंदल मुख्य अतिथि के रूप में आएंगे। पुलिस की इंस्पेक्टर डॉ. राज सिंह, फरीदाबाद जिला न्यायालय से जिला सत्र न्यायाधीश एवं अन्य जज, पुलिस आयुक्त के प्रतिनिधि के रूप में डीसीपी क्राइम मकसूद अहमद, मैट्रो वाइस चेयरमैन सना खान एवं जिला बार एसोसिएशन के प्रधान जोगिन्दर नरवत आदि।

## गोदाम में लगी भीषण आग, मची अफरा तफरी



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के भोपुरा तिराहे पर कबाड़े के गोदाम व फर्नीचर की कई दुकानों में भीषण आग लग गई। इसके बाद आसपास अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की करीब 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आपको पूरी तरह से काबू में पा लिया गया है और कोई जनहानि नहीं हुई है। राहुल पाल ने बताया कि मंगलवार बुधवार की रात्रि में करीब 2:00 बजे भोपुरा तिराहे के पास कबाड़े के गोदाम व फर्नीचर की दुकानों में आग लगने की सूचना मिली।

## सब-स्टेशन पर निर्बाध बिजली आपूर्ति शुरू



**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के शताब्दी नगर रिसीविंग सब-स्टेशन (आरएसएस) पर बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है। यह मेरठ सेक्शन को संचालित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यह नमो भारत ट्रेनों और स्टेशनों के साथ-साथ मेरठ मेट्रो के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि शताब्दी नगर आरएसएस मेरठ के कई प्रमुख स्टेशनों को बिजली की आपूर्ति करेगा, जिसमें शताब्दी नगर, परतापुर, रिठानी, ब्रह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल, भैंसाली, बेगमपुल और एमईएस कॉलोनी स्टेशन हैं।

# रैफर मुक्त संघर्ष समिति ने धरना स्थल पर मनाई गुरू श्री रविदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सिविल अस्पताल बादशाह खान के मुख्य द्वार पर पिछले 72 दिनों से चल रहा रैफरमुक्त फरीदाबाद संघर्ष समिति के द्वारा दिए जा रहे धरना स्थल पर बुधवार को गुरु श्री रविदास जी की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर गुरु रविदासजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए व गुरु जी के संदेश (बेगमपुरा शहर को नाओ दुख अंदोह नही तहं ठाओ) आइये मिलकर ऐसा देश बनाए जहां कोई गम यानी दुख न हो भय भूख न हो पर चलने का संकल्प लिया।

### रविदासजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए, दुख न हो भय भूख न हो पर चलने का लिया संकल्प



### ट्रामा सेंटर नहीं दिया गया तो सदस्य अनशन करेंगे

*धरने के संयोजक एवं सेवा वाहन के संचालक सतीश चोपड़ा ने कहा कि अगर इस बजट सत्र में फरीदाबाद शहर को ट्रामा सेंटर नहीं दिया गया तो वह तथा उनकी टीम के सदस्य अनशन करेगें। साथ ही टीम के सदस्यगण सभी मंत्रियों, विधायकों के घर के बाहर ढोल बजाकर उन्हें कुंभकर्णी नींद से जगाने का कार्य करेंगे। जब तक फरीदाबाद के सरकारी अस्पतालों मे डॉक्टर्स व दवाइयों की कमी पूरी नही की जाएगी। आईसीयू फंगशनल नही किए जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में आईपीडी सर्विस आईसीयू शुरू नही होंगे, शहर की जरूरत ट्रामा सेन्टर की मांग स्वीकार नही की जाएगी। यह धरना अनवरत जारी रहेगा सरकार जितनी जल्द यह मांगे पूरी करेगी उतने ही ज्यादा लोगों के प्राण बच पाएंगे। सतीश चोपड़ा ने कहा कि फरीदाबाद संघर्ष समिति की टीम रोजाना सिविल अस्पताल में उपचार करवाने आए लोगों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक कर धरने की जानकारी दे रहे है। अब तक इस धरने को 205 सामाजिक संस्थाओं ने अपना समर्थन दे चुके है।*

### यह लोग उपस्थित रहे

कार्यक्रम में अन्य के अलावा सरदार उपकार सिंह, भारत भाटिया, एडवोकेट एनपी सिंह, जसविंदर सिंह, फूल, महेश, प्रमोद भड़ाना, सुखदेव सिंह, दीपक झा, हरभजन सिंह, सतेंद्र शर्मा, तिलक गौतम, विकास कुशवाहा, लखवन्त सिंह, सुखबीर सिंह, राकेश भाटिया व अन्य साथी उपस्थित रहे।

## अब तक दो लाख पर्यटक मेले में भ्रमण एवं खरीददारी का आनंद उठा चुके

# सूरजकुंड मेले में बढ़ रहा है पर्यटकों का रेला सेल्फी प्वाइंट कर रहे हैं दर्शकों को आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

38वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला अब अपने चरम पर है। मेले में पर्यटकों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। अभी तक करीब दो लाख पर्यटक इस मेले में भ्रमण एवं खरीददारी का आनंद उठा चुके हैं। रविवार 23 फरवरी तक जारी रहने वाला सूरजकुंड मेला अब गति पकड़ चुका है। मेले में आए दिन देश-विदेश से आए आर्टिस्ट अपनी नृत्य एवं गायन शैली से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। मेले में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सुबह से लेकर रात तक सफाई कर्मचारी बड़ी संजीदगी से अपनी ड्यूटी का पालन कर रहे हैं। मेले की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए यहां जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। जिनके आगे खड़े होकर खुद की तस्वीर खिंचवाने का मोह पर्यटक छोड़ नहीं पाते। मॉल रोड पर बने ये सेल्फी प्वाइंट पर्यटकों को बखूबी अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। कोणार्क मंदिर की प्रतिकृति, आई लव सूरजकुंड का लगाया गया लोगो, असम की वन संपदा को दर्शाता हुआ काला गैंडा, हरियाणवी चौपाल के सामने खड़ी पुरानी बैलगाड़ी, बद्रीनाथ धाम का द्वार, रंगीन फव्वारे, नाचता हुआ मोर आदि के सामने आप किसी भी समय पर्यटकों को अलग-अलग मुद्राओं में खड़े होकर फोटो खिंचवाते हुए देख सकते हैं।




### डिजिटल मोड से चल रहा मेला



हरियाणा पर्यटन निगम ने इस बार ऑनलाइन टिकट बुकिंग के अतिरिक्त स्टॉल बुकिंग के लिए भी ऑनलाइन प्रणाली शुरू की थी और डिजिटल मोड से मेला चल रहा है। हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश राज्यों के अलावा किर्गिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, युगांडा, आर्मेनिया, सीरियाए ईरान आदि देशों के शिल्पकार मेले में अपनी कलात्मक वस्तुओं, वस्त्रों, घरेलू सामान की प्रदर्शनी से पर्यटकों को खरीदारी के लिए सहज आमंत्रण देते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### मेले में सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा प्रबंध

मेले में सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा प्रबंध किया गया है। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं और पुलिस कर्मचारी मुस्तैदी से आने-जाने वालों पर निगरानी रख रहे हैं। शौचालय, पीने का पानी, डस्टबिन, बेंच आदि का यहां समुचित प्रबंध किया गया है। बड़ी व छोटी चौपाल तथा नाट्यशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुबह से शाम तक झड़ी लगी रहती है। नगाड़ा व बीन पार्टियों के साथ विदेशी आर्टिस्ट अपनी मदमाती थाप से पर्यटकों को थिरकने पर मजबूर कर देते हैं।

## वायलिन वादक भुयान व लोक गायिका कालिया ने भारतीय विविधता का दिखाया सांस्कृतिक स्वरूप

**फरीदाबाद।** 38वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए देश दुनिया में हमारी संस्कृति के आदान प्रदान का सशक्त माध्यम बन रहा है। दुनिया के विभिन्न देशों व अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटकों को मेला परिसर में रोजाना सांस्कृतिक मंचों पर विख्यात आर्टिस्ट की प्रस्तुतियां देखने को मिल रही हैं। कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पर्यटकों का अपार जनसमूह उमड़ रहा है।



**सुरीली धुनों पर गुंजायमान हुआ सूरजकुंड मेला परिसर**

मंगलवार की सांस्कृतिक संध्या बड़ी चौपाल पर आयोजित हुई जिसमें असम से आई सुप्रसिद्ध प्रियदर्शिनी पुरस्कार अवार्डी सुनीता भुयान ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। वायलिन की सुरीली धुनों से मंगलवार की शाम सूरजकुंड मेला परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और दर्शकों ने सुनीता भुयान की कला की खूब प्रशंसा की।

गौरतलब है कि मेला परिसर में 23 फरवरी तक प्रतिदिन मुख्य चौपाल व अन्य सांस्कृतिक मंचों पर देश-विदेश के प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। हर शाम 7 बजे से देश के जाने-माने कलाकार अपनी गायकी व वाद्य यंत्रों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या में भारतीय वायलिन वादक सुनीता भुयान व लोक गायिका रिंकू कालिया ने बड़ी चौपाल पर अपनी गायकी से देर शाम तक दर्शकों को सुरीले गीतों व मनमोहक ध्वनि के साथ वाद्य यंत्रों से मनोरंजन किया।

### भुयान ने गंगा सिलोनी गाने को देश की अलग-अलग भाषाओं में गाया

सूरजकुंड मेले में मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या में इंडो जैज फ्यूजन और विश्व लोक शैलियों की प्रस्तुति दी तो बड़ी चौपाल संगीत के रंग में रंग गई। सुनीता भुयान ने गंगा सिलोनी गाने को देश की अलग-अलग भाषाओं में गाया। इसके साथ ही उन्होंने अष्ट लक्ष्मी प्रस्तुति के जरिए पूर्वोत्तर के राज्यों की संस्कृति की भी झलक दिखाई। इससे पहले सांस्कृतिक संध्या में लोक गायिका रिंकू कालिया ने अजीब दास्तां है ये, चार दिनां दा साथ हो रब्बा बड़ी लम्बी जुदाई व मैं आवांगी हवा बन के इत्यादि गीत, गजल और भक्ति गीतों से चौपाल में बैठे दर्शकों का मन मोह लिया।

## साप्ताहिक बाजार को लेकर निगम में आज होगी अहम बैठक, लेंगे महत्वपूर्ण निर्णय

# टाउन वेंडिंग कमेटी का होगा पुनर्गठनः नगर आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

साप्ताहिक बाजार को लेकर समस्त जोनल प्रभारी की टीम तथा स्वास्थ्य विभाग टीम ने मिलकर संयुक्त रूप से सर्वे किया है, गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत 65 स्थान पर बाजार लगता है। जिसमें वसुंधरा जोन अंतर्गत 24 स्थान, कवि नगर जोन अंतर्गत 15 स्थान, मोहन नगर जोन अंतर्गत 08 स्थान, विजयनगर अंतर्गत 7 स्थान तथा सिटी जोन अंतर्गत 11 स्थान जहां बाजार लगता है रिपोर्ट नगर आयुक्त को प्रस्तुत की गई, आज होने वाली टाउन वेंडिंग कमेटी की मीटिंग के लिए भी कार्य योजना बनाई गई। कई प्रमुख बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की गई बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव समस्त जोनल प्रभारी, पीओ डूडा संजय पथरिया तथा स्वास्थ्य विभाग की उपस्थिति रही।

नगर आयुक्त ने बताया साप्ताहिक बाजार को लेकर टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक से पूर्व संबंधित अधिकारियों से वार्ता की गई टाउन वेंडिंग कमेटी के पुनर्गठन को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में सर्वे की रिपोर्ट पर भी मंथन हुआ गाजियाबाद नगर निगम जहां शहर के अवैध अतिक्रमण तथा आवागमन को सुविधाजनक बनाने में जुटा हुआ है। वही साप्ताहिक बाजार को भी व्यवस्थित करेगा। जिसके क्रम में टीम के द्वारा आधा सर्वे किया जा चुका है। कार्यवाही लगातार जारी रहेगी पिछले एक सप्ताह के भीतर सर्वे को पूर्ण कर लिया जाएगा जिसमें जहां साप्ताहिक बाजार व्यवस्थित करने हैं स्थान को भी चिन्हित किया जाएगा, टाउन वेंडिंग कमेटी जिसमें अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी भी सदस्य होते हैं कई जनप्रतिनिधि भी और बाजार की समिति के लोग भी रहते हैं सभी की सहमति से जनहित में बेहतर निर्णय लिया जाएगा टाउन वेंडिंग कमेटी भी 2017 में गठित हुई थी जिसका पुनर्गठन भी किया जाना है सभी संबंधित विभागों में पत्र भी भेजा जा चुका है।

## अखबार विक्रेता की मौत, साइकिल से जा रहे थे तेज रफ्तार गाड़ी ने मारी टक्कर, ड्राइवर फरार

**फरीदाबाद।** गाड़ी की टक्कर से अखबार विक्रेता की मौत हो गई। हादसा नीलम फ्लाईओवर के पास हुआ। सेक्टर-23 संजय कॉलोनी के 57 वर्षीय रामकरण यादव साइकिल से रोज की तरह सुबह 4.40 बजे सेक्टर-19 ओल्ड में अखबार सप्लाई करने के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वह नीलम फ्लाईओवर से सेक्टर-15 की ओर जा रहे थे, एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी और उनके ऊपर से गुजर गया। मृतक के बेटे अनिल



यादव को सुबह 6 बजे उनके मामा से फोन पर यह दुखद खबर मिली। बीके अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनके पिता के शरीर पर गहरी चोटें थीं और पेट फटा हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शोरूम से 80 लाख के फोन चोरी, शटर काटकर अंदर घुसा चोर

**फरीदाबाद।** जवाहर कॉलोनी बड़े गुरूद्वारे के सामने रस्तोगी मोबाइल पैलेस में बीती रात एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों ने शोरूम का शटर काटकर करीब 80 लाख रुपए के मोबाइल चुरा लिए। मामले की सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शोरूम मालिक अश्विनी उर्फ राजू रस्तोगी ने बताया कि वह रात करीब 10.30 बजे दुकान बंद करके घर गए थे। सुबह जब वह शोरूम पहुंचे तो शटर कटा हुआ मिला और अंदर रखे कीमती मोबाइल गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही सारन थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सब इंस्पेक्टर राम कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी में एक जाली नंबर की कार और तीन-चार चोर दिखाई दिए। मौके पर क्राईम ब्रांच की टीमें भी पहुंची और जांच शुरू कर दी। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि इस इलाके में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस इन पर अंकुश लगाने में विफल रही है।


**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली-110002
Website: www.deltoncables.com, E-mail: cs@deltoncables.com, CIN: L31300DL1964PLC004255

31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह की अवधि हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण (रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.12.2024 अअंकेक्षित | समाप्त नौ माह 31.12.2024 अअंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.12.2023 अअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 18,904.98 | 50,817.60 | 10,995.40 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 406.31 | 1,129.70 | 342.56 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 406.31 | 2,159.11 | 458.50 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 336.37 | 1,487.20 | 373.89 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 338.24 | 1,492.81 | 371.87 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) | 864.00 | 864.00 | 864.00 |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10 प्रत्येक) | | | |
| | (ए) बेसिक (रु.) | 3.89 | 17.21 | 4.33 |
| | (बी) डायल्युटेड (रु.) | 3.89 | 17.21 | 4.33 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये अअंकेक्षित तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित अनुसार भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) के सिद्धांत और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किये गये हैं।
3. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 11 फरवरी 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।

कृते व बोर्ड की ओर से
हस्ता/-
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00035916

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 11 फरवरी 2025



**एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड**

CIN- L74899DL1993PLC055697, Email ID: ekam.leasing1@gmail.in
पंजी. कार्यालय : नं. 11, रानी झांसी रोड (मोतिया खान), एम.एम. रोड, नई दिल्ली-110055

31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31-12-2024 (अअंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30-09-2024 (अअंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31-12-2023 (अअंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त नौ माह 31-12-2024 (अअंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त नौ माह 31-12-2023 (अअंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 31-12-2024 (अअंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 30-09-2024 (अअंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 31-12-2023 (अअंकेक्षित) | समेकित समाप्त नौ माह 31-12-2024 (अअंकेक्षित) | समेकित समाप्त नौ माह 31-12-2023 (अअंकेक्षित) | समेकित समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 1.72 | 3.73 | 15.97 | 21.36 | 49.70 | 65.17 | 1.72 | 3.73 | 15.98 | 21.36 | 49.70 | 65.17 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | -25.60 | -31.20 | 5.45 | -62.92 | 10.13 | 68.01 | -20.94 | -24.68 | 10.94 | -45.28 | 26.62 | 87.48 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) मदें और / अथवा मद असाधारण मदें)/जेवी का लाभ अथवा हानि | -25.60 | -31.20 | 5.45 | -62.92 | 10.13 | 68.01 | -20.94 | -24.68 | 10.94 | -45.28 | 26.62 | 87.48 |
| 4. | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -19.36 | -26.64 | 3.36 | -47.12 | 6.62 | 49.40 | -15.88 | -21.76 | 7.43 | -33.98 | 21.69 | 63.37 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | -19.36 | -26.64 | 3.36 | -47.12 | 6.62 | 49.40 | -15.88 | -21.76 | 7.43 | -33.98 | 21.69 | 63.37 |
| 6. | इक्विटी शेयर कैपिटल | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 7. | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | - | - | 39.39 | - | - | - | - | - | 589.55 |
| 8. | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर प्रचालनों हेतु) - बेसिक : | -0.32 | -0.44 | 0.06 | -0.79 | 0.11 | 0.82 | -0.26 | -0.36 | 0.12 | -0.57 | 0.36 | 1.06 |
| | डायल्युटेड : | -0.32 | -0.44 | 0.06 | -0.79 | 0.11 | 0.82 | -0.26 | -0.36 | 0.12 | -0.57 | 0.36 | 1.06 |

टिप्पणियां :-
1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग और अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किए गए 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। स्टैंडअलोन और समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज वेबसाइट अर्थात (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.ekamleasing.in) पर उपलब्ध है।
2. पूर्ववर्ती वर्षों / तैमाहिक आंकड़े, जहां आवश्यक है, रिग्रुपड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।
3. 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु परिणाम कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों (IND AS) के अनुपालन में हैं।
4. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 12 फरवरी 2025 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और रिकार्ड पर ले लिये गये।

पूर्ण वित्तीय परिणामों को देखने के लिए कृपया नीचे क्यूआर कोड स्कैन करें।

निदेशक मंडल की ओर से
एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
हस्ता/-
राकेश जैन
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00061737

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12 फरवरी 2025

## खबर संक्षेप

### लॉटरी में मिलेंगे फ्लैट, 2 जिलों में होगी शुरुआत



**रांची।** आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान के अनुसार रांची में आवास बोर्ड के खाली फ्लैट के आवंटन के लिए होने वाली लॉटरी के लिए सोमवार से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया 10 मार्च तक चलेगी। इसके बाद हजारीबाग फिर जमशेदपुर में भी लॉटरी के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जमशेदपुर में एक, दो और तीन बेडरूम के कुल 241 पुराने फ्लैट हैं। इनमें एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी और इडब्ल्यूएस फ्लैट शामिल हैं। इच्छुक लोग आवेदन कर सकते हैं। वे आदित्यपुर स्थित आवास बोर्ड के कार्यालय में सोमवार को कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता और अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

### रांची में बढ़ा निगम पार्किंग का पैसा



**रांची।** नगर निगम ने शहर के वाहन पड़ाव स्थल पर वाहन खड़ा करने का शुल्क बढ़ा दिया है। नई व्यवस्था में दो पहिया वाहन के लिए पांच के बदले 10 रुपए देने होंगे। इसी तरह चारपहिया वाहन चालक को 20 के बजाय अब 30 रुपए पड़ाव शुल्क देना होगा। पड़ाव स्थल पर गाड़ी खड़ा करने वालों के लिए कई तरह की सुविधा भी बहाल की जाएगी। दोनों तरह के वाहन के लिए तय शुल्क पहले तीन घंटे के लिए होगा। दस मिनट तक के लिए वाहन पड़ाव निशुल्क होगा। अभी दो पहिया वाहन के लिए प्रति तीन घंटा के लिए पांच रुपए और चार पहिया वाहन के लिए 20 रुपए लगते थे। निगम के द्वारा नए स्तर से बंदोबस्ती को लेकर संवेदक के साथ एकरारनामा होते ही बढ़ी हुई दर प्रभावी हो जाएगी। निगम की ओर से ई-ऑक्शन के जरिए अभी 14 वाहन पड़ाव स्थल की बंदोबस्ती कर दी गई है। शेष 15 पड़ाव स्थल की जल्द ही बंदोबस्ती हो जाएगी।

**अभ्यर्थी के साथ उनके अभिभावक भी दुखी नजर आए**

# यूपी पुलिस भर्ती: दौड़ लगा रहीं तीन अभ्यर्थी गिरीं, पैर की हड्डी टूटी, मौका गंवाने का दर्द हमेशा रहेगा याद

**यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की दौड़ में मुरादाबाद में चार महिला अभ्यर्थी गिरकर घायल हो गईं। इनमें से तीन के पैर फ्रेक्चर हो गए। 757 अभ्यर्थियों में से 610 ने दौड़ पूरी की।**

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

यूपी पुलिस में सिपाही पद पर भर्ती के लिए मंगलवार को दौड़ लगातीं चार महिला अभ्यर्थी गिर गईं। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चेकअप के बाद पता चला कि तीन अभ्यर्थियों के पैर फ्रेक्चर हो गए हैं। अभ्यर्थी के साथ ही उनके अभिभावक भी दुखी नजर आए। एक दिन पहले भी छह युवतियां गश खाकर गिर गई थीं, जिसमें एक अभ्यर्थी के पैर में फ्रेक्चर हो गया था।



**147 युवतियां तय समय में दौड़ पूरी नहीं कर पाईं**

*नौवीं वाहिनी पीएसी के मैदान में सोमवार से सिपाही भर्ती के लिए दौड़ की प्रक्रिया चल रही है। मंगलवार को 800 महिला अभ्यर्थियों को दौड़ में भाग लेना था। इसमें से 43 अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा में शामिल नहीं हुईं। 757 अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा में शामिल हुईं। 610 अभ्यर्थी ही निर्धारित समय में दौड़ पूरी कर पाईं, जबकि 147 युवतियां तय समय में दौड़ पूरी नहीं कर पाईं। दौड़ के दौरान बिजनौर के पूरनपुर निवासी अनु, बिजनौर के बाकरपुर निवासी आंचल, मुरादाबाद के नवीन नगर निवासी उपासना और रामपुर के पीपली निवासी कामिनी गश खाकर गिर गईं।*

### सिपाही बनने को दौड़ी 1050 लड़कियां

सिपाही भर्ती परीक्षा के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि बुधवार को 1050 लड़कियां दौड़ीं। नौवीं पीएसी के मैदान में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

### दौड़ का हिस्सा बनने से चूके अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका

नौवीं वाहिनी पीएसी के मैदान में सोमवार से दौड़ परीक्षा शुरू हुई थी। यह परीक्षा 27 फरवरी तक चलेगी। जो अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा में भाग नहीं ले पाईं हैं, उन्हें 27 फरवरी को दौड़ लगाने का मौका मिलेगा। इसके लिए अभ्यर्थी को लिखित में दौड़ में शामिल न होने का कारण बताना होगा।

### एसएसपी ने मैदान पर पहुंचकर परखी सुरक्षा

एसएसपी सतपाल अंतिल मंगलवार सुबह नौवीं वाहिनी पीएसी के मैदान में पहुंचे और उन्होंने सिपाही भर्ती के लिए चल रही दौड़ परीक्षा को देखा। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारी और कर्मियों को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए।

**जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव पेश किया जाएगा**

# किराएदार ध्यान दें...यूपी में अब रेंट एग्रीमेंट की भी होगी रजिस्ट्री, योगी सरकार की स्टाम्प शुल्क पर बड़ी तैयारी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार अब रेंट एग्रीमेंट पर बड़ा फैसला लेने जा रही है, जिसका सीधा असर मकान मालिक और किरायेदारों पर पड़ेगा। प्रॉपर्टी की सुरक्षा के लिए रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री को बढ़ावा दिया जाने की तैयारी है। रेंट एग्रीमेंट के नियमों में बड़ा बदलाव किए जाने की तैयारी है। रजिस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए स्टांप शुल्क को काफी कम रखने की सिफारिश की गई है। जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव पेश किया जाएगा।

सत्तारूढ़ भाजपा सरकार में स्टांप और पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि रेंट का रजिस्ट्रेशन कराए जाने से मकान मालिक और किरायेदार के बीच विवाद के मामलों में कमी आएगी। दोनों पक्ष के हितों को सुरक्षित रखने के तहत यह कदम उठाया जा रहा है। अब एक साल के तहत रेंट एग्रीमेंट के तहत न्यूनतम 500 रुपए से लेकर 20 हजार अधिकतम स्टांप शुल्क का चार्ज होगा।

### अभी केवल 100 रुपए के स्टाम्प पर समझौता कर लेते हैं



मंत्री ने बताया कि अभी रेंट एग्रीमेंट में स्टाम्प शुल्क ज्यादा होने की वजह से बहुत कम लोग इसे कराते हैं। अभी केवल 100 रुपए के स्टाम्प पर समझौता कर लेते हैं, जिसका कोई भी कानूनी दावा नहीं होता है। उत्तर प्रदेश में 1 साल में महज 86000 रेंट एग्रीमेंट हुए हैं। यह हालत तब है, जब घर से लेकर दुकान और ऑफिस तक को किराए पर देने वालों की संख्या लाखों में है।

### कांग्रेसियों को गैरकानूनी कदम उठाने से रोका जाए

मंत्री ने बताया कि अभी रेंट एग्रीमेंट में स्टाम्प शुल्क ज्यादा होने की वजह से बहुत कम लोग इसे कराते हैं। अभी केवल 100 रुपए के स्टाम्प पर समझौता कर लेते हैं, जिसका कोई भी कानूनी दावा नहीं होता है। उत्तर प्रदेश में 1 साल में महज 86000 रेंट एग्रीमेंट हुए हैं। यह हालत तब है, जब घर से लेकर दुकान और ऑफिस तक को किराये पर देने वालों की संख्या लाखों में है।

### रेंट एग्रीमेंट के लिए पोर्टल तैयार होगा

अब नए नियम के मुताबिक रजिस्टर्ड एग्रीमेंट में लिखी शर्तें ही कानूनी रूप से मान्य होंगी, जिन पर कोर्ट में दावा किया जा सकेगा। ऐसा भी बताया जा रहा है कि नए नियम के तहत रेंट एग्रीमेंट के लिए अलग से पोर्टल तैयार होगा। इसका एक तय फॉर्मेट होगा, जिसका प्रिंट आउट लेकर अपने पास सेव करके रखा जा सकेगा। इस फॉर्मेट पर स्टाम्प को चिपकाने के बाद इसे कानूनी वैधता मिल जाएगी। नए रेंट एग्रीमेंट नियम के तहत एक साल तक के एग्रीमेंट पर किराए का 2 प्रतिशत स्टांप शुल्क वसूला जाएगा। 2 लाख रुपए तक के किराए पर 500 रुपए स्टांप शुल्क। 5 लाख रुपए तक के किराए पर 5 हजार का स्टांप शुल्क।

### जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर उठा रहे थे सवाल, अब खुद ही चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे हैं



**पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का बुधवार को सीएम योगी ने अनावरण किया**

*बागपत। छपरौली के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रालोद के संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अनावरण किया। इसके साथ ही सीएम ने 351 करोड़ की 281 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह उनके साथ रहे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेस्ट यूपी के किसानों ने खेती की उन्नत तकनीक अपनाकर अपना विकास किया है। चौधरी अजित सिंह भी कहते थे कि देश के विकास का रास्ता खेत और किसान से होकर गुजरता है। उसी से प्रेरणा लेकर हम किसानों के हित की दिशा में काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर अंगुली उठा रहे थे, वे अब चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे हैं। 26 फरवरी तक कुंभ भव्यता से चलता रहेगा और श्रद्धालु लाभ उठाते रहेंगे।*

**सीएम योगी को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार**

# एसटीएफ ने मुरैना से पकड़ा बोला- सबसे बड़ा डॉन बनना है



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को धमकी देने के बाद आरोपी सुनील गुर्जर परिवार समेत घर से फरार होने वाला था। उसके भागने से पहले यूपी एसटीएफ ने घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। अब उसके मोबाइल और बैंक अकाउंट की जांच की जा रही है। यूपी के सीएम आवास के फोन पर कॉल कर सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मप्र के मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हासई मेवदा गांव के महाराज सिंह का पुरा माजरा का रहने वाला सुनील गुर्जर है। सीएम योगी आदित्यनाथ को धमकी मिलने के बाद देर रात यूपी एसटीएफ की टीम उसके गांव में पहुंची और उसे पकड़ लिया। आरोपी ने पूछताछ में जो बात कही उसे सुनकर पुलिस अफसर भी हैरान रह गए। ग्रामीणों ने बताया कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को धमकी देने के बाद आरोपी सुनील गुर्जर को अंदेशा था कि पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए आ सकती है। ऐसे में उसने परिवार समेत घर से फरार होने की योजना बना ली थी।

### आरोपी के बैंक अकाउंट, मोबाइल की जांच जारी

यूपी एसटीएफ आरोपी सुनील गुर्जर के बैंक अकाउंट और मोबाइल की जांच की जा रही है। जिससे पता चल सके कि कहीं आरोपी ने किसी आतंकी संगठन या अन्य स्रोत से फंडिंग लेकर तो सीएम योगी आदित्यनाथ को धमकी तो नहीं दी थी। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने आरोपी से धमकी देने का कारण पूछा तो उसने कहा कि 'उसे देश का सबसे बड़ा डॉन बनना है'। जानकारी के अनुसार 20 साल के सुनील गुर्जर ने मंगलवार दोपहर को मुख्यमंत्री आवास पर कॉल कर योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके तुरंत बाद उत्तर प्रदेश पुलिस सक्रिय हुई। यूपी एसटीएफ और साइबर टीम ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर आरोपी की सटीक जानकारी हासिल की। एसटीएफ के एएसपी की अगुआई में 10 से 12 जवानों की टीम दो वाहनों से महाराज सिंह का पुरा गांव पहुंची। टीम ने करीब डेढ़ से दो घंटे तक आरोपी की लोकेशन को लेकर जानकारी जुटाई।

## पेज एक का शेष

### फ्री मिल रहा राशन...

गवई और जस्टिस आर जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि दुर्भाग्य से इन फ्रीबीज की वजह से लोग काम करने से कतराते हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई छह सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी।

### मोदी-मैक्रों की ...

बयान से मिली है। जिसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने बेहतर तालमेल दिखाते हुए एक साथ फ्रांस के राष्ट्रपति के विमान में मार्सिले के लिए उड़ान भरी। विमान में ही दोनों की बैठक हुई। इसके बाद मार्सिले पहुंचने पर भारत-फ्रांस के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत हुई। उक्त बैठकों के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस की यात्रा संपन्न हुई और वह अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका रवाना हो गए। जहां अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी मुलाकात होगी।

**वैश्विक थर्मोन्यूक्लियर रिएक्टर का दौरा किया :** दोनों ने कैडाराचे में वैश्विक थर्मोन्यूक्लियर रिएक्टर (आईटीईआर) का दौरा किया। यह किसी अंतरराष्ट्रीय नेता द्वारा किया गया आईटीईआर का पहला दौरा था। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों का आईटीईआर के महानिदेशक ने स्वागत किया। आईटीईआर दुनिया की सबसे महत्वकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। नेताओं ने परियोजना पर काम कर रहे इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की प्रतिबद्धता और समर्पण की सराहना की।

**इन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर:** दोनों देशों के बीच तकनीक और नवाचार से जुड़े 4, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी से जुड़े 3 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा पर्यावरण पर 1, हिंद-प्रशांत सतत विकास पर 1 और संस्कृति व लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भी 1 समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें तकनीक व नवाचार को लेकर किए गए समझौतों में एआई पर दोनों देशों का घोषणा पत्र, 2026 के नवाचार वर्ष के लोगो, भारत के 10 स्टार्टअप को फ्रांस के इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में शामिल करने के लिए हुआ समझौता अहम है। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से मार्सिले में भारत के वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया।

### यूएनएससी में ...

करने के लिए प्रभावी बहुपक्षवाद का आह्वान किया। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए बहुपक्षीय मंचों में समन्वय पर सहमति प्रदान की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। सामूहिक अत्याचारों के मामले में परिषद में वीटो के उपयोग के विनियमन पर चर्चा को मजबूती प्रदान के लिए भारत और फ्रांस सहमत नजर आए।

### आतंकवाद के सभी...

नेस्तनाबूद करने का आह्वान किया। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों इस बात पर सहमत नजर आए कि किसी भी देश को उन लोगों को पनाह नहीं देनी चाहिए जो आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंडिंग करने, उससे जुड़ी योजना बनाने या समर्थन प्रदान करते हैं। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल की सिफारिश के हिसाब से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने के अंतरराष्ट्रीय मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। यूएनएससी की 1267 प्रतिबंध समिति द्वारा सूचीबद्ध समूहों से जुड़े लोगों को दोनों नामित करने के पक्ष में नजर आए। भारत और फ्रांस नो मनी फॉर टेरर समेत अन्य वैश्विक मंचों पर साथ काम करने को तैयार हैं।

### लांच हुआ भारत-फ्रांस ...

जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा का जिक्र किया गया। दोनों ने वैज्ञानिक शोध, अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के महत्व को स्वीकार किया और दोनों देशों के बीच बने हुए व्यापक और स्थायी जुड़ाव के मद्देनजर पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने 2026 में नई दिल्ली में होने वाले भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का लोगो लांच किया। राष्ट्रपति मैक्रों ने फ्रांस में भारत के यूपीआई का उपयोग करने की संभावनाओं और फ्रांस के स्टार्टअप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में भारतीय स्टार्टअप को शामिल करने का स्वागत किया। साइबर स्पेस के रणनीतिक महत्व, वैश्विक कानूनों के प्रयोग, साइबर स्पेस में जिम्मेदार राज्य व्यवहार के लिए ढांचे के कार्यान्वयन को लेकर यूएन में समन्वय को मजबूत करने की इच्छा जताई। दोनों ने वार्ता में इस साल होने वाली रणनीतिक साइबर सुरक्षा और साइबर कूटनीति वार्ता की प्रतीक्षा का जिक्र किया।

### मजबूत होगी ...

जारी चर्चाओं का दोनों ने स्वागत किया। फ्रांस के सेफ्रॉन समूह और उनके भारतीय भागीदारों के बीच बने हुए सहयोग का स्वागत करते हुए फ्रांस की सेना को पिनाका एमबीआरएल देखने के लिए आमंत्रित किया। इसकी फ्रांस द्वारा खरीद दोनों देशों के रक्षा संबंधों में एक और मील का पत्थर साबित होगी। राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत को पर्यवेक्षक के रूप में यूरो ड्रोन मेल कार्यक्रम में शामिल करने का स्वागत किया और कहा कि इससे रक्षा उपकरण कार्यक्रम को लेकर हमारी भागीदारी को मजबूती मिलेगी। भारत-फ्रांस औद्योगिक रक्षा कॉरिडोर और हॉरिजोन-2047 के विजन के तहत दोनों देश आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

### स्पेस, व्यापार

के क्षेत्र में व्यापक तंत्र के निर्माण को लेकर जारी चर्चा की भी दोनों शीर्ष नेताओं ने प्रशंसा की। नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू सम्मेलन को लेकर संबंधों के महत्व को भी बैठक में रेखांकित किया गया। त्रिपक्षीय आधार पर ऑस्ट्रेलिया और यूएई संग बढ़ते सहयोग की भी दोनों ने प्रशंसा की।

### भारत की विकास...

पीएम ने विशेष जोर दिया। फोरम में दोनों देशों की कुल 31 कंपनियों (भारत की 15 और फ्रांस की 16 कंपनियां शामिल) के सीईओ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

### भारत की प्रतिभा, ...

हॉस्पिटैलिटी जैसी कंपनियों के सीईओ इस अहम आयोजन में शामिल हुए।

### भारत-फ्रांस के बीच ...

एफडीआई और सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा क्षेत्र (एसएमआर, एएमआर तकनीक) में निजी भागीदारी जैसी मुख्य पहल के बारे में भी सीईओ को जानकारी दी। इनकम टैक्स कोड के सरलीकरण और आयात शुल्क को व्यवस्थित करने से भारत में व्यापार को लेकर संभावनाएं बढ़ गई हैं। पीएम ने लगातार सुधारों को बढ़ावा देने के लिए अपनी और सरकार की प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने बताया कि भरोसे पर आधारित प्रशासन की स्थापना के लिए एक उच्च स्तरीय नियामक सुधार समिति का गठन कर दिया गया है। इसी भावना के साथ बीते कुछ वर्षों में 40 हजार से अधिक विवादों का निपटारा किया गया है।

### कहा- पहले ठंडे ...

लिए जाने जाते हैं। उनकी पहले भी सरकार और आईएएस व आईपीएस अधिकारियों के साथ तकरार होती रही है। मगर उन्होंने कभी सार्वजनिक तौर पर इतने सख्त बयान नहीं दिए। उस दौरान भी पार्टी ने ऐसे मामलों में कभी संज्ञान नहीं लिया। यह पहली बार है जब उन्होंने खुलकर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ बयान दिया है। इस बार पार्टी ने विज के बयानों को गंभीरता से लिया है। भाजपा सरकार में यह पहली बार है, जब किसी मंत्री को संगठन की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि विज को नोटिस देने के पीछे एक कारण यह भी है कि बाकी लोगों को भी एक सख्त संदेश देना चाहती है। मंत्रिमंडल में सैनी से वरिष्ठ कई मंत्री हैं। ऐसे में आगे कोई इस तरह की घटना न हो, इसलिए पार्टी की ओर से कार्रवाई की गई है।

अंबाला में पत्रकारों से बातचीत में विज ने कहा कि मैं तीन दिन से बेंगलुरु में था। कल घर आकर पहले नहाया फिर खाना खाया और उसके बाद बैठ कर नोटिस का जवाब दिया। नोटिस का जवाब समय से पहले दे दिया है। मैंने इस चिट्ठी में लिखा है कि अगर और किसी बात का जवाब चाहिए तो वो भी देने को तैयार हूं।

अब विज के जवाब पर ही पार्टी की अगली कार्रवाई टिकी है। जानकार कहते हैं कि यदि विज अपने बयानों पर खेद जताते हैं तो पार्टी उन्हें चेतावनी देकर इस मामले को यही खत्म कर देगी। कार्रवाई के तौर पर पार्टी उनसे मंत्री पद वापस ले सकती है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि विज को नोटिस देने के पीछे एक कारण यह भी है कि बाकी लोगों को भी एक कड़ा संदेश देना चाहती है। मंत्रिमंडल में सैनी से सीनियर कई मंत्री हैं। ऐसे में आगे कोई इस तरह की घटना न हो, इसलिए पार्टी की ओर से कार्रवाई की गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती ...

सीमावर्ती इलाके ही नहीं बल्कि बांगलादेश, चीन, म्यानमार और नेपाल के बॉर्डर के पास अति संवेदनशील भूमि स्ट्रेटजिक बॉर्डर सिक्योरिटी को ताक पर रख कर आवंटित किया गया है? तीसरे सवाल में खडगे ने पूछा कि हम एक सीनियर आर्मी ऑफिसर के सवाल को दोहराते हुए पूछते हैं कि दुश्मन देशों के खिलाफ विपरीत परिस्थितियों में लैंड माइन बिछाना हो या अन्य युद्धक टैंकों की तैनाती सुनिश्चित करनी हो तो भूमि का आवंटन अन्य को हो जाने के बाद कैसे संभव हो सकेगा? प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिंदी में ट्वीट करते हुए लिखा, क्या प्रधानमंत्री जी के 'मित्र' को देश के सारे संसाधन सौंपने का सिलसिला यहां तक पहुंच गया है कि सीमा सुरक्षा के नियम भी बदले जा रहे हैं? एक खबर का हवाला देते हुए उन्होंने लिखा कि एक खबर केअनुसार, अडानी जी के एनर्जी पार्क के लिए भारत की सीमा सुरक्षा के नियमों को बदलाव कर दिया गया। लिखा है कि सेना के सीनियर अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा और निगरानी कार्यों में आने वाली बाधाओं को लेकर आशंकाएं जताई लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। प्रधानमंत्री जी के मित्र को सस्ती जमीन और व्यापारिक लाभ देने के लिए सेना की सुरक्षा जिम्मदारियों को मुश्किल और संवेदनशील बनाया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि एक व्यक्ति का व्यापारिक हित देश की सुरक्षा के सवाल से भी बडा है? कुछ ऐसे ही सवाल केसी वेणुगोपाल ने भी उठाये।

### हार्वर्ड बिजनेस ...

भी प्रकाश डाला।

प्रतिनिधिमंडल ने भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक मंच पर बढ़ते कद को समझने में गहरी रुचि दिखाई। बातचीत के दौरान, प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भारत की विकास नीतियों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में बढ़ते प्रभाव के विषय में जानकारी लेने के लिए उत्सुक दिखे । श्री बिरला ने उनके सवालों का स्वागत किया और आर्थिक निवेश और संसदीय लोकतंत्र के कार्यान्वयन के विषय में विचारशील उत्तर दिए।

एक प्रश्न के उत्तर में, बिरला ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र सर्वोत्तम शासन प्रणाली है और यह विभिन्न समस्याओं के प्रभावी समाधान प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सुशासन हेतु नागरिकों को शासन के लोकतांत्रिक रूप में हिस्सेदार बनाना सभी का सामूहिक प्रयास होना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल, जिसमें कई देशों के अग्रणी व्यवसायी शामिल थे, ने लोक सभा अध्यक्ष को भारत के राजनीतिक और आर्थिक परिप्रेक्ष्य की गहरी समझ साझा करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

### राम मंदिर के पुजारी ...

न्यूरोलॉजी वार्ड के एचडीयू में भर्ती किया गया। उनके शिष्य प्रदीप दास ने बताया कि सुबह 8 बजे उनका निधन हुआ। उनका पार्थिव शरीर लखनऊ से अयोध्या ले जाया जा रहा है। अंतिम संस्कार 13 फरवरी को सरयू नदी के किनारे किया जाएगा। आचार्य सत्येंद्र दास ने लगभग 33 वर्षों तक राम मंदिर की सेवा की। फरवरी 1992 में जब राम जन्मभूमि की जिम्मेदारी जिला प्रशासन को सौंप दी गई थी, तब पुराने पुजारी महंत लालदास को हटाने की चर्चा हुई। इसके बाद, 1 मार्च 1992 को विनय कटियार, अशोक सिंघल और विश्व हिंदू परिषद के अन्य नेताओं की सहमति से सत्येंद्र दास को मुख्य पुजारी नियुक्त किया गया। राम मंदिर आंदोलन से जुड़े दिग्गजों व प्रमुख राजनेताओं ने कहा है कि आचार्य सत्येंद्र दास का निधन अयोध्या के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने दशकों तक राम मंदिर की सेवा की और उनकी अनुपस्थिति हमेशा महसूस की जाएगी।

### 'टैक्सटाइल' के क्षेत्र...

टैक्सटाइल्स पर 200 प्रतिशत इंसेंटिव देते हैं, हमारा कॉटन उच्च गुणवत्ता का है। मेरी जापान यात्रा के दौरान यूनिक्लो कंपनी के मलिक ने भी इस बात का उल्लेख किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली के होटल ताज में आयोजित जीआईएस-2025 के कर्टन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगों में विभिन्न प्रकार की रियासतों के साथ ही इस बात का सर्वाधिक ध्यान रखा जाता है कि उनके सारे काम समय से हो जाएं।

### मप्र को नवाचार और...

निरंतर उद्योगपतियों, निवेशकों से संवाद कर रहे हैं। छोटे-छोटे स्थान पर इन्वेस्टर समिट आयोजित की गई हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मप्र आगे बढ़ते हुए एक इंडस्ट्री रेडी स्टेट बन रहा है। हमने सभी सेक्टर के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने जीआईएस-2025 के दिल्ली में इन्वेस्ट एमपी कर्टन रेजर कार्यक्रम में कहा कि हमारे निवेश के 3 डी मॉडल को आज दुनिया भर के उद्योग जगत ने सराहा है। यह मॉडल निवेशकों की ड्राइव, प्रदेश के डेवलपमेंट और हमारी डिटरमिनेशन का प्रतीक है। हम निवेशकों के साथ एक मजबूत साझेदारी बनाकर मप्र को नवाचार और औद्योगिक क्रांति का केंद्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत रहेंगे।

### 40 देशों के राजनयिक....

राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि, राजदूत, उच्चायुक्त, काउंसलर, मुख्य सचिव आर्थिक व व्यापारिक विशेषज्ञ आदि शामिल हुए। आयोजन में 15 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों से वन-टू-वन मीटिंग की गई। इसमें जागृत कोटेचा (सीईओ, पेप्सिको भारत और दक्षिण एशिया), पुनित डालमिया (चेयरमैन, डालमिया भारत), माधवकृष्ण सिंघानिया (जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जेके सीमेंट), विनीत मित्तल (चेयरमैन, अवाडा ग्रुप), जीन-मार्क लेक्लरक्यू (सीईओ, सॉफलेट माल्ट), रिकान्त पिट्टी (संस्थापक, ईज माय ट्रिप), विनय व्यास (सीईओ, फ्यूजन एक्स एनर्जी), अनिल चालमालासेटी (ग्रुप सीईओ और एमडी, ग्रीनको ग्रुप), विनीत आर्य (वाइस चेयरमैन, जेबीएम समूह), राहुल मित्तल (चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, आईआईटीईएस) और सुश्री अनुसूया रे (वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट अफेयर्स, एबी-इनवेव इंडिया) शामिल थे।

### मप्र रणनीतिक निवेश...

करने की घोषणा की है। मप्र की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति लॉजिस्टिक्स के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रदेश में उच्चस्तरीय अधोसंरचना, सुव्यवस्थित प्रशासनिक प्रक्रिया और उद्योग-अनुकूल नीतियां निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। विभिन्न सेक्टर-फोकस्ड नीतियों के माध्यम से सरकार निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुसार सुधार कर रही है, जिससे मप्र एक वास्तविक निवेश-फ्रेंडली राज्य के रूप में उभर रहा है। अवाडा ग्रुप चेयरमैन विनीत मित्तल ने भी अपने अनुभव साझा किए।

# जन सुराज की फंडिंग पर जेडीयू ने उठाए थे सवाल, अब प्रशांत किशोर ने दिया जवाब



एजेंसी ▶▶ पटना

जेडीयू नेता नीरज कुमार ने कुछ दिनों पहले सवाल उठाया था कि प्रशांत किशोर को कहां से फंडिंग हो रही है? कहां से पैसा आ रहा है? इसको लेकर खुद जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने जवाब दिया है। पीके ने कहा कि मैंने कभी ठेकेदारी नहीं की, न कभी विधायक या सांसद बना। न ही मैं किसी सरकारी पद पर रहा और न ही मैं आईएएस या आईपीएस रहा। मेरे पास जो कुछ भी है वह मेरी बुद्धि और मां सरस्वती की कृपा से है। प्रशांत किशोर ने आगे कहा, क्या पैसा सिर्फ गुजरात के लड़कों के पास रहेगा? बिहार के लड़कों का वोट, बिहार के लड़कों की ताकत, बिहार के लड़कों की आवाज और पैसा गुजरात के लड़कों के पास, ये अब नहीं चलेगा। बिहार के लड़के मजदूरी करने के लिए पैदा नहीं हुए हैं। पीके ने कहा कि हम सब जानते हैं कि जिस पर सरस्वती जी की कृपा होती है उसके पास लक्ष्मी जी अवश्य आती हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिहार के इस बेटे के पास जो कुछ भी है, वह उसने अपनी बुद्धि से कमाया है, उनके पिताजी ने नहीं दिया है, ताकि बिहार का कोई भी युवा कमजोर न रहे।

### नीरज कुमार ने लगाया था आरोप

कुछ दिनों पहले जेडीयू नेता नीरज कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के वित्तीय स्रोतों पर सवाल उठाया था। नीरज कुमार ने आरोप लगाया था कि पार्टी को जॉय ऑफ लिविंग ग्लोबल फाउंडेशन से फंडिंग हो रही है। यह एक चैरिटेबल ट्रस्ट है जिसके जरिए जन सुराज को फंडिंग की जा रही है। नीरज कुमार ने कहा था कि चैरिटेबल फाउंडेशन के नाम पर राजनीतिक गतिविधियां चलाना टैक्स अनियमितता के एक बड़े मामले को जन्म देता है। इस फाउंडेशन के वित्तीय लेन-देन में भी गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। प्रशांत किशोर को स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी पार्टी और इस फाउंडेशन के बीच क्या संबंध है?






**डॉक्टर सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# छोटी-छोटी बातों पर जब महसूस हो तनाव



**मेरी उम्र 69 वर्ष है। मैं अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर तनावग्रस्त हो जाता हूं। इस वजह से मुझे ठीक से नींद नहीं आती और कभी-कभी ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कृपया बताएं कि मैं अपनी इस समस्या से कैसे निजात पाऊं?**

**-सर्वेश्वर, रायपुर**

आप जो छोटी-छोटी बातों को लेकर तनावग्रस्त होते हैं, तनाव लेने के बजाय आपको उनका समाधान ढूंढना चाहिए। तनाव लेने से कुछ नहीं होगा, लेकिन समाधान से ही सब होना है। इसके साथ ही आप कोशिश करें कि कुछ क्रिएटिव काम करते रहें, क्योंकि अगर आप खाली रहेंगे तो आपका मन इधर-उधर डाइवर्ट होगा और परेशानी बढ़ सकती है। इससे भी आराम नहीं हो रहा है तो जरूर आपको एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मैं जब भी शेव करता हूं, मेरे चेहरे पर रैशेज हो जाते हैं। कई बार तो बड़े-बड़े लाल दाने भी निकल आते हैं। प्लीज इसका सॉल्यूशन बताएं।**

**-मुदित, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि चेहरे में हल्के दाने होंगे, जिसकी वजह से शेव करने से रैसेज पड़ जाते हैं। पहले आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर इसकी जांच कराएं, जिससे कारण पता चलेगा, क्योंकि अगर दाने होंगे और आप शेविंग करेंगे तो यह समस्या बनी रहेगी। हालांकि कई बार शेविंग क्रीम से इंफेक्शन की भी संभावना होती है। यह डॉक्टर जांच करने के बाद बता पाएंगे।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दर्द रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुणाल, दुर्ग**

आपको बगैर देर किए जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि आपके लक्षण देखकर ऐसा लग रहा है कि आपको टाइफाइड हो सकता है, जिसमें बुखार भी रहता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और जांच के बाद ट्रीटमेंट कराएं।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे बैक-पेन की प्रॉब्लम है। लेटे रहने पर तो ठीक रहता है, लेकिन बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया इस समस्या का कोई समाधान बताएं।**

**-शंभुनाथ, महासमुंद**

उम्र बढ़ाने के साथ कई तरह की समस्याएं हो जाती हैं। लेकिन आप बता रहे हैं कि लेटने से आराम मिलता है, यानी मूवमेंट करने में दिक्कत आ रही है। हालांकि कई बार कैल्शियम और विटामिन डी की कमी भी बैक पेन का कारण बनता है। एक बार आप हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर एक्स-रे करा लें, जिससे पता चल जाएगा कि हड्डियों में तो कोई दिक्कत नहीं हो रही है। साथ ही आप नियमित रूप से बैक की एक्सरसाइज करें, इसी से स्थाई रूप में राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे लगातार खांसी आ रही है। घर से बाहर यह प्रॉब्लम और भी बढ़ जाती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-रक्षित, बिलासपुर**

अगर आपको लंबे समय से खांसी आ रही है तो जरूर एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि घर के बाहर समस्या और बढ़ जाती है, इससे ऐसा लग रहा है कि आपको पॉल्यूशन की वजह से ऐसी प्रॉब्लम आ रही है। इसलिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर निकलें तो मास्क पहनकर निकलें। साथ ही एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करा लें, जिससे किसी तरह की शंका न रहे।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। मुझे बीते 3 सालों से पाइल्स की समस्या है। कृपया इसका उचित उपचार बताएं।**

**-एक पाठक, ईमेल से**

पाइल्स की समस्या का सीधा संबंध कब्ज से होता है। अगर आपको कब्ज रहती है तो यह बीमारी होने की संभावना पूरी रहती है। इससे बचाव के लिए आप नियमित रूप में पपीता खाएं। अदरक और मिर्च वाले खाने से परहेज करें। साथ ही ऑयली खाना कम से कम खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से पहले गुनगुना दूध लें। इन प्रयासों से आपको आराम मिलेगा। *

**प्रस्तुति : रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---


आज के दौर में हम में से अधिकांश लोगों की लाइफस्टाइल में स्टेबिलिटी बढ़ रही है, फिजिकल एक्टिविटी कम होती जा रही है। जॉब की वजह से भी बहुत लोग लॉन्ग सिटिंग करते हैं। इस वजह से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का रिस्क बढ़ता जा रहा है। कई स्टडीज में इसके नुकसान और इससे बचाव के तरीके बताए गए हैं। आपको इनके बारे में जरूर मालूम होना चाहिए।

# कई बीमारियों का रिस्क बढ़ाती है लॉन्ग सिटिंग

**हेल्थ-फिटनेस**

विवेक कुमार







हाल ही में ब्रिटेन की ग्लासगो कैलेडोनियन यूनिवर्सिटी में एक अध्ययन किया गया, जिसमें पाया गया कि एक जगह पर ज्यादा देर तक बैठने वाले लोगों में डायबिटीज, मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इनसे बचने के लिए प्रतिदिन एक्सरसाइज करने की जरूरत होती है। एक्सरसाइज से न केवल गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं बल्कि लगातार बैठने के कारण अचानक होने वाली मौतों का खतरा भी 30 फीसदी तक घट सकता है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार 4 से 6 घंटे बैठने वालों को 12 से 18 मिनट, 6 से 8 घंटे तक बैठने वालों को 18 से 24 मिनट और 8 से 10 घंटे तक बैठने वालों को एक्सरसाइज के लिए कम से कम रोजाना 24 से 30 मिनट देने चाहिए।

## जीवनशैली है जिम्मेदार

लॉन्ग सिटिंग की वजह यह है कि पहले लोगों की जीवनशैली में गतिशीलता अधिक थी। किसी भी काम को करने के लिए उन्हें कहीं न कहीं जाना पड़ता था। आज काम करने के लिए डेस्क है। खाना खाने के दौरान टीवी सेट सामने है। मूवमेंट बहुत कम होती है। पूरा दिन लोग सिर्फ ऑनलाइन रहते हैं। खाना भी हम अपने मोबाइल फोन, टीवी या लैपटॉप के सामने बैठकर ही खाते हैं, जिससे लगातार हम बैठे ही रहते हैं और हमारा वजन बढ़ता है। केवल प्रतिदिन 15 या 20 मिनट की आरामदायक सैर से हम इससे होने वाले तमाम खतरों को कम कर सकते हैं।

## लॉन्ग सिटिंग की वजहें

कई लोगों के लिए ऑफिस वर्क का मतलब ही होता है, कई घंटों तक लगातार एक ही जगह पर बैठे रहना। वे पूरे दिन में बहुत की कम टहलने के लिए निकलते हैं बल्कि कहा जाए तो लगातार घंटों सिर्फ काम ही करते हैं। वे बैठकर लगातार काम करते हैं, बीच में खड़े भी नहीं होते। इस तरह की कार्यशैली को हम अपने काम का एक नियमित हिस्सा मान लेते हैं और इसे आसानी से नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन विभिन्न देशों में शोधकर्ताओं के बीच यह लगातार एक चिंता का विषय बन रहा है। येल मेडिसिन फिजियाट्रिस्ट एरिक के. होल्डर के अनुसार, 'मेरे मस्कुलोस्केलेटल क्लीनिक में लंबे समय तक बैठे रहना और उससे होने वाली कई परेशानियों के कई मरीज आते हैं। इस एक वजह के कारण उन्हें कई अन्य और प्रकार के डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है।' वह आगे कहते हैं, 'लोग डेस्क पर बैठे रहते हैं, लंबे समय तक कंप्यूटर या टीवी के सामने बैठे रहते हैं, लगातार कार, ट्रेनों और विमानों में यात्रा करते रहते हैं। यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है, जो कई पुरानी बीमारियों को जन्म दे सकती है।'

## हो सकती हैं कई समस्याएं



येल मेडिसिन विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार बैठने से हमारे पैरों के निचले हिस्से और पंजे थक जाते हैं, उनमें सूजन और दर्द रहने लगती है। वहां रक्त और तरल पदार्थ जमा होने का हमें खुद एहसास होने लगता है। पैर की गहरी नसों में खून का थक्का जम जाता है और खून फेफड़ों तक न जा पाने के कारण हमारे बीमार होने की आशंका बढ़ती है। लगातार स्थिर रहने से इस तरह की समस्या भी उत्पन्न होती है। इसके लिए अपने जोखिम को कम करने हेतु हर 30 मिनट या 1 घंटे के बाद खड़े होकर टहलें। कुछ न कुछ फिजिकल एक्टिविटी करें।

## स्पाइनल कॉर्ड पर पड़ता है दुष्प्रभाव

डॉक्टर होल्डर के अनुसार लंबे समय तक बैठे रहने से रीढ़ की हड्डी के साथ-साथ कंधों और कूल्हों पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कंप्यूटर पर बैठने के दौरान आगे की ओर झुक कर हम अपनी कमर को सीधा नहीं रखते, जिससे मांसपेशियों में थकान होती है। पीठ के निचले हिस्से पर दबाव बढ़ने से रीढ़ की हड्डी का लचीलापन कम हो जाता है। उनके अनुसार 18 से 64 वर्ष की आयु के लोगों को कम से कम 150 मिनट एरोबिक एक्सरसाइज करनी चाहिए। बैठने के बुरे प्रभावों से बचने के लिए पूरे दिन में बार-बार हिलना-डुलना चाहिए।

## सिटिंग के दौरान लेते रहें ब्रेक



डॉ. होल्डर का कहना है कि अपना वर्कस्टेशन ऐसा बनाएं, जिसमें स्टैंडिंग डेस्क हो। अगर ऐसा नहीं है तो अपने लैपटॉप या डेस्क टॉप को ऊंचे काउंटर पर रखें या हर आधे घंटे के बाद थोड़ा उठें और चलें-फिरें। ज्यादा कुछ न कर सकें तो अपनी पानी की बोतल छोटी रखें, ताकि दिन में कई बार पानी भरने के लिए आपको वॉटर कूलर तक जाना पड़े। घर पर भी लगातार टीवी देखने के दौरान विज्ञापनों के दौरान खड़े होने और चलने और स्ट्रेचिंग के लिए ब्रेक लेना चाहिए।

## हार्ट डिजीज का बढ़ता है रिस्क

लगातार बैठना, शारीरिक गतिविधि की कमी से हृदय रोग की आशंकाओं को बढ़ाता है। डॉ. लैंपर्ड का कहना है कि इसके लिए हर घंटे थोड़ी देर टहलना ही एकमात्र समाधान है। लगातार बैठने से वजन बढ़ना, मोटापा, मधुमेह की आशंकाएं भी बढ़ती हैं। इसके अलावा काम पर लगातार बैठे रहना और गतिहीन जीवनशैली, कैंसर का भी कारण बनती है। इसलिए जितना संभव हो सके अपना काम खड़े होकर करें। बीच-बीच में चलते रहें। खड़े रहने से बैठने की तुलना में दोगुनी कैलोरी बर्न होती है।

कहने का कुल सार यही है कि किसी भी वजह से लगातर बैठे रहना हमारे हेल्थ और फिटनेस के लिए बहुत हार्मफुल है। इससे बचाव के लिए हमे यहां बताई गई बातों को अमल में लाना जरूरी है। *

### इनका भी रखें ध्यान

**हम सभी** के पास करने के लिए काम है और कई लोगों के पास इतना समय नहीं है कि वर्कआउट कर सकें। इसलिए जितना संभव हो उतना ही काम करें, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित व्यायाम करें, धूम्रपान से बचें। शराब और मांस का सेवन कम करें और पर्याप्त मात्रा में फल और सब्जियां खाकर एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम कई रोगों से बच सकते हैं।



---

**घरेलू औषधि / वीना गौतम**

# स्वाद बढ़ाए रोगों से बचाए तेजपत्ता



उत्तर हो या दक्षिण, पूरब हो या पश्चिम, शहर हो या गांव, घर हो या होटल, हर रसोई में मौजूद होता है तेजपत्ता। भारत में तेजपत्ते का इस्तेमाल स्वाद बढ़ाने वाले मसाले के रूप में ही नहीं बल्कि घरेलू औषधि और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी के रूप में भी सदियों से होता रहा है। यही वजह है कि इसकी देश में बहुत ज्यादा डिमांड है और देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मसाले के रूप में जो तेजपत्ता इस्तेमाल किया जाता है, उसमें करीब 70 फीसदी तेजपत्ता भारत से ही जाता है।

तेजपत्ता लॉरेसी परिवार का पेड़ है। अपने देश में इसके कई नाम प्रचलित हैं मसलन-सिन्नामोमम तमाला, मालाबार पत्ता, भारतीय छाल, भारतीय कैसिया या मालाबाथ्रम के नाम से इसे भी जानते हैं। तेजपत्ता का पेड़ भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, चीन, फ्रांस और इटली के साथ-साथ रूस, मध्य अमेरिका, उत्तरी अमेरिका औश्र बेल्जियम में भी पाया जाता है। तेजपत्ता के पेड़ की खेती भारत के कई राज्यों में की जाती है, जैसे- उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी।

**कई रोगों में कारगर:** तेजपत्ता के पेड़ के पत्तों में, लौंग जैसी सुगंध होती है, इसलिए इसका इस्तेमाल जहां मसालों के तौर पर खाना पकाने में किया जाता है, वहीं इसके तेल का इस्तेमाल सिरदर्द, जोड़ों के दर्द, अर्थराइटिस, सूजन आदि में रामबाण सरीखी राहत पाने के लिए किया जाता है। साथ ही तेजपत्ता के पेड़ के पत्तियों का इस्तेमाल हर्बल चाय बनाने में भी किया जाता है।

इसमें एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं। इसलिए इसके सेवन से शारीरिक सूजन में आराम मिलता है। यह पाचक एंजाइम्स को स्टिमुलेट करता है। इस तरह पाचन में सहायक होता है और अपच, गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। इसमें प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं इसलिए इसका सेवन हमें कैंसर और हार्ट डिजीज के रिस्क से बचाने में भी सहायक होता है। तेजपत्ते में कुछ ऐसे एसेंशियल ऑयल्स पाए जाते हैं, जो सांस संबंधी समस्याओं में राहत देते हैं, सीने की जकड़न को कम करते हैं। *

---

**डाइट सजेशन**

शिखर चंद जैन

अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिर्फ भरपेट खाना या तरह-तरह के व्यंजन खाना ही पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए आपको भोजन संबंधी कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है। क्या हैं वो भोजन संबंधी कायदे, आपको जरूर जानने चाहिए।

# क्या आप जानते हैं भोजन करने के ये नियम



हम जो भोजन करते हैं, वो हमारे स्वास्थ्य, मन और स्वभाव को भी प्रभावित करता है। जो मन में आया, जब मन में आया खा लिया यह आदत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए जरूरी है, भोजन से संबंधित कुछ नियम-कायदों का पालन करें।

**खाना कब खाएं:** सुबह 10 से 11 बजे के बीच भोजन कर लेना चाहिए ताकि दिनभर कार्य करने के लिए ऊर्जा मिल सके। दिन का भोजन शारीरिक मेहनत के अनुसार अच्छी मात्रा में लेकिन रात्रि-भोजन हल्का और सुपाच्य होना चाहिए। रात्रि भोजन, सोने से दो या तीन घंटे पहले करना चाहिए। अच्छी तरह भूख लगने पर ही भोजन करना चाहिए। नाश्ता हो या लंच या डिनर, नियत समय पर करने से ही पाचन अच्छा होता है।

**खाना कैसे खाएं:** हाथ-पैर, मुंह धोकर व्यवस्थित रूप से बैठकर भोजन करें। खड़े-खड़े, जूते पहन कर, भोजन नहीं करना चाहिए। भोजन अच्छी तरह चबा-चबा कर करना चाहिए वरना दांतों का काम (पीसने का) आंतों को करना पड़ेगा, जिससे भोजन का पाचन सही नहीं हो पाएगा। भोजन करते समय शांत रहना चाहिए। इससे भोजन में लार मिलने से भोजन का पाचन अच्छा होता है। टीवी देखते या अखबार पढ़ते हुए खाना नहीं खाना चाहिए। भोजन हमेशा शांत-प्रसन्नचित्त होकर करना चाहिए।

**क्या-कब और कैसे खाएं:** अगर हम अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो भोजन से संबंधित इन महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखें।

- भोजन को कभी भी भूख से अधिक नहीं खाना चाहिए। इसलिए धीरे-धीरे चबाकर खाना चाहिए और तीन-चौथाई पेट ही भोजन करना चाहिए।
- भूख लगने पर पानी और प्यास लगने पर भोजन नहीं करना चाहिए, अन्यथा स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है।
- भोजन के बीच में प्यास लगने पर थोड़ा-थोड़ा करके पानी पीना चाहिए। भोजन के तुरंत पहले या अंत में तुरंत पानी नहीं पीना चाहिए।
- बासी, ठंडा, कच्चा या जला हुआ और दोबारा गर्म किया हुआ भोजन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नहीं होता है। इसलिए इनसे बचना चाहिए।
- भोजन पच जाने पर ही दूसरी बार भोजन करना चाहिए। प्रातः भोजन के बाद शाम को अगर अजीर्ण मालूम हो तो कुछ नर्म भोजन लिया जा सकता है। लेकिन रात्रि को भोजन के बाद प्रातः अजीर्ण हो तो बिल्कुल भोजन नहीं करना चाहिए।
- भोजन के तुरंत बाद सोना नहीं चाहिए।
- खाद्य सामग्री में कड़े पदार्थ पहले, नरम पदार्थ बीच में और पतले पदार्थ भोजन करने के अंत में खाना चाहिए।
- भोजन करते समय प्रारंभ में मीठे, बीच में नमकीन और अंत में कसैले पदार्थों को खाना चाहिए।
- भोजन करने से पहले केला और ककड़ी नहीं खाना चाहिए।
- भोजन में दूध, दही, छाछ का प्रयोग दीर्घजीवी बनाता है।
- भोजन करने के बाद न क्रोध करें, न तुरंत व्यायाम करें। इससे स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है।
- डिनर के बाद दूध पीना हितकर है।

**भोजन के बाद क्या करें:** लंच के बाद टहलना और डिनर के बाद में सौ कदम टहलकर बाईं करवट लेटने या वज्रासन में बैठने से भोजन का पाचन अच्छा होता है। भोजन के एक घंटे पश्चात मीठा दूध और फ्रूट लेने से भोजन का पाचन अच्छा होता है।

**भोजन के बाद क्या न करें:** भोजन के तुरंत बाद पानी या चाय नहीं पीना चाहिए। भोजन के पश्चात घुड़सवारी, दौड़ना, बैठना, लेटना, सोना नहीं चाहिए।

**क्या-क्या न खाएं:** रात्रि को दही, सत्तू, तिल और गरिष्ठ भोजन नहीं लेना चाहिए। दूध के साथ नमक, दही, खट्टे पदार्थ, मछली, कटहल का सेवन नहीं करना चाहिए। शहद और घी का समान मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए। दूध-खीर के साथ खिचड़ी नहीं खाना चाहिए। *

**(डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

---

**योगोपचार**

दिव्यज्योति 'नंदन'

शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाने में अर्धचंद्रासन बहुत कारगर है। इससे कई तरह की शारीरिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है। लेकिन इसे करते समय बहुत सावधानी रखनी चाहिए। इस आसन को करने की विधि, इससे होने वाले लाभ और सावधानियों के बारे में जानिए।

# शारीरिक-मानसिक संतुलन बनाने में सहायक अर्धचंद्रासन



अर्धचंद्रासन या 'हाफ मून पोज' हठ योग का बहुत ही महत्वपूर्ण आसन है। इस योगासन में शरीर अर्धचंद्र के आकार में आ जाता है। यह वह अवस्था है, जो सप्तमी या अष्टमी के चांद की होती है। इस आसन को करने के दौरान पूरे शरीर को सिर्फ पैर और हाथों के बीच में बैलेंस किया जाता है। यह आसन शरीर को गजब की संतुलन शक्ति देता है। अर्धचंद्रासन को कई योग शैलियों में अलग-अलग ढंग से किया जाता है। लेकिन इसका सबसे मूल प्रकार हठ योग में ही दिखता है। यह शरीर में लचीलापन लाता है।

**अर्धचंद्रासन के फायदे:** यह शारीरिक और मानसिक संतुलन को सुधारता है, शरीर में लचीलापन बढ़ाता है। शरीर के मुख्य हिस्सों जैसे पीठ, पैर और कूल्हों को लचीला बनाने के साथ ही उन्हें मजबूत भी बनाता है। इसी तरह पैर, टखनों और कंधों को भी मजबूती देता है। इस आसन का प्रभाव पूरे शरीर पर पड़ता है और यह पूरे शरीर को एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है। नियमित रूप से यह आसन करने से रीढ़ की हड्डी और पीठ दर्द से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाता है। यह पाचनतंत्र को सुधारता है, वजन घटाता है, सांस लेने की क्षमता को बेहतर बनाता है, टखनों, हैमस्ट्रिंग और पिंडलियों को ताकत देता है। हिप्स, चेस्ट और शोल्डर्स को खोलता है। छाती और शरीर को गठीला बनाता है। बॉडी को टोंड करता है। सिक्स पैक एब्स बनाने में मददगार है। पेल्विक मसल्स को मजबूत करता है, साथ ही यह पाचनग्रंथियों को भी स्टिमुलेट करता है।

**करने की सही विधि:** पहले अपने योगा मैट पर त्रिकोणासन में खड़े हो जाएं। दायां पैर आगे रखें। अब दाहिने घुटने को मोड़ें और अपने बाएं हाथ को कूल्हे पर लाएं। दाहिने हाथ को दाहिने पैर के सामने फर्श पर ले जाएं। इस दौरान हाथ आपके कंधे के नीचे होना चाहिए। यह प्रक्रिया करते हुए एक फुट सामने की ओर देखें। अब पांच या छह इंच अपने दाहिने पैर के दाईं ओर हों और हाथों को इतना झुकाएं कि बस अंगुलियां फर्श पर रहें और दाएं पैर को उठाते हुए दाहिने पैर को सीधा करना शुरु करें। जबकि बाएं पैर को जितना संभव हो सीधा रखें। कूल्हे को खोलें, दाएं कूल्हे के शीर्ष पर बाएं कूल्हे को लेकर आएं। पैर की अंगुलियों के साथ बाएं पैर को फ्लैक्स करें। जब दायां पैर संतुलित हो जाए तो बाएं पैर को ऊपर ले जाएं। दाएं और बाएं पैर को सीधा करते हुए फर्श पर सीधी रेखा बनाएं और कम से कम पांच सांसों तक खुद को संतुलित बनाए रखें, फिर सामान्य हो जाएं।

**इन बातों का रखें ध्यान:** अर्धचंद्रासन करते समय ध्यान रखें कि सही मुद्रा बनाए रखना जरूरी है। अगर गलत तरीके से इस आसन को करते हैं तो आसन भले हो जाए, संतुलन सधना नहीं शुरू होगा। इसे हमेशा खाली पेट करें या तब करें जब कम से कम चार-पांच घंटे पहले खाना खाया हो। शुरुआत में दीवार या किसी सहारे की सहायता से करें। लेकिन तब यह आसन कतई न करें, जब आपकी रीढ़ की हड्डी में दर्द हो, डायरिया या अस्थमा की समस्या हो। विशेषकर गर्दन में दर्द हो, कंधे में दर्द की समस्या होने पर हाथ ऊपर न उठाएं। घुटनों में दर्द या अर्थराइटिस होने पर दीवार के सहारे ही अभ्यास करें। दिल और हाई ब्लडप्रेशर के मरीज इसे न करें। *



# जीआईएस 2025 में पर्यटन, उद्योग और पारंपरिक व्यंजनों का मिलेगा खास अनुभव

## 5 सितारा सुविधाओं का अनुभव कराने के लिए 100 से अधिक अत्याधुनिक लग्जरी टेंट्स होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 राज्य की मेहमाननवाजी, सांस्कृतिक विरासत और औद्योगिक क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर बनने जा रही है।

देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के लिए भव्य स्वागत, उच्च स्तरीय ठहरने की व्यवस्था, पारंपरिक और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का खास अनुभव, औद्योगिक भ्रमण और पर्यटन स्थलों का आकर्षण इस समिट को खास बनाएगा। पहली बार मेहमानों के लिए अत्याधुनिक लग्जरी टेंट्स की विशेष पहल की जा रही है, जिससे वे प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मप्र की समृद्ध आतिथ्य परंपरा का अनुभव कर सकें। इस समिट से राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

### मेहमानों के ठहरने की विशेष व्यवस्था

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के लिए देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के स्वागत और ठहरने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। राजधानी में ताज लेक फ्रंट, कोर्टयार्ड बाय मेरियट और रेडिसन सहित अन्य प्रतिष्ठित होटलों में मेहमानों के लिए उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पहली बार जीआईएस में एक अनूठी पहल की जा रही है। भोपाल की प्राकृतिक सुन्दरता के बीच मेहमानों को 5 सितारा सुविधाओं का अनुभव कराने के लिए 100 से अधिक अत्याधुनिक लग्जरी टेंट्स तैयार किए जा रहे हैं। यह अभिनव पहल देश के और विदेशी मेहमानों को मप्र की समृद्ध आतिथ्य परंपरा से परिचित कराएगी।

### पर्यटन और औद्योगिक भ्रमण की विशेष योजना

जीआईएस में आने वाले मेहमानों को भोपाल और आस-पास के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराने की विशेष योजना बनाई गई है। मेहमानों को भोपाल की रमणीय झीलों, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर वन विहार और राज्य की जीवंत जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले ट्राइबल म्यूजियम का भ्रमण कराया जाएगा। इसके अलावा इन्हें भोपाल के आस-पास के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण कराया जाएगा। मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास से रू-ब-रू कराने के लिए मंडीदीप और पीथमपुर जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा भी कराया जाएगा, जहां वे राज्य की औद्योगिक क्षमताओं और निवेश के अवसरों से अवगत होंगे।

पारंपरिक और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का मिलेगा स्वाद :समिट में शामिल मेहमानों के लिए मप्र की समृद्ध खान-पान परंपरा को विशेष महत्व दिया गया है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए पारंपरिक व्यंजन मेन्यू में शामिल किए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मेहमानों की पसंद को ध्यान में रखते हुए कॉन्टीनेन्टल, चाइनीज और मेडिटरेनियन व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई है।




### खबर संक्षेप

#### मढ़ई कोर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

**भोपाल।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के पर्यटन स्थल मढ़ई को प्लास्टिक मुक्त कर दिया गया है। मढ़ई में जंगल सफारी करने वाले पर्यटक प्लास्टिक की बोतल में पानी और पॉलिथिन में सामग्री नहीं ले जा सकेंगे। जंगल सफारी पर जाने वाले टूरिस्ट को टिकिट काउंटर या गेट पर ही प्लास्टिक और पॉलिथिन को जमा करना होगा। मढ़ई पार्क प्रबंधन ने बुधवार 12 फरवरी से मढ़ई कोर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। पार्क प्रबंधन की ओर से पर्यटकों को पानी ले जाने के लिए स्टील, एल्युमिनियम की पानी की बोतल और कपड़े का थैला भी उपलब्ध कराया जाएगा। पर्यटक बोतल एवं

#### डेंटल संकाय के अध्यक्ष बने डॉ. पहाड़िया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलाधिपति के आदेशानुसार डॉ. योगेन्द्र पहाड़िया को डेंटल संकाय के संकायाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. पहाड़िया गजराजा चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर में प्राध्यापक हैं और उन्हें दो वर्षों की अवधि के लिए यह पदभार सौंपा गया है। उनकी इस उपलब्धि पर डॉ. हरेंद्र भदोरिया प्रदेशाध्यक्ष नीमा विद्यार्थी प्रकोष्ठ ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

#### मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि निकली

**भोपाल।** मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। वहीं प्रदेश के करीब 20 फीसदी निजी स्कूल आवेदन नहीं कर पाए हैं। ऐसे में एक फिर स्कूल शिक्षा विभाग आवेदन की तिथि बढ़ा सकता है। इधर, निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सिंह का कहना है कि विभाग की कठोर शर्तों और प्रशासनिक लापरवाही के चलते कई विद्यालयों की मान्यता अधर में लटकी हुई है। भोपाल में 1400 स्कूलों में से 232 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया है।

#### एम्स को अंतरराष्ट्रीय श्रियर पुरस्कार मिला

**भोपाल।** एम्स भोपाल को इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलाजी ने 2025 का अंतरराष्ट्रीय श्रियर पुरस्कार प्रदान किया है। डॉ. शिखा मलिक ने बताया कि यह सम्मान एम्स की बाल किडनी रोग देखभाल में उत्कृष्ट योगदान और 2018 से 2024 तक मैकगिल यूनिवर्सिटी, कनाडा के साथ सफल साझेदारी के लिए दिया है। एम्स को आईएसएन क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया गया है।

### डॉ. यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

# मुख्यमंत्री ने किया 417 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन

*कहा- अंत्योदय के सिद्धांत को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध*

*गरीबों, जरूरतमंदों को इलाज पं. उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाना हमारा उद्देश्य है। प्रदेश में आरंभ की गई पीएमश्री एयर एंबुलेंस सुविधा का लक्ष्य हर गरीब और जरूरतमंद को आवश्यक इलाज उपलब्ध कराना है। यही पं. दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भोपाल में लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने प्रतिमा स्थल पर नगर निगम द्वारा लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से विकसित हो रही नमो वन वाटिका का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 417 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया, जिसमें अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत 400 करोड़ रूपए लागत की सीवरेज परियोजना, तीन करोड़ रुपए की लागत से क्रय चार सीवर कम जैटिंग मशीनों और बस स्टॉप के रूप में परिवर्तित की गईं पुरानी बसों का लोकार्पण शामिल रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. उपाध्याय की पुण्यतिथि पर समर्पण दिवस के अंतर्गत समर्पण निधि में योगदान भी दिया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, जिला अध्यक्ष रविंद्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर पं. दीनदयाल उपाध्याय का पुण्य स्मरण किया।

### समग्र मनोरंजन, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक सम्पर्कों का केंद्र बनेगी नमो वन वाटिका



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के माध्यम से प्रदेश औद्योगिकरण की दिशा में नई उड़ान के लिए पूरी तरह से तैयार है। भोपाल के लिए पहला अवसर है जब यहां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा नमो वन वाटिका के रूप में भोपाल को दी जा रही सौगात को एक जीवंत, बहुउद्देशीय मनोरंजन स्थल के रूप में परिकल्पित किया गया है। विस्तृत क्षेत्र में फैला यह पार्क प्रकृति, फिटनेस और मनोरंजन का आदर्श मिश्रण प्रदान करेगा।

#### भोपाल नगर के प्रवेश द्वार विकसित किए जाएंगे

मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को समर्पित पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को धरातल पर क्रियान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार, मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रही है। महापौर मालती राय ने नमो वन वाटिका के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यहां सौर ऊर्जा के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ यादव की मंशा के अनुरूप भोपाल नगर में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों पर द्वार विकसित किए जाएंगे, इसकी शुरूआत शीघ्र ही इंदौर रोड से होगी। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, सर्वश्री राहुल कोठारी, रवीन्द्र यती, सुमित पचौरी सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### हवाई फायरिंग करने वाले दो गिरफ्तार



**रायपुर।** रायपुर में पुलिस की कार्रवाई के बाद भी गुंडे-बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। शहर में पिस्टल से हवाई फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। दरअसल, राजधानी में अज्ञात बदमाशों ने अपने पास रखे पिस्टल से फायरिंग कर दी।

इससे इलाके में हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। बता दें कि बीते रविवार को रात साढ़े 12 बजे थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत गोलाबाजार स्थित मटका लाइन में कुछ असामाजिक तत्वों ने पिस्टल से हवाई फायरिंग की गई थी। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। मामले में एंटी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट की 10 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों की पहचान तैफुद्दीन उर्फ टप्पू और मोहम्मद कलीम के रूप में की। इस पर टीम के सदस्यों ने घटना स्थल और उसके के आस-पास के इलाकों की घेराबंदी कर आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी तैफुद्दीन उर्फ टप्पू और मोहम्मद कलीम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग पिस्टल जब्त किया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हितेश शर्मा उर्फ हैप्पी** पुत्र सुशील कुमार निवासी मकान नं. 70, राजेंद्र मार्केट, तीस हजारी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 473/2024 धारा 8/20/29 एनडीपीएस अधिनियम, थाना सब्जी मंडी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हितेश शर्मा उर्फ हैप्पी** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हितेश शर्मा उर्फ हैप्पी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 473/2024 धारा 8/20/29 एनडीपीएस अधिनियम, थाना सब्जी मंडी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **हितेश शर्मा उर्फ हैप्पी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.03.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री प्रांजल अनेजा,
विशेष न्यायदीश (एनडीपीएस)–02 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 227,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1699/N/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील पुत्रः** राजू **पताः** मकान नंबर जे–73 चेतन बस्ती आनंद पर्वत, दिल्ली, ने **FIR No. 574/2016 U/s 392/411/34 IPC थानाः सराय रोहिल्ला दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 574/2016 U/s 392/411/34 IPC थानाः सराय रोहिल्ला दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सुनील,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मनुज कौशल
जेएमएफसी–04 (मध्य)
कमरा नं.–37
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1718/N/2025
(Court Matter)

# जेईई-मेन जनवरी-2025 में एलन रायपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर।** नेशनल टेस्टंग एजेंसी ने जेईई-मेन जनवरी सेशन का परिणाम जारी कर दिया है। परिणामों में एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के स्टूडेंट्स ने सफलता का परचम लहराया है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रायपुर कुल 10 स्टूडेंट्स ने 99.5 परसेन्टाइल से ज्यादा स्कोर किए हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि एलन रायपुर से हर्शल गुप्ता ने 99.95, हर्ष कुमार ने 99.91 और किंशुक केडिया ने 99.90 पर्सेंटाइल हांसिल की, वहीं पृथ्वी देवांगन 99.76 तनिषा अग्रवाल 99.75, श्रीसंत कुमार मोहराना 99.72, अक्षत गोयल 99.72, अनिमेष कुमार दहरवार 99.64 , प्रद्युम्न गोंदुले 99.62 और रुद्रांश गोलहानि ने 99.59 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एलन रायपुर के







21 स्टूडेंट्स ने 99 पर्सेन्टाइल से ज्यादा स्कोर किया है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल और अरनव सिंह के साथ एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। एनटीए आंसर-की और रिकॉर्डेड रिस्पांस के अनुसार ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही 44 स्टेट टॉपर्स की लिस्ट जारी की गई, जिसमें 13 एलन से है। इसमें अरनव सिंह, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, ओमप्रकाश राजस्थान, शौर्य अग्रवाल छत्तीसगढ़, अभिमन्यू टिबरेवाल झारखंड, पाणिनी बिहार, नबनीत प्रियदर्शी ओडिशा, धैर्य शर्मा हिमाचल प्रदेश, कृष्णा चक्रबर्ती आसाम, ई कुमारन पुडुचेरी, हर्ष झा दिल्ली और निशिता मेघालय से स्टेट टॉपर है।

कुणाल सिंह ने बताया कि जेईई-मेन जनवरी के परिणामों में 7 डेसीमल पर्सेन्टाइल के रूप में जारी किए गए। एनटीए स्कोर पर विद्यार्थियों में अपने- अपने पर्सेन्टाइल स्कोर के आधार मिलने वाले एनआईटीज, ट्रिपलआईटी एवं जीएफटीआई को लेकर उत्सुकता स्पष्ट दिखाई दे रही है। शीर्ष के टॉप 10 एनआईटी की कोर ब्रांच के अतिरिक्त अन्य ब्रांच के साथ-साथ टॉप 10-20 एनआईटी एवं ट्रिपल आईटी जबलपुर, ग्वालियर, गुवाहाटी, कोटा, लखनऊ, में कोर ब्रांच मिलने की संभावनाएं बन सकती है। इन एनआईटी में भोपाल, सूरत, नागपुर, जालंधर, दिल्ली, हमीरपुर, दुर्गापुर शामिल हैं। जेईई मेन की परीक्षा विभिन्न पारियों में होती है। ऐसे में प्रत्येक पारी के पेपर का डिफिकल्टी लेवल भी अलग अलग हो सकता है। ऐसे में सभी अलग-अलग शिफ्टों में स्टूडेंट्स के अपनी अपनी शिफ्ट में रॉ स्कोर के आधार पर नार्मेलाइज कर 7 डेसिमल में परसेंटाइल एंटीए स्कोर के रूप में जारी की जाती है।

# अदानी समूह सबसे बड़ा 'कौशल और रोजगार' कार्यक्रम विकसित करेगा

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी के सामाजिक दर्शन 'सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है'' अदाणी समूह ने हरित ऊर्जा, विनिर्माण, हाई-टेक, प्रोजेक्ट उत्कृष्टता और औद्योगिक डिजाइन सहित उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक कुशल प्रतिभा पाइपलाइन बनाने के लिए सिंगापुर की आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ साझेदारी की है। उद्योग के लिए तैयार कार्यबल के इस प्रतिभा पूल का निर्माण करने के लिए, अदानी परिवार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क उत्कृष्टता वाले स्कूलों की स्थापना के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का दान देगा। इनमें से प्रत्येक फिनिशिंग स्कूल, जिसे अदानी ग्लोबल स्किल्स एकेडमी कहा जाता है, भारत में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा पृष्ठभूमि से छात्रों का चयन करेगा जो उनके उद्योग और



भूमिका आकांक्षा के अनुरूप होंगे। अडानी स्किल्स एंड एजुकेशन के सीईओ रॉबिन भौमिक ने कहा कि अदानी ग्लोबल स्किल्स अकादमी दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी अकादमी होगी और छात्रों और संकाय के लिए पूरी तरह से आवासीय सुविधा के भीतर, मिश्रित वास्तविकता आधारित शिक्षा के साथ नवप्रवर्तन केंद्रों और एआई-आधारित सिमुलेटर के साथ एक व्यापक शिक्षण अनुभव प्रदान करेगी।

# हार्वर्ड विवि के सम्मेलन में मुख्य वक्ता होंगी नीता अंबानी

**मुंबई।** रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी, भारतीय व्यापार, नीति और संस्कृति पर हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वार्षिक भारत सम्मेलन में मुख्य भाषण सत्र देंगी, जिसमें वह प्रसिद्ध अकादमिक और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व डीन नितिन नोहरिया के साथ भारत की कला और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगी और कैसे वे आधुनिक दुनिया में भारत को स्थापित करने में एक मजबूत भूमिका निभा सकते हैं।



यह सम्मेलन 15-16 फरवरी को अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा और इसमें 1000 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। उनकी चर्चा इस वर्ष के सम्मेलन विषय में मुख्य योगदान होगीः भारत से विश्व तक - जिसका उद्देश्य एक वैश्विक योगदानकर्ता के रूप में भारत की यात्रा का जश्न मनाना और यह पता लगाना है कि कैसे भारतीय नवाचार, विचार दुनिया भर में साझा शांति और समृद्धि के लिए मार्ग तैयार कर रही हैं।

श्रीमती अंबानी दुनिया में भारत की सबसे प्रभावशाली महिला उद्यमी में से एक बनकर उभरी हैं, जिन्होंने भारत की विनम्र शक्ति को प्रदर्शित करने और कला, शिल्प, संस्कृति, खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भारत के सर्वश्रेष्ठ को दुनिया के सामने और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ को भारत के सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**FRICK**

**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**

CIN : L74899HR1962PLC002618

पंजीकृत कार्यालयः 21.5 किलोमीटर, मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद, 121003

टेलीफोन नंबर 01292275691–94 ईमेलः fbd@frickmail.com वेबसाइटः www.frickweb.com

**31.12.2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीने के लिए असंपरीक्षित वित्तीय परिणाम**

(लाखों में रु.)

| क्र. स. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | नौ महीने समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2023 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2023 अलेखापरीक्षित | 31.03.2024 लेखापरीक्षित |
| | **राजस्व** | | | | | | |
| I | परिचालन से राजस्व | 12,512.36 | 8,642.48 | 12,245.50 | 30,129.30 | 32,991.13 | 48,128.91 |
| II | अन्य आय | 245.14 | 342.51 | 302.80 | 938.52 | 883.70 | 1,239.84 |
| III | **कुल आय (I+II)** | **12,757.50** | **8,984.99** | **12,548.30** | **31,067.82** | **33,874.83** | **49,368.75** |
| IV | **व्यय** | | | | | | |
| | उपभोग की गई सामग्री की लागत | 8,118.09 | 6,060.51 | 7,702.04 | 21,168.16 | 22,800.75 | 32,654.48 |
| | तैयार माल की सूची में परिवर्तन, कार्य–प्रगति और स्टॉक–इन–ट्रेड | 588.04 | (285.15) | 899.11 | (685.84) | (62.20) | 980.88 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 1,529.10 | 1,486.73 | 1,501.15 | 4,500.73 | 4,266.72 | 5,989.70 |
| | वित्त लागत | 70.00 | 52.63 | 54.07 | 185.58 | 230.02 | 325.86 |
| | मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 96.27 | 64.46 | 60.38 | 220.13 | 166.90 | 238.39 |
| | अन्य व्यय | 986.42 | 814.79 | 994.58 | 2,651.07 | 2,604.67 | 3,886.73 |
| | **कुल व्यय (IV)** | **11,387.92** | **8,193.97** | **11,211.33** | **28,039.83** | **30,006.86** | **44,076.04** |
| V | **कर से पहले लाभ (III-IV)** | **1,369.58** | **791.02** | **1,336.97** | **3,027.99** | **3,867.97** | **5,292.71** |
| VI | **कर व्यय** | | | | | | |
| | क) चालू कर | 378.51 | 226.90 | 333.96 | 801.71 | 985.13 | 1,339.40 |
| | ख) स्थगित कर | (57.99) | 29.28 | 4.06 | (26.26) | (9.08) | (22.91) |
| | ग) पिछले वर्षों के लिए आयकर | – | – | – | – | – | (256.13) |
| | **कुल कर (VI)** | **320.52** | **256.18** | **338.02** | **775.45** | **976.05** | **1,060.36** |
| VII | **अवधि के लिए कर के बाद लाभ (V-VI)** | **1,049.06** | **534.84** | **998.95** | **2,252.54** | **2,891.92** | **4,232.35** |
| VIII | **अन्य व्यापक आय (करों के बाद शुद्ध)** | | | | | | |
| | (ए) (I) आइटम जिन्हें पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा लाभ या हानिः | (4.01) | (4.00) | (7.60) | (12.02) | (22.82) | (16.03) |
| | (ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | 1.00 | 1.01 | 1.91 | 3.03 | 5.74 | 4.03 |
| | (बी)(I) वे मदें जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत किया जाएगाः | – | – | – | – | – | – |
| | (ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | – | – | – | – | – | – |
| | कुल अन्य व्यापक आय (VIII) | (3.01) | (2.99) | (5.69) | (8.99) | (17.08) | (12.00) |
| IX | **अवधि के लिए कुल व्यापक आय (VII+VIII)** | **1,046.05** | **531.85** | **993.26** | **2,243.55** | **2,874.84** | **4,220.35** |
| X | **अन्य इक्विटी** | | | | | | 27,311.77 |
| XI | पेड–अप इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/– रुपये) | 599.98 | 60.00 | 60.00 | 599.98 | 60.00 | 60.00 |
| | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (रुपये/शेयर) | | | | | | |
| | क) बेसिक ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 17.49 | 8.92 | 16.65 | 37.54 | 48.20 | 70.54 |
| | ख) डाइलूटेड ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 17.49 | 8.92 | 16.65 | 37.54 | 48.20 | 70.54 |

नोट्सः

1 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की अवधि के लिए उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और फ्रिक इंडिया लिमिटेड ("फ्रिक" या "कंपनी") के निदेशक मंडल (बोर्ड) द्वारा क्रमशः 11 फरवरी 2025 और 12 फरवरी 2025 को आयोजित अपनी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किया गया है। कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक ने संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसार इन अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।

2 कंपनी मुख्य रूप से औद्योगिक प्रशीतन और वातानुकूलन प्रणालियों के निर्माण, आपूर्ति और निष्पादन के व्यवसाय में लगी हुई है। चूंकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिम और रिटर्न के एक ही सेट द्वारा शासित होती है, इसलिए, IND AS 108 "ऑपरेटिंग सेगमेंट" के अनुसार इसका केवल एक रिपोर्ट करने योग्य सेगमेंट है।

3 कंपनी के शेयरधारकों द्वारा 17 सितंबर 2024 को 9:1 के अनुपात में बोनस इश्यू यानी 10 रुपये प्रति 10 रुपये के प्रत्येक 1 (एक) पूरी तरह से चुकता इक्विटी शेयर के लिए 10 रुपये प्रति के 9 (नौ) बोनस इक्विटी शेयर को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद 4 अक्टूबर 2024 को, कंपनी ने 3 अक्टूबर 2024 की रिकॉर्ड तिथि तक इक्विटी शेयर रखने वाले शेयरधारकों को 10 रुपये प्रति के 53,99,775 इक्विटी शेयर आवंटित किए। परिणामस्वरूप 539.98 लाख रुपये पूंजीकृत किए गए और सामान्य रिजर्व से इक्विटी शेयर पूंजी में स्थानांतरित किए गए। 'इंड एएस 33 – प्रति शेयर आय' के अनुसार, 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष और 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही/नौ महीनों के लिए प्रति शेयर आय के आंकड़े बोनस शेयरों के आवंटन को प्रभावी करने के लिए फिर से बताए गए हैं।

4 पिछली अवधि/वर्ष के आंकड़ों को, जहां भी आवश्यक हो, तुलनीय बनाने के लिए पुनः समूहीकृत/पुनः वर्गीकृत किया गया है।

बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता./–
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआइएन : 00383412

दिनांक : 12.02.2025
स्थान : दिल्ली

## चिंतन

# चुनाव में मुफ्त रेवड़ी पर तुरंत रोक लगाना जरूरी

गरीब की थाली में पुलाव आ गया, लगता है शहर में चुनाव आ गया। किसी कवि की ये पंक्तियां भारतीय राजनीति पर सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वादों की बरसात करते हैं, उससे एक नया शब्द 'रेवड़ी कल्चर' चर्चा में है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसे गलत ठहरा चुके हैं, लेकिन हमारे सियासतदान हैं कि इससे किनारा करने की बजाए बढ़ावा देने में लगे हैं। कोई भी चुनाव आता है तो राजनीतिक पार्टियां वोट बटोरने के लिए रेवड़ी कल्चर को अपना लेती हैं। चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की झड़ी दिखाई देती है। यह सीधे-सीधे मतदाताओं को प्रलोभन देना है क्योंकि मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं से मतदाता प्रभावित होता है। चुनावी वादों की शुरुआत बहुत पहले दक्षिण में हो गई थी। तेलुगू सुपर स्टार एनटी रामा राव ने 1990 के दशक में गरीब महिलाओं के बीच साड़ी बांटने की शुरुआत की थी। टीडीपी नेता ने गरीबों को 2 रुपया प्रति किलो चावल भी दिया, जिससे एनटी रामा राव को सत्ता में वापसी करने का मौका मिला। डीएमके और अन्नाडीएमके के बीच तो हमेशा मुफ्त के चुनावी वादे करने के लिए होड़ मची रहती थी। आपको याद होगा कि डीएमके नेता करुणानिधि ने मुफ्त कलर टेलीविजन का वादा करके चुनावी सफलता हासिल की थी। इसके बाद नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने मुफ्त बिजली, निःशुल्क पानी और महिलाओं के लिए बसों में फ्री यात्रा जैसी अनेक घोषणाएं करके खूब वाहवाही लूटी। इसका पार्टी को आशातीत लाभ भी मिला। नई दिल्ली में प्रचंड बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बन गई। इसके बाद पंजाब में भी फ्री रेवड़ी कल्चर को अपनाया और वहां भी आम आदमी पार्टी दो तिहाई बहुमत से अपनी सरकार बनाने में सफल हो गई। बस फिर क्या था, लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों ने यह फार्मूला अपनाना शुरू कर दिया। मुफ्तखोरी को बढ़ाने वाली ऐसी लोक लुभावन घोषणा करके कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार बना ली। अब स्थिति यह है कि ऐसी घोषणाओं के कारण पंजाब, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश कर्ज तले दब गए हैं। सरकार का अधिकांश पैसा ऐसी घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने में खर्च हो रहा है। नतीजतन विकास काम ठप हो गया है। सबसे बुरी हालत तो हिमाचल प्रदेश की है। वहां सरकार के पास सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को भुगतान के लिए तक पैसे नहीं हैं। खजाना खाली हो गया है। कोई बड़ी बात नहीं कि बहुत जल्द वे दिवालिएपन की कगार पर पहुंच जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव के वक्त की जाने वाली मुफ्त की योजनाओं को गलत ठहराया। कोर्ट ने कहा कि लोग काम करना नहीं चाहते, क्योंकि आप उन्हें मुफ्त राशन दे रहे हैं। बिना कुछ किए उन्हें पैसे दे रहे हैं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ड मसीह की बेंच शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आसरा दिए जाने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अब 6 हफ्ते बाद दोबारा इस याचिका पर सुनवाई होगी। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने फ्री रेवड़ी कल्चर पर कड़ी टिप्पणी की थी और इससे बचने की सीख दी थी। किन्तु अभी तक फ्री रेवड़ी कल्चर पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है। चुनाव आयोग मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। इस पर तुरंत रोक लगाए जाने की जरूरत है। चुनाव आयोग को इस पर कड़ा एक्शन लेना होगा और केंद्र सरकार को भी चाहिए कि मुफ्त रेवड़ी पर संसद में बिल लेकर आए ताकि इस पर रोक लगाई जा सके।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# 'आप' के अध्याय के अंत की ध्वनियां

**पिछले दो विधानसभा चुनावों से एकतरफा जीत हासिल करने वाली आप के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान कितना गहरा था, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि अरविंद केजरीवाल अपने क्षेत्र के 123 मतदान केन्द्रों में से 115 पर पराजित रहे। भाजपा को 45.8 प्रतिशत मत मिले जो अब तक विधानसभा चुनावों में उसका सर्वाधिक है। 1993 विधानसभा चुनाव में उसे 42.8 प्रतिशत मत और 49 सीटें मिलीं थीं। आप को 43.57 प्रतिशत मत मिले। कह सकते हैं कि केवल दो प्रतिशत से थोड़ा अधिक के अंतर से जीत और हार को बड़ी घटना नहीं मानी जा सकती। पिछले चुनाव से भाजपा के मतों में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि और आपके मतों में लगभग प्रतिशत की कमी आई है।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम हर दृष्टि से असाधारण है। पूर्व मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के सर्वेसर्वा एकमात्र चेहरा अरविंद केजरीवाल, उनके दूसरे साथी पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का चुनाव में पराजित होना एक दशक की राजनीति की सबसे बड़ी परिघटना है। कांटे के संघर्ष में भी केजरीवाल का भाजपा के प्रवेश वर्मा से 4389 मतों से हारना छोटी पराजय नहीं मानी जा सकती। हां, मनीष सिसोदिया का 675 मतों से हारना अवश्य छोटी है। इसी तरह मंत्री सौरभ भारद्वाज 3 हजार 188 और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन 20 हजार 998 मतों से हारे। मुख्यमंत्री आतीशी भी हारते-हारते बचीं। आखिरी दौर में मिली बढ़त से रमेश विधुड़ी से 3 हजार 521 मतों से आगे निकल पाईं। पिछले दो विधानसभा चुनावों से एकतरफा जीत हासिल करने वाली आप के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान कितना गहरा था, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि अरविंद केजरीवाल अपने क्षेत्र के 123 मतदान केन्द्रों में से 115 पर पराजित रहे। भाजपा को 45.8 प्रतिशत मत मिले जो अब तक विधानसभा चुनावों में उसका सर्वाधिक है। 1993 विधानसभा चुनाव में उसे 42.8 प्रतिशत मत और 49 सीटें मिलीं थीं। आप को 43.57 प्रतिशत मत मिले। कह सकते हैं कि केवल दो प्रतिशत से थोड़ा अधिक के अंतर से जीत और हार को बड़ी घटना नहीं मानी जा सकती। पिछले चुनाव से भाजपा के मतों में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि और आपके मतों में लगभग प्रतिशत की कमी आई है। यह प्रतिशत की गिरावट असाधारण है। इसे केवल दो पार्टियों के बीच की सामान्य चुनावी लड़ाई में मिली हार और जीत के रूप में नहीं देखा जा सकता। अगर यहां कांग्रेस और भाजपा होती तथा कांग्रेस से भाजपा जीतती, तब भी विजय बड़ी मानी जाती, वह असाधारण नहीं होता।

वास्तव में प्रत्येक चुनाव के अनुरूप इसके भी जीत हार का विश्लेषण हो रहा है और वह गलत नहीं है। सतह पर दिखते अनेक कारक इस चुनाव परिणाम में लागू होते हैं। अगर हम आप के उदय, उसकी पृष्ठभूमि, आचरण और सोच के अनुसार मूल्यांकन करें, तभी इस परिणाम के निहितार्थ समझ में आएंगे। अरविंद केजरीवाल 2011 में देश में एक नायक के रूप में उभरे। पहले अन्ना हजारे को सामने रखकर उन्होंने देश की चिंता में सक्रिय भारी संख्या में लोगों के अंदर समाज में व्यापक बदलाव का सपना दिखाया। व्यवस्था परिवर्तन, जिसमें राजनीति से बाहर रखकर काम करने वालों की बड़ी फौज खड़ी हुई, एक क्रांति का आह्वान था। हालांकि उन सपनों और क्रांति का अंत तभी हो गया जब राजनीति में न जाने और राजनीतिक दल न बनाने की शपथ लेने वाले केजरीवाल ने 2 अक्टूबर , 2012 को आम आदमी पार्टी बना ली। तब भी देश में राजनीति के माध्यम से सत्ता और समाज में बदलाव की कल्पना करने वालों के लिए वो उम्मीद की किरण बने रहे। तब नई राजनीति, सत्ता की नई प्रकृति तथा जनप्रतिनिधियों के व्यवहार के नए मापदंड बनाने के संकल्प व्यक्त किए गए। इनमें भ्रष्टाचारविहीन, फिजूलखर्ची, वीआईपीवाद, भारी सुरक्षा व्यवस्था में चलने वाले नेताओं के दौर से पूरी तरह मुक्त सच्चे स्वराज और सच्चे लोकतंत्र स्थापना का उद्घोष किया गया था। घोषणा की गई कि न सरकारी आवास लेंगे , न बड़ी गाड़ियों में चलेंगे, न सुरक्षा लेंगे और न हमारे कारण



ट्रैफिक जाम होगा। यह पूरी तरह जनता के द्वारा जनता के बीच और जनता के साथ चलने वाली राजनीति और सरकार होगी। राजनीति से भ्रष्टाचार और अपराध का अंत होगा तथा किसी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो वह मुकदमे की प्रतीक्षा किए बगैर सत्ता से बाहर हो जाएगा। दिल्ली की सत्ता में आने के साथ इन विचारों के विपरीत केजरीवाल से लेकर उनके साथियों ने सारी विद्रूपताएं अपनाईं जिनको लेकर राजनीति से वितृष्णा पैदा हो रही थी। वीआईपीवाद, सरकारी तामझाम, आवास, सुरक्षा घेरे आदि में किसी प्रकार की कमी हो तो उसे ही राजनीति का मुद्दा बनाने के बदले हुए रंग ने उस सपने को भी ध्वस्त कर दिया। बावजूद जनता उन्हें 2020 में सत्ता तक लाई क्योंकि लोगों को उनसे कुछ उम्मीदें थी। राजनीति में चुनाव जीतने का उन्होंने सबके समानांतर जनता को फ्री 20 का लालची बना देने का सूत्र निकाला और इसका प्रभाव हुआ। उन्हें पंजाब की सत्ता भी सौंपी।

2022 आते-आते भ्रष्टाचार के ऐसे आरोप सामने आने लगे जिनमें कानूनी दांवपेंच से परे आम लोगों और पार्टी में भी बड़े वर्ग को दिखने लगा कि भ्रष्टाचार हुआ है। आबकारी नीति ने साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाकर शुचिता, नैतिकता की शपथ लेकर राजनीति और सत्ता में आने वाले भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गए। मुख्यमंत्री आवास, जिसे शीशमहल कहा गया, पर 45 करोड़ रुपये खर्चे और इन सबको सही ठहराने के रवैये ने सारे सपनों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अगला चरण पार्टी के रूप में दिल्ली से चुनावी पराजय थी। तो क्या यहां से राजनीतिक दल के रूप में इतिहास के अध्याय के अंत की शुरुआत हो जाएगी? एक चुनाव में जीत-हार से सामान्यत किसी पार्टी के अंत की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। किंतु आप और केजरीवाल का विषय जैसा ऊपर बताया बिल्कुल सामान्य पार्टियों से अलग है। नये सपनों के विपरीत आचरण में सीमाओं को पार कर गए तो एक सामान्य राजनीतिक दल की तरह शासन की जिम्मेवारियों को ठीक से पूरा करते। दिल्ली की सड़कों की हालत खराब हो गई, जगह-जगह गड्ढे बन गए। गाड़ियों की गति धीमी होने से ट्रैफिक जाम और वाहनों के मेंटेनेंस खर्च बढ़। सड़क टूटने से जगह-जगह जलभराव ने बुरी स्थिति पैदा की। बची-खुची यमुना गंदे नाले में बदल गई। भयावह प्रदूषण के कारण पूरे विश्व में भारत को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है।

शिक्षा और स्वास्थ्य का प्रचार बहुत हुआ लेकिन जमीन पर वैसा कुछ नहीं दिखा। 700 लीटर पानी और 200 यूनिट बिजली शुल्क माफ करने तथा महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा का असर हुआ। लेकिन जल इतना घटिया कि सामान्य आदमी को भी खरीद कर पीना पड़ता है। केजरीवाल ने मान लिया कि सच को झूठ और झूठ को सच बताने तथा रंग बदलने से दिल्ली के लोग अप्रभावित हो जाते हैं। बस काम न होने के लिए केंद्र सरकार को दोषी ठहराओ, समाज के बहुत बड़े वर्ग को मुफ्तखोरी की आदत लगाए रखो और चुनाव जीतते रहो। उनको उम्मीद नहीं थी कि हरियाणा पर यमुना के जाल में जहर मिलाने का आरोप उल्टा पड़ जाएगा। इस कारण यमुना भी बड़ा मुद्दा बना। दूसरी ओर भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद ही दिल्ली चुनाव की तैयारी की, हर स्तर पर मोर्चाबंदी, केजरीवाल को सीधा निशाना बनाया तथा मुफ्तखोरी की सारी घोषणाएं कर दी और परिणाम सामने है। सत्ता नहीं रहने और प्रमुख नेताओं के विधानसभा में नहीं होने के बाद की तस्वीरों का आकलन करिए। क्या स्वयं की भूमिका से विश्वसनीयता और साख को निम्न बिंदु पर लाने के बाद केजरीवाल और उनके साथी किसी तरह के आंदोलन की कोशिश करेंगे तो लोग साथ आएंगे? यह ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर आप का भविष्य बता देगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष
विकास खितौलिया



# सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं संत रविदास

भारत भूमि अवतारों, ऋषि-मुनियों व संत महात्माओं की धरा है। इस पावन भूमि पर बड़े-बड़े साधु-संत पैदा हुए हैं। उन्होंने अपने योग, तप, ज्ञान के बल पर लोगों को सच्चाई के रास्ते पर जीने की राह दिखाई। माना कि आजकल धर्म, अधर्म की राह पर चल पड़ा है। माना कि अब नकली संतों की भरमार है फिर भी यही की भूमि ही धर्म और संतों की है। इन्ही संत-महात्माओं ने सामाजिक समरसता एवं वसुधैव कुटुम्बकम् का अहम संदेश भी दिया इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक ने जयतु भारतवर्ष, जयतु सनातन संस्कृति के भाव को अपने भीतर समेटे रखा है। इस भाव को ही तो सामाजिक समरसता कहा जाता है। जहां भारत देश में विदेशी आक्रांताओं द्वारा अनेक आक्रमण हुए, अनेक बार यहां की संस्कृति पर प्रहार हुआ और जिस कारण सभी समाजों में अनेक कुरीतियों ने जन्म लिया। इन्हीं कुरीतियों को अपनी वाणियों एवं संदेशों द्वारा समाप्त करने के लिए अनेक ऋषि-मुनियों व संत महात्माओं ने भारत भूमि पर जन्म लिया। इसी क्रम में संत रविदास हैं जिन्होंने सामाजिक समरसता के विचार का उद्घोष किया। वह एक उच्च कोटि के साधक और विनीत भगवत भक्त भी थे। रविदास को पंजाब में रविदास कहा गया तो उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान में उन्हें रैदास के नाम से जाना गया। गुजरात और महाराष्ट्र के लोग 'रोहिदास' और बंगाल के लोग उन्हें 'उड़दास' कहते हैं। कई पुरानी पांडुलिपियों में उन्हें रायादास, रेदास, रेमदास और तैदास के नाम से भी जाना गया है। कहते हैं कि रविदास ने रविवार के दिन जन्म लिया था, जिस कारण इनका नाम रविदास रखा गया। संत शिरोमणि कवि रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा को 1376 ईस्वी वाराणसी शहर के गोबर्धनपुर गांव में हुआ था। उनकी माता का नाम कमां देवी (कलसा) तथा पिता का नाम संतोख दास (रम्बु) था। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ, जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों का शासन था। चारों ओर अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार व अशिक्षा का बोलबाला था। संत रविदास बचपन से ही भक्ति में लीन रहते थे। उनकी प्रतिभा को जानकर स्वामी रामानंदाचार्य ने उन्हें अपना शिष्य बनाया। स्वामी रामानंदाचार्य वैष्णव भक्तिधारा के महान संत थे। संत रविदास ने अपने दोहों व पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी। इतना ही नहीं, वे एक ऐसे समाज की कल्पना भी करते थे, जहां किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुख, दरिद्रता, भेदभाव नहीं हो। उन्होंने सीधे-सीधे लिखा कि 'रैदास जन्म के कारने होत न कोई नीच, नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीच' यानी कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म के हिसाब से कभी नीच नहीं होता। संत रविदास ने अपनी कविताओं के लिए जनसाधारण की ब्रजभाषा का प्रयोग किया है। साथ ही इसमें अवधी, राजस्थानी, खड़ी बोली और रेख्ता यानी उर्दू-फारसी के शब्दों का भी मिश्रण है। रविदास के लगभग चालीस पद सिख धर्म के पवित्र धर्मग्रंथ गुरुग्रंथ साहब में भी सम्मिलित किए गए हैं। संत रविदास की ख्याति लगातार बढ़ रही थी जिसके चलते उनके लाखों भक्त थे जिनमें हरेक जाति के लोग शामिल थे। चित्तौड़गढ़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। उन्होंने वाराणसी में 1540 ईस्वी में अपना देह छोड़ दिया। वाराणसी में संत रविदास का भव्य प्रसिद्ध सिद्ध स्थान है, जो सिद्ध पीठ गुरुद्वारा, मंदिर और मठ है। जहां सभी जाति के लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। वाराणसी में श्री गुरु रविदास पार्क है जो नगवा में उनके यादगार के रूप में बनाया गया है उसमे उनके नाम पर गुरु रविदास स्मारक और पार्क बना है। रविदास को लेकर तमाम शोध पूर्व में भी हुए हैं लेकिन सरल भाषा में कहा जाए तो रविदास जी 'समता के प्रतीक' थे। ये भारत के लिए गर्व की बात है कि दुनिया के लगभग 150 देशों में रविदास की जयंती को मनाया जाता है। आखिर रविदास की वाणी में ऐसा क्या था, जिसे पूरा विश्व मानता है, रविदास की वाणी के कई पक्ष हैं जिन पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई है। उनको जाति व्यवस्था के आलोचक के रूप में ही लोग जानते हैं लेकिन उनका व्यक्तित्व अपने में बहुत विशाल है और उसके बहुत से पक्ष भी हैं। रविदास का जन्म समाज में निचली मानी जाने वाली चमार जाति में हुआ। उनका एक प्रसिद्ध दोहा था 'मन चंगा तो कटौती में गंगा'। अर्थात मन शुद्ध होना चाहिए, कमंडल में जल भी गंगा समान है। बहरहाल रविदास ने समाज जीवन को समग्रता के साथ देखा। इस आधार पर देखा जाए तो रविदासजी दुनिया के पहले समाजवादी भी थे।

(लेखक पत्रकार और विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
## दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

# चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित
## प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वामी दयानंद सरस्वती जी की शिक्षाएं

आर्य समाज के संस्थापक, समाज को अंधविश्वास और रूढ़िवादिता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को भारत की भूमि गुजरात के टंकारा में हुआ था। उनका बचपन का नाम मूलशंकर अंबाशंकर तिवारी था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा संस्कृत में हुई थी। उन्होंने बचपन में संस्कृत और वेदों का ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने वर्ष 1876 में हम भारतीयों के लिए भारत में स्वराज की मांग सबसे पहले की थी। इसके बाद लोकमान्य तिलक ने इसे आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया था। उन्होंने जीवन की सच्चाई जानने के लिए सांसारिक सुखों को भी त्याग दिया था। हिंदू धर्म के लिए बहुत काम किए थे। हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए भी बहुत से प्रयत्न किए। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। *– उपेन्द्र तिवारी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### शोक की घड़ी



राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास के देहावसान से अत्यंत दुख हुआ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं अनुयायियों को संबल प्रदान करे। ओम शांति!

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं



सिख धर्म के सातवें गुरु हर राय साहिब के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। गुरु हर राय जी का जीवन सेवा, साहस और संयम का पर्याय है। सत्य, अहिंसा और जनसेवा के प्रति समर्पण की प्रतिमूर्ति गुरु हर राय के आदर्श समस्त देशवासियों के लिए प्रेरणादायक हैं।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### सरकार संज्ञान ले



कुशीनगर जिला प्रशासन द्वारा हाटा नगर क्षेत्र में मदनी मस्जिद के कथित अवैध निर्माण को तोड़े जाने की खबर है। उसको लेकर लोगों में आक्रोश स्वाभाविक है। यूपी सरकार अविलम्ब संज्ञान लेकर प्रशासन की ऐसी कार्रवाइयों पर रोक लगाए।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### बदलाव का स्वागत



भारत एआई क्रांति को आगे बढ़ाने और बढ़ावा देने के चौराहे पर खड़ा है। यह क्रांति अभूतपूर्व गति से परिवर्तन लाएगी, जो अधिकांश लोगों को अराजकता जैसा महसूस होगा। हम बदलाव का स्वागत करते हैं।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# क्या मस्क अमेरिकी सरकार पर नियंत्रण हासिल कर रहे



अमेरिका के कई लोग इस बात से भयभीत हैं कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को हाल के हफ्तों में अमेरिकी सरकार के विभिन्न कार्यालयों में 'हस्तक्षेप' की अनुमति दी गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन तथा भरोसेमंद लोगों की एक छोटी सी टीम के सहयोग से मस्क ने अमेरिका की विशाल संघीय नौकरशाही पर सफलतापूर्वक 'नियंत्रण' हासिल कर लिया है। मंगलवार को ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिससे मस्क को और भी अधिक शक्ति मिल गई। इसके तहत संघीय एजेंसियों को अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती करने और नई नियुक्तियों को प्रतिबंधित करने में मस्क की अगुवाई वाले 'सरकारी दक्षता विभाग' (जिसे डीओजीई के नाम से जाना जाता है) के साथ सहयोग करना होगा। ट्रंप प्रशासन में एक 'विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में शामिल होने के बाद मीडिया को दी गई अपनी पहली टिप्पणी में, मस्क ने इस आलोचना का भी जवाब दिया कि वह अमेरिकी सरकार पर 'जबरन नियंत्रण' हासिल कर रहे हैं। लोगों ने प्रमुख सरकारी सुधार के लिए मतदान किया था और यही परिणाम उन्हें मिलने वाला है।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग की सीमा पार कर रही



दो प्रमुख वैश्विक अध्ययनों में कहा गया है कि पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संबंध में निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर रही है और ग्रह की जलवायु संभवतः भयावह स्तर पर एक नए चरण में प्रवेश कर गई है। जलवायु परिवर्तन पर ऐतिहासिक 2015 पेरिस समझौते के तहत मानवता ने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और ग्रह के तापमान को पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक न जाने देने की मांग उठाई है। 2024 में, पृथ्वी पर तापमान उस सीमा को पार कर गया। अभी जारी किए गए दो शोधपत्र एक अलग माप का उपयोग करते हैं। दोनों ने यह निर्धारित करने के लिए ऐतिहासिक जलवायु डेटा की पड़ताल की कि क्या हाल के दिनों में बहुत गर्म वर्ष इस बात का संकेत थे कि भविष्य में, आंकड़े दीर्घकालिक तापमान सीमा से परे चले जाएंगे। उत्तर, चिंताजनक रूप से, हाँ था। शोधकर्ताओं का कहना है कि रिकॉर्ड-गर्म 2024 इंगित करता है कि पृथ्वी 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार कर रही है, जिसके परे वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर जीवन का समर्थन करने वाली प्राकृतिक प्रणालियों को विनाशकारी नुकसान की भविष्यवाणी की है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# दोपहर तक 1.84 करोड़ ने किया स्नान, अब तक करीब 50 करोड़ ने लगाई डुबकी



## माघी पूर्णिमा पर महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

माघ पूर्णिमा पर महाकुंभ में बुधवार को त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस बीच अयोध्या की सरयू नदी में भी श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। वाराणसी में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। संगम तट के दोनों ओर श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखाई दिए। बताया जा रहा कि दोपहर तक 1.84 करोड़ लोगों ने स्नान किया। सबसे पहले नागा साधुओं के अखाड़ों ने डुबकी लगाई। इसके बाद अखाड़ों और फिर साधु-संतों ने पवित्र स्नान किया। इस प्रक्रिया के बाद ही श्रद्धालुओं ने स्नान करना शुरू किया। श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश की की गई। मोनिका नामक श्रद्धालु ने प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम माघ पूर्णिमा पर स्नान के लिए यहां आए हैं। सरकार ने वाकई बहुत अच्छी व्यवस्था की है।

माघ पूर्णिमा पर अयोध्या की सरयू नदी में भी श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। सुबह ही करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई है। सबसे पहले नागा साधुओं के अखाड़ों ने डुबकी लगाई। कई लोगों ने सीएम योगी की सराहना भी की

**शासन- प्रशासन करता रहा मॉनिटरिंग**
शहर के चारों तरफ श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ था। लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मेले की मॉनिटरिंग करते रहे।

**कई रास्तों में भीषण जाम के हलात भी बने**
संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ रही। प्रशासन के अनुसार दोपहर 2 बजे तक 1.84 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। जाम भी लगा।

### आराम स्थल पर ठहराया गया



ज्यादा भीड़ होने पर इनको वहां पर बनाए गए आराम स्थल पर ठहराया गया। इसके अलावा एग्जिट की व्यवस्था प्लेटफार्म नंबर 10 की ओर से आने की सिविल लाइन साइड की ओर से हो रही। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, छिवकी, नैनी, रामबाग, झूंसी से भेजा गया।

### 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला और एक्टर शेट्टी भी पहुंचे

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। जहां हर दिन लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी बीच माघ पूर्णिमा के मौके पर फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी महाकुंभ में पहुंचे हैं। बेंगलुरु से 72 वर्षीय बुजुर्ग अकेले महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने कहा कि पेंशन मिलती है अब वर्ल्ड टूर पर निकली हैं। 37 देश घूम चुकी हैं।

### सनातनी बने जितेंद्र त्यागी ने भी लगाई डुबकी

उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र त्यागी (वसीम रिजवी) महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। कहा कि संगम स्नान करने के बाद बहुत खुशी मिल रही है। उन्होंने घोषणा की कि अपनी खुशी से इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन अपनाने वालों का स्वागत है। वह संगठन तैयार कर रहे हैं। सनातन धर्म में आने वाले लोगों की आर्थिक मदद की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### फतेहपुर में डंपर में घुसी ट्रैवलर, 4 की मौत



**फतेहपुर।** जिले में कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर बुधवार तड़के करीब साढ़े चार बजे गिट्टी लदे ट्राला में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैवलर टकराई गई। ट्राला श्रद्धालुओं भरी ट्रैवलर को करीब दो किलोमीटर तक घसीट ले गया। हादसे में चालक समेत 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 17 श्रद्धालु घायल हो गए।

### मायावती ने आकाश के ससुर को निकाला



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में आकाश आनंद के ससुर डॉ. अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. अशोक की बेटी से आकाश आनंद की शादी हुई है। डॉ. अशोक कांशीराम के सहयोगी रहे हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणब के बेटे फिर बने कांग्रेसी



**कोलकाता।** देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने कांग्रेस में वापसी कर ली है। बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस का 'हाथ' थामा। 2021 में वे टीएमसी में चले गए थे। कोलकाता के विधानभवन में अभिजीत कांग्रेस में शामिल हुए।

### पवन ने केरल, तमिलनाडु में मंदिर यात्रा शुरू की



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण ने बुधवार को केरल और तमिलनाडु की तीन दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू की, जिसे उनके 'सनातन धर्म परिरक्षण' (प्राचीन धर्म की रक्षा) मिशन के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। वे अगस्त्य महर्षि मंदिर पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना की।

## अब भारत में अवैध तरीकों से घुसने वालों की खैर नहीं

नया विधेयक ला रही मोदी सरकार

# बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश किया तो होगी 7 साल कैद व 10 लाख जुर्माना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**यह प्रावधान 'आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025' का हिस्सा होगा**

अमेरिका और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देश घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहे हैं। अब भारत भी इस दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने वालों को सख्त सजा दी जाएगी। इसके लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार संसद में एक विधेयक ला रही है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने वाले किसी भी विदेशी नागरिक को अब अधिकतम पांच साल तक की जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। कोई व्यक्ति जाली पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश करता है, तो उसे अधिकतम सात साल की सजा हो सकती है, जबकि जुर्माना 1 लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक हो सकता है। यह प्रावधान 'आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025' का हिस्सा है।



**संपूर्ण जानकारी देने की बाध्यता**

सरकार चार पुराने कानूनों में जल्द कर रही बदलाव



**ये रहे 4 पुराने कानून**

विदेशी अधिनियम
1946

पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम
1920

विदेशी नागरिकों का पंजीकरण अधिनियम
1939

जाली पासपोर्ट पर 8 साल की सजा, 50,000 रुपए जुर्माना

*वर्तमान में, बिना वैध दस्तावेज के भारत में प्रवेश करने पर अधिकतम पांच साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है, जबकि जाली पासपोर्ट पर प्रवेश करने पर अधिकतम आठ साल की सजा और 50,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।*

### सरकार को मिलेंगी अतिरिक्त शक्तियां

नया विधेयकसरकार को यह अधिकार देता है कि वह किसी भी विदेशी नागरिक या किसी विशेष समूह के व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा सके। सरकार किसी विदेशी नागरिक को भारत छोड़ने, किसी विशेष क्षेत्र में प्रवेश न करने, अपनी तस्वीर और बायोमेट्रिक विवरण देने के लिए बाध्य कर सकती है। यह आंतरिक सुरक्षा और अप्रवासन प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे अवैध घुसपैठ और जाली दस्तावेजों के उपयोग पर कड़ा अंकुश लगेगा।

### वीजा उल्लंघन पर 3 साल कैद, 3 लाख जुर्माना या दोनों

अगर कोई विदेशी अपनी वीजा अवधि से अधिक समय तक भारत में रहता है, या प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या 3 लाख रुपए तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।

### विदेशी नागरिकों की जानकारी देनी होगी


सभी विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और मेडिकल संस्थानों को अपने यहां विदेशी नागरिकों की जानकारी पंजीकरण अधिकारी के साथ शेयर करनी होगी।

### इसमें वाहक की भी जिम्मेदारी तय होगी

अगर कोई हवाई जहाज, जहाज या अन्य परिवहन साधन से बिना वैध दस्तावेजों वाले विदेशी को लाया जाता है, तो उस पर 5 लाख रुपएतक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में उस परिवहन साधन को जब्त भी किया जा सकता है। यानी अगर कोई विदेशी व्यक्ति इमिग्रेशन अधिकारी को वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज/वीजा नहीं होने की स्थिति में यहां पहुंचाया जाता है, तो उसे लाने वाले वाहक को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

उधर, यूसीसी पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल

### उत्तराखंड सरकार से 6 हफ्ते के भीतर मांगा जवाब



**देहरादून।** भारत में पहली बार किसी राज्य में(उत्तराखंड) समान नागरिक संहिता लागू हुई, लेकिनकई सवालिया निशान खड़े हो गए। वकीलों ने यूसीसी के कुछ प्रावधानों पर हाईकोर्ट में चुनौती दी। नैनीताल हाईकोर्ट की खंडपीठ ने यूसीसी में शादी, तलाक और लिव इन रिलेशनशिप के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर उत्तराखंड सरकार से 6 हफ्ते में जवाब मांगा है।

**अलग-अलग याचिका दाखिल**

भीमताल के रहने वाले सुरेश सिंह नेगी ने चुनौती दी है, जिसमें मुख्यतः 'लिव इन रिलेशनशिप' के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। मुस्लिम, पारसी आदि के वैवाहिक पद्धति की यूसीसी में अनदेखी किए जाने सहित कुछ अन्य प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है।

# संविधान से 22 कृतियां गायब: सवाल का जवाब दिया वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुरदीप सप्पल ने

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



राज्यसभा में भाजपा के राधामोहन अग्रवाल के सवाल पर एक दिन पहले जो बवाल कटा। संविधान की प्रतियों से 22 कृतियों को हटाए जाने, या संशोधन करने के नाम पर सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा समेत अन्य नेताओं ने परोक्ष रूप से कांग्रेस पर निशाना साधा, उसपर एआईसीसी के वरिष्ठ नेता गुरदीप सप्पल ने विस्तार से सोशल मीडिया के जरिए सफाई दी है। उन्होंने लिखा,भाजपा के नेताओं को मासूम कहें या अज्ञानी, मालूम नहीं, क्योंकि चित्र तो कभी भी हटाए नहीं गए। आज भी लोक सभा सचिवालय से जो मूल संविधान की प्रति मिलती है, वो सचित्र कॉपी है। आखिरी बार ये मूल प्रति की कॉपी 2018 में मोदी सरकार के दौरान ही छापी गई थी।

उन्होंने लिखा, सच ये है कि 1950 में जब संविधान लागू हुआ, तब तक आधुनिक लिथोमेन वेब ऑफसेट प्रिंटिंग का आविष्कार ही नहीं हुआ था। तब जो लिथोग्राफिक ऑफसेट मशीन चित्रों की प्रिंटिंग कर सकती थी, उस पर विश्व युद्ध के कारण प्रतिबंध था। ये मशीनें केवल सैन्य उपयोग के लिए थीं, जो नक्शे, टैंक, सैन्य उपकरण, हवाई जहाज़ के डिज़ाइन छापने के लिए इस्तेमाल होती थी।

ब्रिटिश भारत में ये मशीन सर्वे ऑफ इंडिया के पास थी जो संविधान पर की गई महीन चित्रकारी को अच्छी तरह छाप सकती थीं, इसीलिए तत्कालीन कानून मंत्री बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने सर्वे ऑफ़ इंडिया की इस ब्रांच को संविधान की मूल प्रति की 1000 कॉपी छापने का निर्देश दिया। इन में एक कॉपी पिछले साल 48 लाख में बिकी है।

लेकिन लॉ मिनिस्टर बाबा साहेब अंबेडकर के सामने तब एक दूसरी चुनौती थी। संविधान बन तो गया था, लेकिन उसकी जानकारी लोगों तक भी पहुंचानी थी। पत्रकार, राजनेता, जज, वकील, बुद्धिजीवी सभी को नए संविधान की ज़रूरत थी। तब इंटरनेट भी नहीं था कि बाबा साहेब उस पर एक कॉपी डाल कर निश्चिंत हो जाते। महँगी लिथोग्राफ़िक प्रिंटिंग से हज़ारों कॉपी छापना न तो तुरंत संभव था, न ही ये सभी लोग वो महंगी कॉपी ख़रीद सकते थे। इसीलिए, डॉ. अम्बेडकर के मंत्रालय ने ही, उन्हीं के वक़्त में, संविधान के सस्ते टेक्स्ट एडीशन छापने का फैसला किया, जो उस समय के आम प्रिंटिंग प्रेस में आसानी से छाप सकते थे। लोगों को संविधान की कॉपी सुलभ करने के लिए ही बिना चित्र वाली कॉपियों का चलन शुरू किया गया।

गुरदीप सप्पल ने भाजपा नेताओं द्वारा उठाये गए सवालों के मार्फत भाजपा को ही घेरने का प्रयास करते हुए लिखा, वैसे भाजपा ने ये विवाद उठा कर शायद अच्छा ही किया है।

अब लोगों को पता तो चला की नेहरू-अंबेडकर के नेतृत्व में और कांग्रेस की सोच के अनुसार जो संविधान बना है उसमें भगवान राम का चित्र भी है, बुद्ध का भी है। गुरु गोविंद सिंह का भी है, महावीर का भी है। उसमें अशोक, गुप्त राज, विक्रमादित्य, शिवाजी, अकबर के चित्र भी हैं।

संविधान में रानी लक्ष्मी बाई, टीपू सुल्तान भी हैं और शायद भाजपा के लोगों को जान कर झटका लगे, महात्मा गाँधी के साथ साथ नेता जी सुभाष चंद्र बोस को संविधान में जगह दे कर नेहरू-अंबेडकर ने उनकी याद को अमर बना दिया था। नोआखली दंगों में गाँधी जी के शांति कार्य भी संविधान के पन्नों का हिस्सा है।

### उन्हें 'संविधान' में उकेरा

विख्यात आर्टिस्ट नंदलाल बोस और उनकी टीम ने भारत के 12 इतिहास खंडों को संविधान के पन्नों पर उकेरा है। लिखावट प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा की है। ये इतिहास खंड हैं: मोहनजोदड़ो, वैदिक काल, महाभारत काल, महाजनपद काल, नंद काल, मौर्य काल, गुप्त काल, मध्य काल, मुगल काल, ब्रिटिश काल, आज़ादी का आंदोलन, क्रांतिकारी आंदोलन और भारत के प्राकृतिक चिह्न। ऐसा इसलिए किया था, क्योंकि कांग्रेस के लिए भारत का सुनहरा इतिहास मोहनजोदड़ो और वेदों से शुरू हो कर वर्तमान तक आता है। विवाद उठाने वालों को नसीहत देते हुए सप्पल ने कहा, ज़्यादा समझना हो तो नेहरू जी की 'भारत एक खोज' पुस्तक पढ़िए, जो जेल में लिखी थी।

### बेटे समेत दिग्विजय ने लगाई डुबकी



**प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा पर प्रयागराज में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में स्नान किया।

नहीं बुझी इलाहाबादिया की लगाई आग

## विवादों में घिरी अपूर्वा, पुलिस ने किए सवाल, बाकी को समन

एजेंसी ⏭ मुंबई



कॉमेडियन समय रैना का यूट्यूब शो इंडियाज कॉट लैटेंट अपने कंटेंट को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। अबकी बार तो इस शो ने ऐसी हद पार की कि लोगों को गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। शो में यूट्यूबर और पोडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया ने जो कुछ बोला, उस पर पूरे इंडिया में हंगामा मचा हुआ है। पुलिस ने अपूर्वा मखीजा को बुलाया। अपूर्वा मुंबई के खार पुलिस स्टेशन पहुंची थी। इस दौरान उनका वकील भी उनके साथ रहे। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इलाहाबादिया और अन्य द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए उन्हें 17 फरवरी को पेश होने का आदेश दिया है। समय रैना, जसप्रीत सिंह और आशीष चंचलानी की अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है।शो के निर्माता तुषार पुजारी और सौरभ बोथरा को भी नोटिस भेजा है।

### हम एकसाथ, एकजुट हैं एक साथ मिलकर करेंगे समाज का कल्याण



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ रिश्ते को पुराना बताते हुए कहा कि हम एक साथ हैं और आगे भी एक साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले वाली सरकार ने बिहार के विकास के लिए कुछ नहीं किया। नीतीश संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर विकास मित्रों के क्षमता वर्धन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।नीतीश ने कहा कि हम एससी-एएसटी के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे। हम लोग लगातार सभी समाज के लिए काम कर रहे हैं।

*कांग्रेस में ओवरहालिंग की तैयारी कई पीसीसी, प्रभारी बदले जाएंगे*

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल को मिल सकती है एआईसीसी महासचिव की बड़ी जिम्मेदारी

» **मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता वाली एआईसीसी का स्वरूप बदला नजर आएगा**

» **संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को लेकर कयासों का बाजार गरम था। इसे नकारा**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस संगठन में बड़े 'ओवरहालिंग' की तैयारी है। मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता वाली एआईसीसी का स्वरूप बदला नजर आएगा। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को लेकर कयासों का बाजार गरम था। एक खेमा उन्हें बदले जाने की जद्दोजहद में था। ऐसी सभी शक्तियों को नकार दिया गया है। वेणुगोपाल अपने पद पर बने रहेंगे। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री तेजतर्रार नेता भूपेश बघेल को महासचिव का बड़ा दायित्व देकर संगठन में लाया जा सकता है । वहीं मीनाक्षी नटराजन, सचिन राव, अजय कुमार लल्लू, वामशी रेड्डी, कृष्णा अलावुरु जैसे नेताओं को संगठन में नई जिम्मेदारी दी जा सकती है। बिहार, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, तमिलनाडु और असम के प्रभारी महासचिव बदले जा सकते हैं। केरल, हरियाणा, तमिलनाडु, असम और हिमाचल के प्रदेश अध्यक्ष बदले जायेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को भी हटाया जाना प्रस्तावित था, लेकिन शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि संगठन में उन्हें काम करने का, अपनी सांगठनिक क्षमता दिखाने का बेहद कम मौका मिला है, लिहाजा उन्हें और मोहलत दिया जाने की संभावना है।

नए आयकर विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की भी मंजूरी मिली

# सीबीडीटी को मिलेगा योजनाओं और 'कर' को गति देने का अधिकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**यह विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा**

नया आयकर बिल गुरुवार को संसद में पेश किया जा सकता है। आयकर कानूनों को सरल बनाने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में नया आयकर विधेयक पेश करने का ऐलान किया था। इस विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की भी मंजूरी मिल चुकी है। लोकसभा में 536 धाराओं और 23 अध्यायों में तैयार 622 पन्नों वाला आयकर विधेयक 2025 अधिक व्यवस्थित और वर्तमान कानून की तुलना में सरल होगा। यह विधेयक 4 दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। यह विभिन्न संशोधनों के बाद काफी जटिल हो गया है। प्रस्तावित नए कानून में, आयकर अधिनियम, 1961 में उल्लिखित 'पिछले वर्ष' (एफवाई) शब्द को बदलकर 'कर वर्ष' कर दिया गया है।

**536** धाराएं समाहित, 23 अध्यायों में तैयार, 622 पन्नों में बना, 16 अनुसूचियां होंगी

### कर निर्धारण वर्ष की अवधारणा होगी समाप्त



पिछले वर्ष (2023-24) में अर्जित आय के लिए, कर का भुगतान निर्धारण वर्ष (2024-25) में किया जाता है। इस नए विधेयक में पिछले वर्ष और निर्धारण वर्ष की अवधारणा को हटा दिया गया है और सरलीकृत विधेयक में केवल कर वर्ष की बात कही गई है। आयकर विधेयक, 2025 में 536 धाराएं शामिल हैं, जो वर्तमान आयकर अधिनियम, 1961 के 298 धाराओं से अधिक हैं।

**यह पहले का लगभग आधा**

नए आयकर विधेयक में भी अध्यायों की संख्या 23 ही रखी गई है जबकि पृष्ठों की संख्या काफी कम होकर 622 हो गई है, जो वर्तमान के भारी-भरकम अधिनियम का लगभग आधा है, जिसमें पिछले छह दशकों में किए गए संशोधन शामिल हैं।

### नए कानून 16 अनुसूची और 23 अध्याय होंगे

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि धाराओं में यह वृद्धि कर प्रशासन के लिए एक अधिक व्यवस्थित दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें आधुनिक अनुपालन तंत्र, डिजिटल शासन और व्यवसायों एवं व्यक्तियों के लिए सुव्यवस्थित प्रावधान शामिल हैं। नए कानून 16 अनुसूची और 23 अध्याय हैं। इससे पहले, आयकर विभाग को विभिन्न प्रक्रियात्मक मामलों, कर योजनाओं और अनुपालन ढांचे के लिए संसद का दरवाजा खटखटाना पड़ता था।

## खबर संक्षेप

### सोना 340 रुपये टूटा, चांदी में 600 रुपए की तेजी



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 340 रुपये घटकर 87,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। हालांकि, बुधवार को चांदी की कीमत 600 रुपये बढ़कर 97,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। कॉमेक्स और एमसीएक्स दोनों में कीमतों में कमजोरी देखी गई।

### जैपुरिया के छात्रों ने जे.ई.ई. मेन में लहराया परचम

नई दिल्ली। 'सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल गाज़ियाबाद' अपने छात्रों के चहुमुखी विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है उसी के परिणामस्वरूप जे ई ई मेन परीक्षा के नतीजों में यहाँ के अनेक छात्रों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता हासिल की।
एन टी ए की ओर से जे ई ई मेन 2025 के प्रथम संस्करण के परीक्षाफल मंगलवार को घोषित किए गए जिसमें सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल गाज़ियाबाद के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्रों ने अपनी लगन एवं परिश्रम से अति उत्तम अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में सौरीश श्रीवास्तव ने (99.99%), मनोमय गुप्ता ने (99.98%),पी.एल.रक्षित ने (99.93%) अंक हासिल किए। इनके अतिरिक्त तन्मय बत्रा (99.88%), गौरिका रस्तोगी (99.87%), प्रांजल अग्रवाल (99.86%),अमर्त्य मिश्रा (99.75%) एवं आर्यन कुमार (99.73%), निहाल वर्मा (99.72%),चिन्मय पाण्डेय (99.69%), दक्ष अग्रवाल (99.57%), गौरांगी (99.49%),तनिष्क शर्मा (99.46%), आराध्य कौशिक (99.46%)तथा पार्थ यादव (99.20%) ने भी अपनी लगन व परिश्रम का परिचय देकर विशेष सफलता हासिल की।

### खनन व विनिर्माण क्षेत्रों का रहा खराब प्रदर्शन

# औद्योगिक उत्पादन दिसंबर में धीमा पड़ा, तीन महीने के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत

*खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से दिसंबर, 2024 में देश का औद्योगिक उत्पादन 3.2 प्रतिशत की दर से ही बढ़ा जो तीन महीनों का निचला स्तर है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। दिसंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ा था।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने नवंबर, 2024 के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़े को भी संशोधित कर पांच प्रतिशत कर दिया है। पिछले महीने जारी अस्थायी अनुमान में इसे 5.2 प्रतिशत बताया गया था। सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत के समान स्तर पर रही जबकि अगस्त में स्थिर रही थी।

#### एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

अक्टूबर, 2024 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि 3.7 प्रतिशत दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर, 2024 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन तीन प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.6 प्रतिशत बढ़ा था।

#### खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटी

आलोच्य अवधि में खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई जबकि साल भर पहले की समान अवधि में यह 5.2 प्रतिशत थी। हालांकि समीक्षाधीन माह में बिजली उत्पादन बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गया जो दिसंबर, 2023 में सिर्फ 1.2 प्रतिशत था।

- दिसंबर 2023 में औद्योगिक उत्पादन 4 .4 प्रतिशत बढ़ा
- सरकार ने नवंबर 2024 के आईआईपी आंकड़े को किया संशोधित
- खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2 .6 प्रतिशत रह गई



#### पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि दर्ज

इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों यानी अप्रैल-दिसंबर की अवधि में औद्योगिक उत्पादन में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो एक साल पहले की समान अवधि में दर्ज 6.2 प्रतिशत वृद्धि से कम है। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत वस्तु खंड की वृद्धि दिसंबर 2024 में बढ़कर 10.3 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 3.7 प्रतिशत वृद्धि हुई थी।

#### गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन घटा

टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2023 में 5.2 प्रतिशत बढ़ा था। दिसंबर 2024 में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन 7.6 प्रतिशत घट गया जबकि दिसंबर, 2023 में इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## गलगोटियाज विव दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में शामिल




नई दिल्ली। गलगोटियाज यूनिवर्सिटी ने प्रतिष्ठित द वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 (**THE-World University Ranking**) में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के साथ प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। द वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के तहत टॉप भारतीय यूनिवर्सिटी (सरकारी और निजी दोनों) के बीच गलगोटियाज यूनिवर्सिटी को सर्वश्रेष्ठ 45वीं रैंक (1000-1200 बैंड-वर्ल्डवाइड) प्रदान की गई है। इसके अलावा, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भी गलगोटियाज को सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दी गई है। इसके तहत दक्षिण एशिया में इसे 187वीं रैंक दी गई है, जबकि एशिया में इसे 621 से 640 रैंक के बीच स्थान दिया गया है।

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक 276A/2024
पेशी दिनांक 18/03/2025
अ.क्र. 535/25

न्यायालय रवि कुमार कश्यप तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी जिला दुर्ग (छ.ग.)
**आवेदक - अमित कुमार सेठिया**
**अनावेदक - रमेश वगैरह**

बनाम 1. रमेश आ. स्व. सत्यपाल सिंह, 2. सतीश आ. स्व. सत्यपाल सिंह, 3. सविता आ. स्व. सत्यपाल सिंह, 4. अनिता आ. स्व. सत्यपाल सिंह सभी निवासी मकान नं. 288, गली नंबर 16, बलबीर नगर एक्सटेंशन, सहादरा दिल्ली-32

क्योंकि वादी/आवेदक आपके विरुद्ध दावा वास्ते घोषणा एवं बाबत कीमती 300/- रू. (अक्षरी तीन सौ रुपये) का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18 माह माह 03 सन 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/ अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित हैं और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.25 का न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

रवि कुमार कश्यप
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

**D. D. VENTURES LIMITED**
CIN No. :- L50102DL1984PLC017834, Regd. Office : 68-68/1, Basement-1, Najafgarh Road, Industrial Area, Moti Nagar, West Delhi, India, 110015
Email Id: a.bhaskar@ddmotors.net,
Website: www.ddventures.in, Tel. No. 011 44400444

"EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED DECEMBER 31, 2024"

(Rs. In Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended 31.12.2024 (Unaudited) | Quarter Ended 30.09.2024 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2024 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 0.00 | 0.00 | 1.25 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | -12.11 | -1.20 | -2.16 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -12.11 | -1.20 | -2.16 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -12.11 | -1.20 | -2.16 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | -12.11 | -1.20 | -2.16 |
| 6 | Equity Share Capital | 94.60 | 94.60 | 94.60 |
| 7 | Reserves (excuding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet | -94.62 | -94.62 | -94.62 |
| 8 | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) | | | |
| | 1. Basic : | -1.28 | -0.13 | -0.23 |
| | 2. Diluted : | -1.28 | -0.13 | -0.23 |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 31.12.2024 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Unaudited Financial Results is available on the websites of the Stock Exchange www.msei.in and the Company www.ddventures.in.

For and on behalf of the Board of
D. D. Ventures Limited
Sd/-
(S D Sharma)
Director
DIN: 07422151

Place : New Delhi
Date : February 12, 2025

## बाजार में उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स 122 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी और व्यापार युद्ध गहराने की आशंकाओं से परेशान घरेलू शेयर बाजार भारी उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को लगातार छठे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 122 अंक और निफ्टी 26 अंक के नुकसान पर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स आखिरी घंटे में खरीदारी आने से अपनी भारी गिरावट से उबरने में सफल रहा और 122.52 अंक गिरावट के साथ 76,171.08 पर बंद हुआ। हालांकि सेंसेक्स कारोबार के दौरान अधिकांश समय भारी दबाव में रहा और एक समय 905.21 अंक गिरकर 76,000 के



■ आखिरी घंटे में खरीदारी आने से बाजार में आई रिकवरी

स्तर से नीचे 75,388.39 पर आ गया था। निफ्टी 26.55 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 23,045.25 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 273.45 अंक गिरकर 22,798.35 पर आ गया था।
चार फरवरी से अब तक सेंसेक्स 2,412.73 अंक यानी 3.07 प्रतिशत गिर चुका है जबकि निफ्टी को 694 अंक यानी 2.92 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन और इन्फोसिस के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, लार्सन एंड टूब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इस बीच घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी का सिलसिला लगातार जारी है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को एफआईआई ने 4,486.41 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी।

## राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष को हटाने के आदेश

नई दिल्ली(भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने डॉ. अनिल खुराना को बुधवार को यह कहते हुए राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) के अध्यक्ष पद से हटाने का आदेश दिया कि उनकी नियुक्ति कानून के अनुसार नहीं थी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए कहा कि मामले में प्रक्रियात्मक निष्पक्षता का पूर्ण अभाव था। डॉ. खुराना चार जुलाई 2025 को एनसीएच के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होने वाले थे। शीर्ष अदालत ने कहा, "तीसरे प्रतिवादी की नियुक्ति रद्द की जाती है।

**PUBLIC NOTICE**
General public is hereby informed that my clients namely Shri. Dalwinder Singh, s/o Shri Swaran Singh and his wife Smt. Gurmeet Kaur, D/o Harbux Singh both are R/o H.No. 596, Pocket-L, Paschim Puri, New Delhi-110063 have severed all their relations and debarred their son namely Preet Pal Singh and his wife Amandeep Kaur from all their movable and immovable properties /assets and have severe all relations from them and they are residing separately from my clients since 13th of August 2024. My clients will not be responsible in future for their any act's/ deeds.
VIJENDER SHARMA
Advocate

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## बीएचईएल को महाराष्ट्र में 2x660 मेगावाट कोराडी थर्मल पावर स्टेशन की स्थापना के लिए ऑर्डर प्राप्त हुआ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीएचईएल ने घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली के तहत, महाराष्ट्र के नागपुर जिले में 2x660 मेगावाट कोराडी सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन (यूनिट 11 और 12) की स्थापना के लिए एक बड़ा ऑर्डर प्राप्त किया है। यह ऑर्डर महाजेनको (MAHAGENCO) द्वारा बीएचईएल को दिया गया है।
इस परियोजना में, बीएचईएल के कार्यक्षेत्र में मुख्य संयंत्र पैकेज (बॉयलर, टरबाइन और जनरेटर) और संबंधित सहायक उपकरणों के साथ-साथ सभी आवश्यक विद्युत, सिविल और संरचनात्मक कार्यों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, इरेक्शन, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। कंपनी के कार्यक्षेत्र में उन्नत, उच्च-दक्षता वाले उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों की आपूर्ति भी शामिल है।
बीएचईएल निर्मित सेट महाराष्ट्र में महाजेनको की कुल स्थापित कोयला-आधारित उत्पादन क्षमता में 75% से अधिक का योगदान करते हैं और कंपनी वर्तमान में महाजेनको की 660 मेगावाट भुसावल परियोजना को भी निष्पादित कर रही है।

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## एलन रोहतक के 13 स्टूडेंट्स को 98 से अधिक पर्सेन्टाइल

रोहतक। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी-2025 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, रोहतक ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन रोहतक के सेंटर हेड अभिषेक मिश्रा ने बताया कि एलन रोहतक के 13 स्टूडेंट्स ने 98 पर्सेन्टाइल या इससे अधिक स्कोर किया है। इसमें सर्वाधिक दिव्यम जैन ने 99.84 पर्सेन्टाइल स्कोर कर सेंटर टॉप किया है। इसके साथ हीरमन ने 99.82, प्रशांत ने 99.68 पर्सेन्टाइल स्कोर किया है। रोहतक में 30 स्टूडेंट्स ने 90 पर्सेन्टाइल से अधिक स्कोर किया।नेशनल रिजल्ट्स में एनटीए की ओर से 14 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोरर घोषित किया गया है,


रमन


दिव्यम

इसमें से 5 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से हैं। एलन कोटा के क्लास रूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल और अरनव सिंह के साथ एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है।

**हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली-110025
www.hindustantin.biz
Contact No. : 011-49998888, Fax : 011-49998822

**पर्यावरणानुकूल भविष्य बनाते हुए**

SCRIP CODE : 530315
CIN: L27109DL1958PLC003006
(रु. लाखों में)

31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 30.09.2024 (अअंकेक्षित) | 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय | 8,876.02 | 10,968.51 | 9,803.90 | 30,533.37 | 33,158.22 | 41,935.36 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 368.02 | 555.88 | 715.34 | 1,152.15 | 2,110.72 | 2,304.12 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 368.02 | 555.88 | 715.34 | 1,152.15 | 2,110.72 | 2,304.12 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 306.83 | 412.79 | 532.28 | 883.79 | 1,401.67 | 1,704.11 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 320.12 | 376.39 | 537.51 | 846.54 | 1,380.28 | 1,693.30 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 |
| पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स | | | | | | 19,450.04 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) (असाधारण मदों से पूर्व) (रु. में) | | | | | | |
| बेसिक | 3.08 | 3.62 | 5.17 | 8.14 | 13.27 | 16.28 |
| डायल्युटेड | 3.08 | 3.62 | 5.17 | 8.14 | 13.27 | 16.28 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 12 फरवरी 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर उपलब्ध हैं। इनको नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।
3. कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015, के साथ पठित उनके तहत जारी किए गए सम्बद्ध नियमों और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार तैयार किये गये हैं।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
संजय भाटिया
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00080533

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12 फरवरी 2025

सैकड़ों उत्पाद ... एक कैन !

## शब्द पहेली - 5777




**बाएँ से दाए**
1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिती-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5776 का हल





# चैंपियंस ट्रॉफी: आस्ट्रेलिया को एक और झटका, स्टार्क भी बाहर, स्मिथ करेंगे कप्तानी


## कमिंस, हेजलवुड और मार्श पहले से बाहर, स्टोइनिस का संन्यास

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

**सिडनी।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना उतरेगी जिन्होंने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। वनडे विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया को 15 सदस्यीय टीम में कई बदलाव करने पड़े चूंकि कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और हरफनमौला मिचेल मार्श चोटिल हैं जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक संन्यास ले लिया। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, 'हम मिच के फैसले का सम्मान करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर उसकी प्रतिबद्धता को लेकर उसका काफी सम्मान है।'

### स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ

गॉल में पिछले सप्ताह टेस्ट मैच के आखिरी चरण में स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ थी। वह श्रीलंका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला भी नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा है कि स्टार्क ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है और वह इस फैसले पर बयान नहीं देंगे। यह घटना आस्ट्रेलिया के लिए करारे झटके की तरह है चूंकि विश्व कप 2023 में उसकी खिताबी जीत में कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क की अहम भूमिका थी। कमिंस और मार्श की गैर मौजूदगी में स्मिथ टीम के कप्तान होंगे। तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस , सीन एबोट और बेन ड्वारशुइस को टीम में शामिल किया गया है।



### कुहनेमन का होगा बायोमीट्रिक टेस्ट

**सिडनी।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंपायरों द्वारा गेंदबाजी एक्शन की शिकायत किए जाने के बाद आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमन की बायोमीट्रिक जांच होगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा, 'श्रीलंका के खिलाफ गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान मैच अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत की जानकारी आस्ट्रेलियाई टीम को दी गई है। हम पूरे मामले में मैट का सहयोग करेंगे।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बताया कि कुहनेमन 2017 में पदार्पण के बाद से 124 पेशेवर मैच खेल चुके हैं लेकिन उनके गेंदबाजी एक्शन की कभी शिकायत नहीं हुई। श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों में उन्होंने 16 विकेट लिए। उनकी बायोमीट्रिक जांच ब्रिसबेन में होगी।



### अफगान स्पिनर गजांफर बाहर

काबुल। अफगानिस्तान के युवा आफ स्पिनर एएम गजांफर कमर के निचले हिस्से में फ्रेक्चर के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल दोनों से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की। बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे को 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। बीस वर्ष के खरोटे बाएं हाथ के स्पिनर हैं और पिछले साल पदार्पण के बाद से सात वनडे और छह टी20 मैच खेल चुके हैं। गजांफर को पिछले साल अफगानिस्तान के जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लगी थी और वह कम से कम चार महीने बाहर रहेंगे।

### अफगानिस्तान टीम

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जदरान, इकराम अलीखिल, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदिन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, फरीह अहमद, फजलहक फारूकी, नांगेयालिया खरोटे, नावीद जदरान, नूर अहमद।

## खबर संक्षेप



### धवन बने चैंपियंस ट्रॉफी के प्रतियोगिता दूत

**दुबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुधवार को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने धवन के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया है उनमें पाकिस्तान के 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी शामिल हैं।

### केंद्र और एआईएफएफ से कोर्ट ने मांगा जवाब


**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा



जिसमें आरोप लगाया गया है कि महासंघ के महासचिव के रूप में अनिलकुमार प्रभाकरण की नियुक्ति राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने दिल्ली फुटबॉल क्लब के निदेशक रंजीत बजाज की याचिका पर केंद्रीय खेल मंत्रालय, एआईएफएफ के साथ-साथ प्रभाकरण को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के अंदर जवाब देने के लिए कहा।

### अंग दान को बढ़ावा देने बांह में हरी पट्टी बांध खेले खिलाड़ी

**अहमदाबाद।** भारत और इंग्लैंड की क्रिकेट टीमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड की 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' पहल का समर्थन करने के लिए बुधवार को यहां तीसरे और



अंतिम एकदिवसीय मैच में बांह पर हरे रंग की पट्टी बांधकर मैदान पर उतरीं। बीसीसीआई ने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच शुरू होने के बाद एक बयान में यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने कहा, 'दोनों टीम बीसीसीआई की पहल 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' का समर्थन करने के लिए बांह पर हरे रंग की पट्टी पहनकर खेल रही हैं। इस पहल की अगुवाई आईसीसी के चेयरमैन जय शाह कर रहे हैं।'

### अब हर वर्ष होगा टॉप्स में खिलाड़ियों का मूल्यांकन

**नई दिल्ली।** लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के कोर ग्रुप में शामिल करने या उससे बाहर करने के लिए अब खिलाड़ियों का हर वर्ष मूल्यांकन किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को फायदा मिले। अभी तक खिलाड़ियों का प्रत्येक दो वर्ष में मूल्यांकन किया जाता था। यह निर्णय बुधवार को यहां मिशन ओलंपिक सेल की 153वीं बैठक में लिया गया जिसकी अध्यक्षता खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने की। कोर ग्रुप में शामिल 179 और डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल 130 खिलाड़ियों की नई सूची भी तैयार की गई है।

## अक्षर, राणा, अर्शदीप और पंड्या ने झटके दो-दो विकेट

# भारत ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप, इंग्लैंड को 142 रन से रौंदा, गिल का 7वां शतक

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

भारत ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में बुधवार को यहां इंग्लैंड को 142 रन से रौंदकर 3-0 से सूपड़ा साफ किया। भारती टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपनी तैयारियों का पुख्ता नजारा पेश किया। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने करियर का सातवां शतक जड़ा। भारत के 357 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 34.2 ओवर में 214 रन पर ढेर हो गई। अक्षर पटेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या ने दो-दो विकेट लेकर धारदार गेंदबाजी की।

इंग्लैंड की ओर से आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे गस एटकिंसन और टॉम बैनटन दोनों ने 38-38 रन बनाए। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (34) ही 30 रन के आंकड़े को पार कर पाए। भारत ने इससे पहले गिल की 104 गेंद में तीन छक्कों और 14 चौकों से 112 रन की पारी के अलावा विराट कोहली (52) के साथ दूसरे विकेट की उनकी 116 और श्रेयस अय्यर (78) के साथ तीसरे विकेट की 104 रन की साझेदारी से 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 356 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से लेग स्पिनर आदिल राशिद सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 64 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि तेज गेंदबाज मार्क वुड ने 45 रन देकर दो विकेट हासिल किए।



### शुभमन के सबसे तेज 2500 रन

भारत के स्टार ओपनर शुभमन गिल ने वनडे इंटरनेशनल में सबसे तेज 2500 रन बनाने की उपलब्धि हासिल कर ली। भारत के लिए अपना 50वां वनडे मैच (50वीं पारी) खेलते हुए शुभमन गिल ने इस जादुई आंकड़े को छुआ। गिल ने साउथ अफ्रीकी दिग्गज हाशिम अमला के रिकॉर्ड को तोड़ा, जिन्होंने अपनी 51वीं वनडे पारी में 2500 रनों का आंकड़ा पार किया था।

### गिल का 95 गेंदों में शतक

गिल ने 95 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। इस दौरान गिल ने 2 छक्के और 14 चौके जमाए। गिल का वनडे इंटरनेशनल में यह अपना 7वां शतक है। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 5 शतक जमाए हैं। जबकि टी20 इंटरनेशनल में भी गिल ने एक शतक लगाया है। इस तरह यह स्टार ओपनर तीनों फॉर्मेट में शतक जमा चुका है। गिल इस तीसरे मैच में 102 गेंदों पर 112 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी इस पारी में कुल 3 छक्के और 14 चौके जमाए। उनका स्ट्राइक रेट भी 109.80 का रहा।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का सॉल्ट बो वुड | 01 | 02 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल बो राशिद | 112 | 102 | 14 | 3 |
| कोहली का सॉल्ट बो राशिद | 52 | 55 | 7 | 1 |
| अय्यर का सॉल्ट बो राशिद | 78 | 64 | 8 | 2 |
| राहुल पगबधा बो महमूद | 40 | 29 | 3 | 1 |
| हार्दिक पंड्या बो राशिद | 17 | 09 | 0 | 2 |
| अक्षर का बैनटन बो रूट | 13 | 12 | 2 | 0 |
| वाशिंगटन का ब्रूक बो वुड | 14 | 14 | 1 | 0 |
| राणा का बटलर बो एटकिंसन | 13 | 10 | 1 | 1 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 | 02 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 50 ओवर में 356/10
गेंदबाजी : महमूद 10-0-68-1, वुड 9-1-45-2, एटकिंसन 8-0-74-1, रूट 5-0-47-1, राशिद 10-0-64-4, लिविंगस्टोन 8-0-57-0.

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का अक्षर बो अर्शदीप | 23 | 21 | 4 | 0 |
| डकेट का रोहित बो अर्शदीप | 34 | 22 | 8 | 0 |
| बैनटन का राहुल बो कुलदीप | 38 | 41 | 4 | 2 |
| जो रूट बो अक्षर | 24 | 29 | 2 | 0 |
| हैरी ब्रूक बो हर्षित | 19 | 26 | 1 | 1 |
| जोस बटलर बो हर्षित | 06 | 09 | 0 | 0 |
| लियाम स्टं राहुल बो वाशिंगटन | 09 | 23 | 1 | 0 |
| गस एटकिंसन बो अक्षर | 38 | 19 | 6 | 1 |
| आदिल राशिद बो पंड्या | 00 | 05 | 0 | 0 |
| वुड का अय्यर बो पंड्या | 09 | 07 | 2 | 0 |
| साकिब महमूद नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 34.2 ओवर में 214/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 5-0-33-2, राणा 5-1-31-2, वाशिंगटन 5-0-43-1, अक्षर 6.2-1-22-2, पंड्या 5-0-38-2, कुलदीप 8-0-38-1.

## 38वां राष्ट्रीय खेल

# भाला फेंक में सचिन और ऊंची कूद में पूजा ने बनाया रिकॉर्ड



एजेंसी ▸▸| देहरादून

उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, हरियाणा की 18 साल की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह और हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बेरवाल ने बुधवार को यहां एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते।

25 साल के यादव ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में भाले को 84.39 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता। यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। हरियाणा के फतेहाबाद जिले के एक राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने 1.84 मीटर के प्रयास से 2023 सत्र में जीते महिलाओं की ऊंची कूद के स्वर्ण पदक को बरकरार रखा। उन्होंने 2022 में पश्चिम बंगाल की स्वप्ना बर्मन के 1.83 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। पूजा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1.85 मीटर है जो राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड भी है। बेरवाल ने 13 मिनट 45.93 सेकंड के साथ पुरुष 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेना के जी लक्ष्मणन के 2015 में बनाए 13 मिनट 50.05 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के पिछड़ने रिकॉर्ड को बेहतर किया। यह बेरवाल का मौजूदा खेलों में दूसरा स्वर्ण और दूसरा राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड है।

### रामराज ने बाधा दौड़ में जीता सोना

महिला 400 मीटर बाधा दौड़ में तमिलनाडु की विथ्या रामराज ने 58.11 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय खेलों का लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2022 और 2023 में भी स्वर्ण पदक जीते थे। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ का स्वर्ण गुजरात के रुचित मोरी ने 50.97 सेकंड के समय से जीता जबकि महिला गोला फेंक में पंजाब की जैस्मिन कौर ने 15.97 मीटर के प्रयास से शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला 5000 मीटर की चैंपियन उत्तराखंड की अंकिता ध्यानी (15 मिनट 56.03 सेकेंड) बनीं जबकि चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में केरल ने तीन मिनट 25.35 सेकेंड के साथ बाजी मारी।

## वनडे

# असलांका की कप्तानी पारी से श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को रौंदा

एजेंसी ▸▸| कोलंबो

कप्तान चरित असलांका ने विषम परिस्थितियों में 127 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जिससे श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को यहां दो मैच की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में 49 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया जिसने असलांका की शानदार पारी के बावजूद 46 ओवर में 214 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह स्कोर भी पहाड़ जैसा साबित हुआ और उसकी पूरी टीम 33.5 ओवर में 165 रन पर आउट हो गई। मैच का आकर्षण असलांका का शतक रहा जो वनडे में उनका चौथा सैकड़ा है। उन्होंने अपनी पारी में 126 गेंद का सामना करते 14 चौके और पांच छक्के लगाए।

उन्होंने ऐसे समय में यह पारी खेली जबकि श्रीलंका की आधी टीम 55 रन पर पेवेलियन लौट गई थी। असलांका ने इसके बाद डुनिथ वेलालेज (30) के साथ छठे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। यह साझेदारी टूटने के बाद श्रीलंका का स्कोर जल्द ही आठ विकेट पर 135 रन हो गया।

# भारत ने मकाऊ को 5-0 से हराया आज कोरिया से होगा मुकाबला

एजेंसी ▸▸| किंगदाओ

भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ग्रुप डी के शुरुआती मुकाबले में बुधवार को मकाऊ को 5-0 से हरा दिया। पिछले सत्र में दुबई में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम अब क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। दूसरे और आखिरी ग्रुप मैच में गुरुवार को उसका सामना कोरिया से होगा। मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करुणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21-10, 21-9 से जीता। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21-16, 21-12 से हराया। मालविका बंसोड़ ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21-15, 21-9 से जीत दर्ज की। चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरुष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वोंग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21-10, 21-5 से मात दी।

# एथलेटिक्स में राष्ट्रीय खेलों के तीन रिकॉर्ड टूटे, सेना शीर्ष पर बरकरार

**देहरादून (भाषा)।** खेलों के तीन रिकॉर्ड के साथ बुधवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं का अंत हुआ जबकि सेना की मजबूत टीम का छह सत्र में पांचवीं बार पदक तालिका के शीर्ष पर रहना लगभग तय हो गया। हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बेरवाल ने राष्ट्रीय खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। बेरवाल ने 13 मिनट 45.93 सेकेंड के साथ पुरुष 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेना के जी लक्ष्मणन के 2015 में बनाए 13 मिनट 50.05 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड को बेहतर किया। यह बेरवाल का मौजूदा खेलों में दूसरा स्वर्ण और दूसरा राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड है।



उन्होंने शनिवार को पुरुष 10 हजार मीटर स्पर्धा भी 28 मिनट 49.93 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ जीती थी।

सेना ने बुधवार को 11 स्वर्ण सहित 15 पदक जीते जिससे 65 स्वर्ण, 24 रजत और 23 कांस्य पदक के साथ उसके कुल पदक की संख्या 112 हो गई है। अब प्रतियोगिताओं का सिर्फ एक दिन बचा है इसलिए टीम का शीर्ष पर रहना लगभग तय है। पिछले सत्र की शीर्ष टीम महाराष्ट्र ने कुल 171 पदक (48 स्वर्ण, 60 रजत, 63 कांस्य) हासिल किए हैं लेकिन सेना से 17 स्वर्ण कम होने के कारण दूसरे स्थान पर है। हरियाणा (39 स्वर्ण, 45 रजत, 56 कांस्य) ने कर्नाटक को पछाड़कर तीसरा स्थान हासिल किया।

## चैंपियंस ट्रॉफी : राणा और पांच स्पिनरों का टीम में चयन समझ से परे

# जोखिम की रणनीति क्या आएगा भारत के काम?

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

कोच गौतम गंभीर का फलसफा रहा है कि जितना अधिक जोखिम, उतना ही अच्छा फल लेकिन चोट के कारण करिश्माई तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद क्या यह रणनीति भारत के लिए कारगर साबित होगी ? इस सवाल का जवाब सीधा नहीं है चूंकि अंतिम 15 को चुनते समय काफी जोखिम लिया गया।

दुबई जाने वाली टीम में पांच स्पिनर रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती होंगे। बुमराह की जगह हर्षित राणा ने ली है जबकि अधिक अनुभवी मोहम्मद सिराज को युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और हरफनमौला शिवम दुबे के साथ रिजर्व में रखा गया है जो टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे।



### तेज गेंदबाजों को फायदा

भारत के मैच दुबई में होने हैं जहां आम तौर पर वनडे क्रिकेट में तेज गेंदबाजों को अधिक कामयाबी मिली है। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर 2009 के बाद से 58 वनडे खेले जा चुके हैं जिसमें तेज गेंदबाजों को पांच से कम की इकॉनामी दर से 466 विकेट मिले हैं। स्पिनरों को 334 विकेट मिले हैं और उनकी किफायत दर 4.2 रही है।

**फार्म में चक्रवर्ती :** पांच स्पिनरों को लेकर जाने की रणनीति भी समझ से परे हैं हालांकि चक्रवर्ती को उनके शानदार फॉर्म के कारण चुना गया। वह इसी मैदान पर हालांकि टी20 विश्व कप 2021 में नाकाम रहे थे। जडेजा और अक्षर का खेलना लगभग तय है और चक्रवर्ती के खेलने पर कुलदीप को बाहर रहना पड़ सकता है।

### काम आता अनुभव

बुमराह के बाहर होने पर सिराज की जगह राणा को चुनने का कारण भी समझ से परे है जबकि विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे टूर्नामेंटों में आक्रामकता की जगह अनुभव काम आता है। कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि पुरानी गेंद से उतने प्रभावी नहीं होने के कारण सिराज को बाहर रखा गया। राणा ने टी20 में पदार्पण करके छठे गेंदबाज के तौर पर 33 रन देकर तीन विकेट लिए थे। वनडे में उन्होंने मैच के तीन चरणों में तीन स्पैल डाले।

### जायसवाल क्यों हुए बाहर

जायसवाल को बाहर रखने की भी वजह स्पष्ट नहीं है। क्या किसी स्पिनर को जगह देने के लिए एक सलामी बल्लेबाज को बाहर किया गया। इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में पहले वनडे में जायसवाल और श्रेयस अय्यर को साथ में उतारना मुश्किल था लेकिन विराट कोहली की चोट की वजह से परेशानी नहीं हुई। कोहली के वापिस आने के बाद जायसवाल दूसरे मैच से बाहर हो गए। फिटनेस से जूझने वाले हार्दिक पंड्या पर भी जोखिम लिया गया है जो मोहम्मद शमी और अर्शदीप या राणा के साथ तीसरे स्पिनर हो सकते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**कार्य का नाम और इसकी स्थिति:** 30-Elect-52-T-R1-24-25-E3 दिल्ली डिवीज़न में हरियाणा के 13 स्टेशनों (एसएनपी, पीएनपी, गौर, करनाल, केकेडीई, बीजीजेड, वीएच, आरओके, एफडीबी, जीजीएन, पीडब्ज्यूएल, पीटीआरडी, एफडीएन, बीवीएच) पर अपशिष्ट जल उपचार और रीसाइक्लिंग संयंत्र/ अपशिष्ट उपचार संयंत्र की स्थापना के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा की अनुमानित लागत:** 48.95/- लाख रू. **कार्यालय का पता:** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड़, नई दिल्ली। **बयाना राशि:** 97,900/- रू. **निविदा निवेदन की दिनांक व समय:** 11.03.2025 12:00 बजे **निविदा खोलने की दिनांक व समय:** 11.03.2025 12:00 बजे **वेब साइट व नोटिस बोर्ड:** www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली। **491/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कार के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77259004 RGC | 10 एम एम कम्पोजिट ग्रूवेद रबर सोल प्लेट | 1656155 नग | 10.03.25 |
| 02 | 19255001 | 2 x 130 केवीए स्टेटिक कनवर्टर | 19 नग | 10.03.25 |
| 03 | 03250060 | बिब कॉक | 21762 नग | 11.03.25 |
| 04 | 07241857A | नॉन एस्बेस्टस बेस्ड आर्गेनिक ब्रेक पैड्स | 44897 सेट | 17.03.25 |
| 05 | 09242114B | लॉक | 12297 नग | 24.03.25 |
| 06 | 07240315A | बस टाइप ग्लास सटर | 8000 नग | 31.03.25 |

**निविदा शर्तें**– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**टेंडर नोटिस सं0 96/2024–2025 दिनांक : 12.02.2025** **494/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नया मानक

# एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज, जब निकलेंगे जहाज तब 72 फीट ऊपर उठ जाएगा, अगले महीने होगा उद्घाटन

**5 मिनट में पुल का 72 मीटर हिस्सा ऊपर उठकर अपनी जगह आ जाएगा**

*अगले महीने ही तमिलनाडु के मंडपम में नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन होने वाला है, जो कि भारत में मंडपम से जाने वाले रेल नेटवर्क को पंबन द्वीप पर मौजूद रामेश्वरम से जोड़ेगा। इसी के साथ मौजूदा समय में मंडपम और रामेश्वरम के बीच बने 1914 में बने पुराने पंबन ब्रिज को हटाने की प्रक्रिया को शुरू किया जा सकता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जल्द ही एक नया मानक स्थापित होने वाला है। अगले महीने ही तमिलनाडु के मंडपम में नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन होने वाला है, जो कि भारत में मंडपम से जाने वाले रेल नेटवर्क को पंबन द्वीप पर मौजूद रामेश्वरम से जोड़ेगा। इसी के साथ मौजूदा समय में मंडपम और रामेश्वरम के बीच बने 1914 में बने पुराने पंबन ब्रिज को हटाने की प्रक्रिया को शुरू किया जा सकता है। पुराना पंबन ब्रिज सिर्फ रेलवे सेवा के जरिए ही मंडपम और रामेश्वरम को जोड़ता था। तब इन दोनों शहरों में जाने के लिए कोई सड़क मार्ग तक नहीं था।



**पुल के दो हिस्सों को उठाने की जरूरत नहीं**

नए पंबन ब्रिज में आधुनिक वर्टिकल लिफ्ट तकनीक होने की वजह से पुल के दो अलग-अलग हिस्सों को उठाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि ऑटोमैटिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम के जरिए पुल का लिफ्ट हो सकने वाला 1470 मीट्रिक टन भारी हिस्सा एक बार में 12.5 मीटर की ऊंचाई से 22 मीटर की ऊंचाई तक पहुंच जाएगा। इस काम को सिर्फ एक व्यक्ति बटन दबाकर 5 मिनट के अंदर पूरा कर लेगा। जहाजों के गुजरने के बाद पुल के 73 मीटर के हिस्से को वापस अपनी जगह पर स्थापित कर दिया जाएगा, जिसमें पांच मिनट ही लगने के आसार हैं।

**नए पंबन ब्रिज की खासियत**

- वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज तकनीक से बनाया
- फरवरी 2020 में निर्माण कार्य शुरू
- 535 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं
- पुल को 100 खंभों पर खड़ा किया
- ट्रेनों का ट्रायल अक्टूबर 2024 में
- 5800 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया
- 3 लाख 40 हजार सीमेंट की बोरियां लगी हैं

**बैसक्यूल डिजाइन में बनाया गया नया ब्रिज**

नए पंबन ब्रिज का निर्माण कार्य 2020 में शुरू कर दिया गया था। इसे पुराने पंबन ब्रिज के समानांतर ही खड़ा किया गया है। सरकार ने इसके लिए तब 500 करोड़ रुपए का बजट तय किया था। अब तक इसके निर्माण में 535 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इसके निर्माण की जिम्मेदार रेल विकास निगम लिमिटेड को सौंपी गई। पुराने पुल की तरह नए पुल को भी 2.07 किमी लंबा ही बनाया जा रहा है। इस पुल को वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज तकनीक के जरिए बनाया गया है।

## 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरेगी ट्रेन

पुल से ट्रेनें 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हाई-स्पीड में ट्रेन निकल सकती हैं। आधुनिक तरह से डबल ट्रैक बिछाए गए हैं और इन लाइनों का विद्युतिकरण भी किया जा चुका है। रेलवे सेफ्टी कमिश्नर की तरफ से जांच के बाद पुल पर इस रफ्तार का मानक तय किया गया है। हालांकि, पुल के जिस हिस्से को जहाजों को निकालने के लिए उठाया जाएगा, वहां ट्रेनों की रफ्तार 50 किमी प्रतिघंटे तक रखने का मानक तय किया गया है। नए पुल में ट्रेनें 80 किमी प्रतिघंटे तक की रफ्तार पकड़ सकती हैं। लेकिन, एक घुमाव के चलते इस पर स्पीड लिमिट 75 किमी प्रतिघंटा निर्धारित की गई है। आरवीएनएल के डिप्टी जनरल मैनेजर एन. श्रीनिवासन के मुताबिक सीआरएस की तरफ से इसके लिए जरूरी प्रमाणपत्र भी हासिल किए जा चुके हैं। नए पंबन पुल में एक टावर भी बनाया गया है, जो कि पुल से 34 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

---

**खबर संक्षेप**

### मार्च में वापस आएंगे सुनीता और विल्मोर



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्द ही स्पेस स्टेशन ने वापस लौटेंगे। नासा ने मंगलवार को बताया कि मार्च के बीच में उन्हें वापस लाया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री बीते 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं। उन्हें स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापस लाया जाएगा। सुनीता विलियम्स पिछले साल 5 जून को बुच विल्मोर के साथ आईएसएस पर पहुंची थीं।

### भारतीयों को ग्रीन कार्ड के लिए करना होगा इंतजार



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने मार्च 2025 के लिए वीजा बुलेटिन जारी कर दिया है। इसमें रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड की कुछ कैटेगरी में 'फाइनल एक्शन डेट' आगे बढ़ी है। भारतीयों के लिए ईबी-2 और ईबी-3 कैटेगरी के लिए 'फाइनल एक्शन डेट' छह हफ्ते आगे बढ़ गया है। वहीं ईबी-1 और ईबी-5 कैटेगरी में किसी तरह का कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है।

ट्रंप के दबाव में झुके जेलेंस्की

## रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन जंग रोकने के लिए रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रंप, रूस और यूक्रेन को एक मंच पर लाने में सफल होते हैं तो यह मुमकिन है।

- कहा- ट्रंप अगर यूक्रेन-रूस को एक टेबल पर ला पाएं तो ऐसा मुमकिन

जेलेंस्की ने यह स्वीकार किया कि बिना अमेरिकी मदद के वे जंग नहीं लड़ सकते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं जो यह कहते हैं कि यूरोप, अमेरिका के बिना भी यूक्रेन की हिफाजत कर सकता है। लेकिन यह सच नहीं है। अमेरिका के बिना यूक्रेन की सुरक्षा संभव नहीं है।

**सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं जेलेंस्की**

अमेरिका में ट्रंप के शपथ लेने के बाद रूस-यूक्रेन जंग के समाप्त होने को लेकर चर्चा बढ़ गई है। चुनाव के दौड़ान ट्रंप ने यह दावा किया था कि वे शपथ लेने के 24 घंटे के भीतर जंग रोक देंगे। पिछले महीने यूक्रेन में ट्रंप के विशेष शांति दूत कीथ केलॉग ने कहा था कि उनका मकसद ट्रंप प्रशासन के 100 दिन के भीतर जंग रोकना है। उन्हें जंग रोकने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का काम सौंपा गया है। जेलेंस्की ने कहा कि वे 14 फरवरी को म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात करेंगे। जेडी वेंस लंबे समय से यूक्रेन को जंग लड़ने के लिए मिल रहे अमेरिकी मदद की आलोचना करते रहे हैं। सत्ता में आने के बाद वे यूक्रेन पर जंग को रोकने का दबाव बना रहे हैं।

**ट्रंप ने यूक्रेन से फिर मांगा रेयर मटेरियल**

इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने फिर से यूक्रेन के खनिज को हासिल करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था कि यदि यूक्रेन को अमेरिकी मदद चाहिए तो उसे 500 बिलियन डॉलर के रेयर अर्थ मटेरिलय (दुर्लभ खनिज) अमेरिका को देने होंगे। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को धमकी दी कि यदि उन्होंने ट्रंप की बात नहीं मानी तो अमेरिका यूक्रेन को और मदद देना बंद कर देगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन कमजोर पड़ जाएगा। इसके बाद रूस किसी भी दिन उसे अपने में मिला सकता है। ट्रंप इससे पहले भी कह चुके हैं कि अमेरिका 3 साल से यूक्रेन की आर्थिक मदद कर रहा है।

एयरो इंडिया शो-2025 के समापन समारोह में बोले रक्षा मंत्री

# परिवर्तन के दौर से गुजरता भारत बना दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्रः सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बेंगलुरु में चल रहे एयरो इंडिया शो-2025 के समापन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत ऐसे क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है। जिसमें देश में लड़ाकू विमानों, मिसाइल सिस्टम और नौसेना के प्लेटफार्म न केवल सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं।

बल्कि ये पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस कार्यक्रम ने जिन ऊंचाईयों को छुआ है। वो अद्वितीय और ऐतिहासिक भी है। बीते तीन दिनों के अपने अनुभवों को रक्षा मंत्री ने तीन बार ऊर्जा शब्द का उच्चारण कर बताया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान के बारे में जानकारी दी।



**ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल निर्यात कर रहे**

उन्होंने कहा कि भारत करीब एक दशक पहले ऐतिहासिक रूप से अपनी करीब 70 फीसदी जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर था। लेकिन आज सब कुछ बदल चुका है और हम छोटे तोपखाने, हथियारों से लेकर ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल सिस्टम तक का दुनिया के देशों को निर्यात कर रहे हैं। जिसकी मदद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारी नई रक्षा साझेदारियां बढ़ने के साथ ही और अधिक विकसित हो रही हैं। यहां बता दें कि इस वर्ष एयरो इंडिया का बेंगलुरु में 10 से 14 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा है। अब इसके अंतिम दो दिनों में आम जनता के देखने के लिए एयर शो को खोला जाएगा। जिसमें भारत समेत दुनिया के कई देशों के सैन्य विमानों के अनोखे हवाई करतब देखने को मिलेंगे।

**ब्रह्मोस का जादू दुनिया के सिर चढ़ा**

### फिलीपींस करार कर चुका, यूएई मिस्र और कई देशों ने दिखाई रुचि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का जादू तमाम देशों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यूएई, सऊदी अरब, वियतनाम, मिस्र और इंडोनेशिया जैसे देश इसे खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं।

फिलीपींस तो पहले ही ब्रह्मोस खरीद का करार कर चुका है और पिछले साल ही उसे इन मिसाइलों की डिलिवरी भी शुरू हो चुकी है। ध्वनि से 3 गुना तेज रफ्तार वाली दुनिया की इकलौती सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस को खरीदने के लिए इंडोनेशिया की बातचीत तो अभी शुरुआती दौर में है लेकिन एक अन्य देश के साथ बातचीत अंतिम दौर में है।

यूएई, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्र और वियतनाम भी ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। मिडल ईस्ट के देश मिसाइल के लैंड वर्जन में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। इंडोनेशिया के साथ एकदम शुरुआती चरण में है।

**यह मिसाइल रडारों को चकमा देने में सक्षम**

ब्रह्मोस मिसाइल को भारत ने रूस के साथ मिलकर बनाया है। ये ध्वनि की गति से तीन गुना तेज रफ्तार से दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने में सक्षम है। ये मिसाइल नेवी, आर्मी और एयर फोर्स तीनों के लिए काफी कारगर है। भारत के पास ब्रह्मोस मिसाइल की सतह, समुद्र और हवा वाले तीनों ही वर्जन हैं। यह जहाजों पर भी हमला कर सकती है। इसका निर्माण भारत के डीआरडीओ

**500 किलोमीटर तक की मारक क्षमता**

ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज की बात करें तो इसका एयर वर्जन 400 से 500 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है। लैंड और सी वर्जन की मिसाइलों की रेंज 800 से 900 किलोमीटर है। भारत अब इसकी रेंज बढ़ाकर 1500 किलोमीटर करने की दिशा में काम कर रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल सतह से न्यूनतम 10 मीटर और अधिकतम 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ान भरते हुए हमले कर सकती है।

---

*एलएंडटी चेयरमैन फिर चर्चा में अब बोले*

## लोग दफ्तर नहीं जाना चाहते श्रमिकों की काम में रुचि नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यम का फिर एक बयान चर्चा में है। मंगलवार को सी आ ई आ ई साउथ ग्लोबल लिंकेज शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि भारतीय श्रमिक, जिनमें तकनीकी विशेषज्ञ भी शामिल हैं, नौकरी के लिए आगे बढ़ने से हिचकिचाते हैं। इससे उद्योग के लिए चुनौतियां पैदा होती हैं।

**श्रमिकों को काम पर रखने के तरीके बदले**

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि जहां कई देश प्रवास की समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं भारत में लोगों के काम के लिए आगे बढ़ने से अनिच्छुक होने की एक अनूठी समस्या है। जन धन बैंक खातों, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, गरीब कल्याण योजना और मनरेगा योजना जैसी योजनाएं श्रमिकों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करते हैं। इसके कारण श्रमिकों में नौकरी करने इच्छा खत्म हो रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को काम पर रखने के पारंपरिक तरीके बदल गए हैं, जिसमें डिजिटल संचार अब महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

पीएम नेतन्याहू के विश्वस्त आमिर ओहाना बोले

## भारत, इजराइल सिर्फ रणनीतिक साझेदार नहीं बल्कि भावनात्मक तौर से भी एक हैं

एजेंसी ▶▶ लोद



इजराइल के संसद 'नेसेट' के स्पीकर आमिर ओहाना ने कहा है कि भारत और इजराइल न केवल कई क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदार हैं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों में मधुरता और ईमानदारी है। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के करीबी विश्वासपात्र माने जाने वाले ओहाना ने भारत को 'बड़ा एवं शक्तिशाली' देश और इजराइल को 'छोटा एवं रचनात्मक' देश माना। उन्होंने भारत और इजराइल के बीच संबंधों को मजबूत एवं गहरा करने में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की 'कड़ी मेहनत' को श्रेय दिया। मार्च 2023 में अपनी भारत यात्रा को याद करते हुए 'नेसेट' के स्पीकर ने कहा कि मैंने 'नेसेट स्पीकर' के रूप में कार्यभार संभालने के बाद अपनी विदेश यात्रा के लिए भारत को प्रथम गंतव्य के रूप में चुना। यह पहली यात्रा हमारे संबंधों में भारत के महत्व को भी दर्शाती है।

**दोनों देशों के बीच संबंध मधुर और ईमानदार**

उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान और उसके बाद भी भारत के प्रति भावनाएं और अधिक गहरी हुई हैं। भारत न केवल कई क्षेत्रों में इजराइल का रणनीतिक साझेदार है, बल्कि यह एक ऐसा देश है जिसके साथ हमारे देश के लोगों के बीच संबंध मधुर और ईमानदार हैं। वे यहां महाराष्ट्र क्षेत्र से आए बेने इजराइल समुदाय के उन भारतीय यहूदियों को संबोधित कर रहे थे, जो मंगलवार शाम को 'मालिडा' की सदियों पुरानी भारतीय परंपरा का जश्न मनाने के लिए आए थे।

## कंधे पर बैठे बेटे ने मस्क के पकड़े कान



**वॉशिंगटन।** एलन मस्क अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने कुछ अलग अंदाज में नजर आए। ट्रंप के सामने खड़े एलन मस्क के कंधे पर उनका बेटा बैठा हुआ दिखाई दे रहा था। इसे देख ट्रंप भी हैरान रह गए। ये पल बेहद खूबसूरत दिखा। कंधे पर बैठा उनका बेटा जम्हाई लेते नजर आ रहा है। इस दौरान उसने अपने पिता का कान भी पकड़ा।

### मार्च में वापस आएंगे सुनीता और विल्मोर

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्द ही स्पेस स्टेशन ने वापस लौटेंगे। नासा ने मंगलवार को बताया कि मार्च के बीच में उन्हें वापस लाया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री बीते 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं। उन्हें स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापस लाया जाएगा। सुनीता विलियम्स पिछले साल 5 जून को बुच विल्मोर के साथ आईएसएस पर पहुंची थीं। उन्हें एक सप्ताह के बाद लौटना था। दोनों बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल के टेस्ट के लिए गए थे, लेकिन इसमें खराबी आने के बाद दोनों वहीं रुक गए। इसके बाद से दोनों वहीं फंसे हुए हैं। इससे पहले सुनीता और बुच विल्मोर को फरवरी 2025 में लाने का कहा था।




भारत-फ्रांस के राष्ट्राध्यक्षों ने मजारग्यूस युद्ध समाधि स्थल पर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

# मार्सिले में खुला भारत का नया महावाणिज्य दूतावास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को संयुक्त रूप से मार्सिले में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए प्रवासी भारतीय समुदाय ने दोनों नेताओं का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस विशेष अवसर पर फ्रांस के राष्ट्रपति की मौजूदगी की सराहना की। जुलाई 2023 में मार्सिले में इस महावाणिज्य दूतावास को खोलने की घोषणा की गई थी। मुख्य रूप से इस दूतावास के पास फ्रांस के दक्षिणी भाग में



प्रोवेंस आल्प्स कोटे डीजूर, कोर्सिका, ओसीटानी और ऑवर्गे रोन आल्प्स के साथ ही चार प्रशासनिक क्षेत्रों का वाणिज्य दूतावास क्षेत्राधिकार होगा।

**रणनीतिक साझेदारी को मजबूती मिलेगी**

मार्सिले फ्रांस का दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर है। ऐसे में यहां खोला गया यह नया वाणिज्य दूतावास भारत और फ्रांस की बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। फ्रांस का ये क्षेत्र व्यापार, उद्योग, ऊर्जा और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। भारत के साथ इसके महत्वपूर्ण आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंध हैं।

**शहीदों को दी श्रद्धांजलि**



मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने सुबह मार्सिले में मजारग्यूस युद्ध समाधि स्थल पर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यह स्थल यूरोप में शांति के लिए लड़ने वाले भारतीय सैनिकों की वीरता और बलिदान के इतिहास को संजोए हुए है। उनकी वीरता आज भी लोगों को प्रेरित करती है। यह स्थल दोनों देशों के आमजन के बीच गहरे संबंधों का प्रतीक है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109